




हिन्दी दैनिक
# प्रत्यूष नवबिहार
जोहार
रांची संस्करण
www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com
रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित
रांची • शुक्रवार • 06.06.2025 • वर्ष : 15 • अंक : 312 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये



# हजारीबाग पुलिस को मिली बड़ी सफलता, 14 किलो अफीम के साथ छह तस्कर गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** हजारीबाग पुलिस को अवैध मादक पदार्थ की तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता हाथ लगी जहां अफीम की तस्करी करने वाले 6 तस्करों को पुलिस ने करीब 14.900 किलोग्राम के साथ गिरफ्तार किया है। इस बाबत हजारीबाग पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने प्रेसवार्ता कर जानकारी देते हुए बताया कि हजारीबाग पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि शहर में कुछ लोग अफीम की खरीद बिक्री करने वाले हैं जिसका सत्यापन के लिए सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया। जिसके माध्यम से जगह जगह छापामारी किया गया इस दौरान हजारीबाग के कोर्रा थाना क्षेत्र से 2.5 किलोग्राम अफीम, कट 21.700 किलोग्राम, 66 हजार रुपए नकद, 3 पीस एंड्रॉयड मोबाइल 1 स्कूटी के साथ अभियुक्त राहुल यादव, मो इरशाद को गिरफ्तार किया लोहसिंहना थाना क्षेत्र से 10 किलो 600 ग्राम अफीम , कट 6.870 किलोग्राम , 2 ओप्पो कंपनी का स्मार्ट मोबाइल 1 वीवो कंपनी का स्मार्ट मोबाइल फोन , 1 यामाहा कंपनी का एम टी 15 मोटरसाइकिल के साथ आरोपित अविनाश कुमार, राहुल पाण्डेय मुफस्सिल थाना क्षेत्र से अफीम 1.800, दो स्मार्ट मोबाइल फोन, एक काला रंग का बुलेट के साथ पिंटू कुमार दांगी एवं मुकुल दांगी को गिरफ्तार किया हैं। तीनों थाना क्षेत्र में हुए छापामारी में 14.9 किलोग्राम, कट ( अफीम में मिलाने वाला रसायन ) 28.57 , नकद 66000 रुपया, दो मोटरसाइकिल एक स्कूटी, मोबाइल 6 पीस, माप तौल की एक मशीन के साथ कुल छह अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया मामले के बाबत प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए अंजन ने कहा कि किसी भी तरह के अवैध कार्यों को संचालित करने वाले लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। वैसे लोगों को चिन्हित करके कारवाई करने की तैयारी की जा रही है। जिसके चलते समाज में इस तरह का नशा फैल रहा है उक्त छापामारी दल में सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित आनंद, मुफस्सिल थाना प्रभारी कुणाल किशोर, कोर्रा थाना प्रभारी शमशेर बहादुर , लोहसिंहना थाना प्रभारी पुन्नू यादव सहित मुफ्फसिल थाना, कोर्रा थाना, लोहसिंहना थाना सशस्त्र बल शामिल थे।

## एक नजर

### बैंक ऑफ इंडिया अधिकारी संघ की मेगा क्लस्टर मीटिंग संपन्न

**हजारीबाग :** बैंक ऑफ इंडिया अधिकारी संघ, झारखंड राज्य इकाई के हजारीबाग अंचल द्वारा अपने सम्मानित अधिकारियों के लिए एक भव्य मेगा क्लस्टर मीटिंग का आयोजन होटल विनायक, हजारीबाग में किया गया। इस महत्वपूर्ण और गरिमामय आयोजन में हजारीबाग अंचल के चारों जिलों—हजारीबाग, रामगढ़, चतरा, और कोडरमा—से 225 से अधिक अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। *यह उल्लेखनीय है कि बैंक ऑफ इंडिया अधिकारी संघ, झारखंड राज्य इकाई अपने अधिकारियों की समस्याओं को सुनने, उनके कल्याण के लिए निरंतर प्रयास करने, और बैंकिंग उद्योग में हो रहे नवीनतम विकास से उन्हें अवगत कराने के लिए अपने पांचों अंचलों में इस प्रकार के समारोह नियमित रूप से आयोजित करता रहा है। इस मीटिंग का प्रमुख उद्देश्य अधिकारियों की समस्याओं को गहराई से समझना, उनके समाधान हेतु ठोस कदम उठाने की दिशा में विचार-विमर्श करना, और उन्हें बैंकिंग उद्योग के वर्तमान परिदृश्य, नवाचारों, और तकनीकी प्रगति से परिचित कराना था। इस अवसर पर फेडरेशन ऑफ बैंक ऑफ इंडिया के झारखंड इकाई के महासचिव प्रकाश उरांव को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। उरांव ने अधिकारियों की समस्याओं को अत्यंत संवेदनशीलता और ध्यानपूर्वक सुना। उन्होंने अपने प्रेरक और सूचनात्मक संबोधन में बैंकिंग क्षेत्र के वर्तमान रुझानों, चुनौतियों, और अवसरों पर प्रकाश डाला, जिसने उपस्थित अधिकारियों को न केवल प्रेरित किया, बल्कि उन्हें उद्योग के बदलते परिदृश्य को गहराई से समझने में भी सहायता प्रदान की।

### विनोबा भावे विवि में प्लास्टिक उंन्मुलन विषय पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

**हजारीबाग :** विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक नया कदम उठाते हुए, विनोबा भावे विश्वविद्यालय परिसर में गुरुवार को प्लास्टिक उन्मूलन अभियान की शुरूआत एक कार्य शाला के माध्यम से की गई। इस अभियान का उद्देश्य परिसर में प्लास्टिक कचरे को कम करना और छात्रों को पुनः उपयोग के लिए प्रेरित करना है। इस अभियान के अंतर्गत छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों को प्लास्टिक की बोतलें, कंटेनर और अन्य वस्तुएँ फेंकने के बजाय दोबारा उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। जंतु विभाग के सहयोग से परिसर में विभिन्न कार्यशालाओं और जागरूकता सत्रों का आयोजन किया गया। जन्तु विज्ञान विभाग में गठित इको क्लब के जनक प्रोफेसर डॉ. किशोर कुमार गुप्ता ने कहा, ह्लछात्रों के व्यवहार में छोटा परिवर्तन भी बड़े बदलाव ला सकता है। प्लास्टिक का पुनः उपयोग पर्यावरणीय संकट को कम करने में सहायक सिद्ध हो सकता है। अभियान के तहत विश्वविद्यालय में रीयूज जोन की स्थापना की गई है, जहाँ छात्र पुराने प्लास्टिक आइटम्स जमा कर सकते हैं और उनसे उपयोगी वस्तुएँ जैसे पेन स्टैंड, गमले, और डस्टबिन बनाए जायेगे। कार्य शाला मे प्रतिभागियों को कई टास्क दिये गए, जैसे दैनिक प्लासटिक से बनी वस्तुओं को सूचि बद्ध करना व उसके कम तथा अन्य विकल्प को तलाशना। कल माइक्रो पल्सटिक के बारे में चर्चा होगी। इसे सफल बनाने मे धीरज कुमार मंडल, मनत कुमार, देवयांशु कुमार, शेखर सुमन सना, पायल , अमन राजेन्द्र , सुप्रिया, तथा अन्य छात्रों ने अहम भूमिका निभाया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस पहल को स्थायी रूप से लागू करने की योजना बनाई है।

# राज्य टॉपर बनी हजारीबाग की श्रेया आनंद, सरकारी स्कूल से पढ़कर झारखंड में हासिल किया चौथा स्थान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** झारखंड एकेडमिक काउंसिल की 12 वीं कक्षा के कला संकाय के परिणाम गुरुवार को घोषित किए गए। इस बार हजारीबाग जिले के पदमा प्रखंड स्थित रामनारायण प्लस टू विद्यालय की छात्रा श्रेया आनंद ने 500 में से 464 अंक प्राप्त कर राज्य भर में चौथा स्थान प्राप्त किया है। श्रेया की इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार में बल्कि पूरे जिले में खुशी और गर्व का माहौल है। यह उपलब्धि साधारण ग्रामीण परिवेश और सरकारी विद्यालय में पढ़ाई करके हासिल की है। परिणाम घोषित होने के बाद उनके गांव में जश्न जैसा माहौल है। रिश्तेदार और गांव वाले उनके घर पहुंचकर बधाई दे रहे हैं। श्रेया ने प्रत्यूष नवबिहार से बातचीत में अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, मुझे उम्मीद थी कि जिले में अच्छा रैंक आएगा, लेकिन जब पूरे राज्य में स्थान मिला तो बहुत ही खुशी हुई। श्रेया ने बताया कि वह पिछले दो वर्षों से नियमित रूप से स्कूल के साथ-साथ घर पर भी हर दिन 5 से 6 घंटे पढ़ाई करती थीं। उनकी इस मेहनत का ही नतीजा है कि आज उन्होंने पूरे राज्य में टॉप रैंक प्राप्त किया है। श्रेया आनंद एक निम्न मध्यमवर्गीय परिवार से ताल्लुक रखती हैं। उनके पिता नवल किशोर सिंह गांव में पारा शिक्षक के रूप में कार्यरत थे और वर्ष 2022 में सेवानिवृत्त हो चुके हैं। उनकी माता एक गृहिणी हैं। परिवार का खर्च मुख्य रूप से पिता की ट्यूशन और खेती पर निर्भर है। परिणाम आने के बाद नवल किशोर सिंह भावुक हो गए और कहा, हमने हमेशा कोशिश की कि उसकी पढ़ाई न रुके। आज उसकी मेहनत रंग लाई है। भविष्य को लेकर श्रेया ने कहा कि वह एक सरकारी अधिकारी बनना चाहती हैं ताकि समाज की सेवा कर सकें और अपने परिवार का नाम रोशन कर सकें।

### पदमा की बेटी प्रेरणा ने रचा इतिहास जैक बोर्ड में कला संकाय की बनी दूसरी टॉपर

**पदमा :** झारखंड की शिक्षा व्यवस्था में एक बार फिर हजारीबाग की धरती ने कमाल कर दिखाया है। जिले के पदमा प्रखंड स्थित आर.एन. प्लस टू हाई स्कूल पदमा की छात्रा प्रेरणा ने जैक बोर्ड की 12वीं परीक्षा में कला संकाय में पूरे राज्य में दूसरा स्थान प्राप्त कर न सिर्फ अपने स्कूल बल्कि पूरे जिले का नाम रोशन कर दिया है। प्रेरणा ने कुल 470 अंक प्राप्त कर यह सफलता बिना किसी कोचिंग के, सिर्फ घर पर पढ़ाई कर हासिल की है। इससे पहले 10वीं कक्षा में भी प्रेरणा अपने स्कूल की टॉपर रह चुकी हैं।

### शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज प्रकरण को डीसी ने बताया दुर्भाग्यपूर्ण

**हजारीबाग :** गत दिनों शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज हजारीबाग में प्रसव कराने आई चलकुशा प्रखंड की महिला का प्रसव के लिए प्रसव कक्ष का दरवाजा नहीं खोलने की घटना पर उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल संज्ञान लिया है। उन्होंने शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक से वार्ता कर अभिलंब जांच टीम गठित करने तथा विस्तृत जांच रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है, उन्होंने कहा है कि इस प्रकार की घटना दुर्भाग्यपूर्ण है तथा जांच रिपोर्ट में पाए जाने वाले दोषियों पर कड़े प्रावधानों के तहत कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा है कि इस प्रकार की घटना की पुनरावृति न हो इसको लेकर प्रबंधन सतर्क रहे।

# पर्यावरण संरक्षण हमारा सामूहिक दायित्व है, हर व्यक्ति एक पौधा लगाए मां के नाम पर : विधायक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने हरियाली महोत्सव 2025 का भव्य शुभारंभ किया। इस महोत्सव के अंतर्गत उन्होंने 1,51,000 पौधे लगाने एवं वितरण करने का संकल्प लिया है। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की पर्यावरणीय पहल एक पौधा माँ के नाम से प्रेरित है, जिसे विधायक श्री प्रसाद ने जनभागीदारी से जोड़ते हुए एक जन आंदोलन का स्वरूप देने का निर्णय लिया है। इस अवसर पर विधायक प्रदीप प्रसाद ने अपने कार्यालय परिसर में एक विस्तृत प्रेस वार्ता का आयोजन किया। पत्रकारों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 में उन्होंने हरियाली महोत्सव की शुरूआत एक लाख पौधे लगाने और वितरित करने के संकल्प के साथ की थी। यह संकल्प उन्होंने अक्टूबर 2024 तक पूर्ण कर लिया। इस अभियान की सफलता और उद्देश्य की जानकारी उन्होंने स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को दी, जिन्होंने इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे एक अनुकरणीय पहल बताया। प्रधानमंत्री से प्राप्त इस प्रेरणा के बाद विधायक प्रसाद ने वर्ष 2025 में हरियाली महोत्सव को और अधिक विस्तार देने का निश्चय किया है, जिसके अंतर्गत 1,51,000 पौधों का रोपण एवं वितरण किया जाएगा। विधायक ने बताया कि इस महोत्सव के अंतर्गत फलदार, छायादार और औषधीय पौधों को प्राथमिकता दी जा रही है, जिनमें नीम, आम, अमरूद, जामुन, पीपल और बड़ जैसे पौधे शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह केवल पौधारोपण का कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक सतत अभियान है,इस कार्य में भाजपा के सभी नेता, कार्यकर्ता, विद्यालयों, महाविद्यालयों, स्वयंसेवी संस्थाओं तथा आम जनमानस का सक्रिय सहयोग लिया जा रहा है।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर लगाया गया फलदार एवं लाभकारी पौधों



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण :** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गुरुवार को प्रखण्ड के बच्छई पंचायत के डुमरी व ओबरा में वृक्षारोपण किया गया। बच्छई पंचायत के नव प्राथमिक विद्यालय ओबरा परिसर में बच्छई पंचायत के मुखिया बिरेन्द्र रजक , हरियाली दूत दिनेश साहू, वन विभाग के प्रभारी वन पाल पंकज कुमार ने संयुक्तरूप से वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण को लेकर लोगों को प्रेरित किया। मौके पर ग्रामीणों व बच्चों द्वारा पौधा संरक्षण की जिम्मेवारी ली गई। मौके पर उपस्थित स्थानीय मुखिया सह मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेन्द्र रजक ने प्रति वर्ष एक पौधा लगाने और उसकी देखभाल करने का आह्वान किया। समिति सदस्य सहदेव प्रसाद यादव ने बढ़ते प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग पर चिंता व्यक्त की। प्रभारी वनपाल पंकज कुमार ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान से जुड़ने का भी आग्रह किया। कार्यक्रम का आयोजन प्रादेशिक वनप्रक्षेत्र द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।

# सभी कांग्रेस जनों को संकल्पित होकर कांग्रेस पार्टी के लिए कार्य करना होगा : मुन्ना सिंह

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**हजारीबाग :** महानगर कांग्रेस पार्टी संगठन सृजन कार्यक्रम और नवनियुक्त पदाधिकारियों के साथ कार्यकारणी की बैठक 5 जून दिन बृहस्पतिवार को कृष्ण वल्लभ आश्रम कांग्रेस कार्यालय में हजारीबाग महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष मनोज नारायण भगत के अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और विशिष्ट अतिथि में कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष शहजादा अनवर, एस सी सेल के प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान, प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा, प्रदेश सचिव शांतनु मिश्रा, पूर्व मंत्री योगेंद्र साव रहे और हजारीबाग नगर के चुनाव पर्यवेक्षक मुन्ना सिंह और प्रदेश और जिला के पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में सबसे पहले नवनियुक्त नगर के पदाधिकारियों को नियुक्त पत्र और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।आज नगर कमेटी का प्रदेश और जिला से अनुमोदन प्राप्त हुआ। जिसमें मुख्य रूप से उपाध्यक्ष परवेज अहमद, मुंगेश्वर चौधरी, महासचिव सीताराम यादव, अजय मेहता, बबलू सिंह, सोनू वर्मा, मो. मौजीब, अभय यादव,गणेश रजक, गोपाल कृष्ण मिश्रा बनाए गए । इसके बाद प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नवनियुक्त नगरनिगम चुनाव के पर्यवेक्षक मुन्ना सिंह का स्वागत माला,पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र देकर स्वागत किया गया। बैठक में विशेष तौर पर कांग्रेस संगठन की विस्तारीकरण और सुदृढ़ीकरण को लेकर व्यापक स्तर पर चर्चा परिचर्चा की गई। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने उपस्तिथि पार्टी के पदाधिकारीयो का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि संगठन की मजबूती के लिए यह जरूरी है कि वार्ड से लेकर बूथ स्तर तक ज्यादा से ज्यादा लोगों को कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई जाए। सभी कार्यकताओं ने एक स्वर में राहुल गांधी के नेतृत्व में संविधान बचाने का संकल्प लिया और प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी के जाति जनगणना कराने के मांग को अंततः केंद्र सरकार मांग ली है इसके लिए राहुल गांधी का विशेष योगदान रहा है इस बात को हर एक वार्ड,हर एक मोहल्ला में पहुंचाना है। कांग्रेस की नीति और सिद्धांत को आम जनता तक पहुंचाना है। इस अवसर पर महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष मनोज नारायण भगत ने कहा की पार्टी के संगठन को हर वार्ड स्तर पर पुराने लोगों के साथ साथ नए लोगों को भी जोड़ना है और सरकार के लाभकारी योजना लाभ अंतिम वर्ग तक पहुंचे इसके लिए संगठन को मदद करना है। इस अवसर पर नगरनिगम पर्यवेक्षक मुन्ना सिंह ने कहा कि अब समय आ गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर उपविकास आयुक्त ने किया पौधारोपण



**हजारीबाग :** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद, अपर समाहर्ता संतोष कुमार सिंह, सदर एसडीएम वैद्यनाथ कामती, सदर सीओ मयंक भूषण एवं खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी चंद्र प्रकाश गुग्गी ने समाहरणालय परिसर में वृक्षारोपण किया। हर साल 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। उप विकास आयुक्त ने इस अवसर पर कहा कि यह दिन प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी को याद दिलाता है और पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करता है।

### सूरजपुर में उपायुक्त के पहल से ट्रांसफार्मर का हुआ अधिष्ठापन, ग्रामीणों ने जताया आभार



**हजारीबाग :** बिजली आज के परिवेश में मानव जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। बिजली के आभाव में जनजीवन में प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसी क्रम में पदमा प्रखंड का सूरजपुर गांव गत 22 दिनों से ट्रांसफार्मर के खराब होने के कारण ग्रामीण अंधेरे में रह रहे थे। इस संबंध में ग्रामीणों ने उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह से संपर्क किया तथा बिजली बहाल करने की गुहार लगाई,इस पर उपायुक्त ने तत्काल संज्ञान लेते हुए बिजली विभाग को अविलंब ट्रांसफॉर्मर अधिष्ठापन के निर्देश दिए। फलस्वरूप कल सूरजपुरा गांव में ट्रांसफार्मर अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। ग्रामीणों ने उपायुक्त के त्वरित कारवाई पर धन्यवाद दिया है।

### पर्यावरण दिवस पर अदाणी फॉउंडेशन ने लगाए पौधे



**हजारीबाग :** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अदाणी फॉउंडेशन ने गुरुवार को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। इसके तहत परियोजना के अधिकारियों और कर्मियों ने अदाणी कार्यालय, चंदौल स्थित सरकारी विद्यालय और बड़कागांव के अंबेडकर चौक में विभिन्न प्रकार के पांच सौ से अधिक फलदार और छायादार पौधे लगाए, जिससे परिसर हरा-भरा हो गया। अदाणी फाउंडेशन ने इस अवसर पर पौधारोपण करके पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई। कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों ने कहा कि अदाणी फाउंडेशन के इस प्रयास से इलाके में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। इस अवसर पर वक्ताओं ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और अगली पीढ़ी के लिए पर्यावरण बचाने की अपील की। कार्यक्रम में अदाणी फाउंडेशन की ओर से विभिन्न जगहों पर करीब 500 जामुन, आम, गुलमोहर, नारियल, अमरूद, लीची, कटहल, करौंज आदि के पौधे लगाए गए और ग्रामीणों के बीच उसका वितरण किया गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने पर्यावरण बचाने की शपथ ली कि वह अपने जीवन में एक पौधा जरूर लगाएंगे। इसके अलावा परियोजना प्रभावित बच्चों, सेना और अर्धसैनिक बलों की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए पेंटिंग और स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साह बढ़ाया गया। इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस के थीम पर आधारित विभिन्न कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। सभी लोगों ने प्लास्टिक के कम से कम इस्तेमाल करने की शपथ ली। इस वर्ष का थीम भी प्लास्टिक प्रदूषण से निपटने पर केंद्रित है। हाल ही में किए गए शोध से पता चला है कि माइक्रोप्लास्टिक अब पृथ्वी पर मौजूद लगभग हर चीज में मौजूद है, जिसमें मानव मस्तिष्क भी शामिल है। इसीलिए इस वर्ष का विश्व पर्यावरण दिवस प्लास्टिक प्रदूषण से निपटने का आह्वान करता है। कार्यक्रम में परियोजना प्रमुख पुंडरिक मिश्रा, सेवानिवृत डीएसपी जितेंद्र दूबे, डीजीएम एसके सिंह, कुमार विवेक, मैनेजर दीपक झा, डिप्टी मैनेजर सचिन सिंह, संतोष तिवारी, सहायक प्रबंधक शरद मिश्रा, रोहन रंजन, तारकेश्वर शर्मा समेत अन्य अधिकारी, कर्मचारी और ग्रामीण मौजूद थे।

### पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक का होना चाहिए मूल दायित्व : मनीष जायसवाल



**हजारीबाग :** विश्व पर्यावरण दिवस- 2025 के अवसर पर हजारीबाग झील स्थित ओपन एम्फीथिएटर में वन विभाग हजारीबाग पश्चिमी प्रमंडल द्वारा एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल और विशिष्ट अतिथि के रूप में सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, पर्यावरणविद् सह न्यू ह्यूमन फाउंडेशन के डॉ. सत्यप्रकाश, भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता सहित बतौर सम्मानित अतिथि क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक, हजारीबाग रविंद्र नाथ मिश्रा, वन प्रमंडल पदाधिकारी, हजारीबाग पूर्वी विकास कुमार उज्जवल, वन प्रमंडल पदाधिकारी, हजारीबाग पश्चिमी मौन प्रकाश, एवं वन प्रमंडल पदाधिकारी, वन्यप्राणी प्रमंडल, हजारीबाग सूरज कुमार सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग सम्मिलित हुए और सबों ने अपने हिस्से का एक पौधा भी लगाया। सांसद मनीष जायसवाल ने खुद अपने हिस्से का फलदार पौधा लगाया। मौके पर सांसद मनीष जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक व्यक्ति के दैनिक दिनचर्या का मूल दायित्व होना चाहिए। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि हमें सभी को आज पर्यावरण दिवस के दिन पर्यावरण के संरक्षण, संवर्द्धन एवं विकास के लिए हमें न सिर्फ संकल्प लेना चाहिए।

हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • शुक्रवार • 06.06.2025 • वर्ष : 15 • अंक : 312 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## एक नजर

### एसीबी ने ग्रामीण विकास विभाग के इंजीनियर को रिश्वत लेते किया गिरफ्तार

**रांची :** एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने गुरुवार को रांची में बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्रामीण विकास विभाग के कार्यपालक अभियंता सनोथ सोरेन को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। अभियंता को 60 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया। जानकारी के अनुसार, यह मामला बिल के भुगतान से जुड़ा है। एक ठेकेदार का लंबे समय से काफी बिल बकाया था। बिल की राशि रिलीज कराने के एवज में अभियंता सनोथ सोरेन द्वारा 60 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की जा रही थी। इसकी शिकायत एसीबी से की गई, जिसके बाद टीम ने जाल बिछाकर कार्रवाई की और अभियंता को रिश्वत लेते हुए धर दबोचा। एसीबी ने अभियंता को हिरासत में लेकर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। मामले की विस्तृत जांच जारी है।

### ईडी ने 190 करोड़ की बैंक धोखाधड़ी मामले में दिल्ली, यूपी, हरियाणा में की छापेमारी

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 190 करोड़ रुपये की कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में दिल्ली, उत्तर प्रदेश और हरियाणा में 10 ठिकानों पर छापेमारी की है। ये मामला श्री सिद्धदाता इस्पात प्राइवेट लिमिटेड से संबंधित है। कंपनी पर आरोप है कि उसने बैंक ऑफ बड़ौदा के साथ धोखाधड़ी की। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि ईडी के अधिकारी दिल्ली, उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद और नोएडा तथा हरियाणा के पानीपत में कम से कम दस जगहों पर तलाशी ले रहे हैं। ये ठिकानें कंपनी से जुड़े निदेशकों, प्रमोटरों, साझेदारों, ऑडिटरों और अन्य साजिशकर्ताओं से जुड़े हैं, जिनकी जांच 190 करोड़ रुपये के कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में की जा रही है। ये मामला श्री सिद्धदाता इस्पात प्राइवेट लिमिटेड और अन्य से संबंधित है, जिसमें बैंक ऑफ बड़ौदा (पूर्व में देना बैंक) के साथ धोखाधड़ी किए जाने का आरोप है। श्री सिद्धदाता इस्पात प्राइवेट लिमिटेड कंपनी स्टील उत्पादों का निर्माण करती है। हालांकि, प्रमोटरों से उनके खिलाफ ईडी की कार्रवाई पर टिप्पणी के लिए तुरंत संपर्क नहीं किया जा सका।

### ऑटो पर पलटा बेकाबू ट्रक, सात की मौत

**भोपाल :** मध्य प्रदेश के रीवा जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर सोहागी पहाड़ क्षेत्र में गुरुवार को दोपहर में एक सीमेंट पिलर से लदा तेज रफ्तार बल्कर ट्रक साइड से चल रहे ऑटो रिक्शा पर पलट गया। इस हादसे में ऑटो रिक्शा में सवार सात लोगों की मौत की हो गई जबकि तीन अन्य घायल हुए हैं। मृतकों में दो पुरुष, एक महिला और चार बच्चे शामिल हैं। मौके पर पहुंची पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, मऊगंज के नई गढ़ी के रहने वाले कुल 10 लोग ऑटो में सवार होकर प्रयागराज से गंगा स्नान कर वापस लौट रहे थे। बल्कर भी प्रयागराज से रीवा की ओर आ रहा था। इसी दौरान उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की सीमा पर सोहागी घाटी से गुजरते वक्त ट्रक ने ऑटो को ओवरटेक किया और वह अनियंत्रित होकर ऑटो के ऊपर पलट गया।

## पर्यावरण दिवस पर रांची को मिला सिरमटोली फ्लाईओवर का तोहफा, सीएम ने किया उद्घाटन

# सुरक्षित पर्यावरण से ही मानव जीवन को बचाया जा सकता है : हेमन्त सोरेन



विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण करते सीएम (बाएं) व सिरमटोली फ्लाईओवर का उद्घाटन करते सीएम (दाएं)

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि रांची स्थित सिरमटोली फ्लाईओवर का नाम अब आदिवासी नेता कार्तिक उरांव के नाम पर रखा जाएगा। सीएम ने कहा, इस तरह हम अपने पूर्वजों को सम्मान देने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन सिरमटोली पहुंचने के बाद सबसे पहले पूजा में बैठे, इसके बाद फीता काटकर और शिलापट का अनावरण कर सिरमटोली फ्लाईओवर उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि रांची स्थित सिरमटोली फ्लाईओवर का नाम अब आदिवासी नेता कार्तिक उरांव के नाम पर रखा जाएगा। सीएम ने कहा, इस तरह हम अपने पूर्वजों को सम्मान देने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री गुरुवार को रांची के फॉरेस्ट ऑफिस कॉम्प्लेक्स, डोरंडा स्थित वन भवन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। दोपहर 12 बजे से शुरू हुए इस कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण और हरित विकास जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने पौधा वितरण की नई परंपरा की शुरूआत करते हुए कहा कि गुलदस्तों की जगह पौधे भेंट करना ज्यादा सार्थक है।

### प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड की पहचान उसकी हरियाली, नदियों और पहाड़ों से है। हम पारंपरिक रूप से पर्यावरण के साथ रचे-बसे हैं, लेकिन आज कई कारणों से पर्यावरण को बड़ा नुकसान हुआ है। ऐसे में विश्व पर्यावरण दिवस का महत्व और भी बढ़ जाता है, सीएम ने प्लास्टिक पर भी चिंता जताई और कहा कि एक समय ऐसा था जब प्लास्टिक नहीं था और जीवन सामान्य रूप से चलता था। आज प्लास्टिक हमारे जीवन के लिए खतरा बन गया है। इससे निपटने के लिए हमें कानून के साथ-साथ मानसिक प्रतिबद्धता भी विकसित करनी होगी।

### शहरीकरण और योजनाएं

शहरीकरण के कारण उत्पन्न समस्याओं की ओर इशारा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज शहरों में लोगों के चलने तक की जगह नहीं है। ऐसे में फ्लाईओवर, अंडरपास और डैम बनाना मजबूरी बन जाती है। लेकिन जमीन अधिग्रहण महंगा होता है और आम लोगों को समस्याएं झेलनी पड़ती हैं। हम एक जिम्मेदार सरकार हैं और सभी योजनाएं इन्हीं समस्याओं को ध्यान में रखते हुए बनाते हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा सिरमटोली फ्लाईओवर पर भी टिप्पणी की और कहा कि इसे लेकर कई तरह की चर्चाएं होती रहीं, लेकिन सरकार जनता की सुविधा के लिए काम कर रही है, न कि राजनीतिक लाभ के लिए। हम किसी समस्या की बलि देकर राजनीति चमकाने वालों में नहीं हैं। सीएम ने कहा शिक्षा के क्षेत्र में हुई प्रगति का भी उल्लेख करते हुए कहा कि झारखंड के गरीब और मजदूर परिवारों के बच्चे आज 92-94 प्रतिशत अंक लाकर 'सीएम एक्सीलेंस' की सूची में आ रहे हैं। हम चाहते हैं कि किसान और मजदूरों के बच्चे भी इंजीनियर बनें। महिला सशक्तिकरण की दिशा में मंईयां सम्मान योजना की चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि किस तरह इस योजना से ग्रामीण महिलाएं आत्मनिर्भर हो रही हैं।

### विदेश यात्रा और सस्ती लोकप्रियता पर टिप्पणी

अपनी हालिया विदेश यात्रा का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि दूसरे देशों की जीवनशैली और विचारधारा अलग है। वहां की कुछ अच्छी बातें हम जरूर सीख सकते हैं, लेकिन झारखंड को वैसा बना देने की बातें सिर्फ सस्ती लोकप्रियता के लिए होती हैं। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि सिर्फ बड़े-बड़े वादे कर देने से सच्चाई नहीं छिपती। साथ ही मुख्यमंत्री ने कहा, विश्व पर्यावरण दिवस पर आज रांची स्थित वन भवन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुआ। सभी को इस अवसर पर बहुत-बहुत बधाई, शुभकामनाएं और जोहार। कार्यक्रम में मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, सिल्ली विधायक अमित महतो समेत कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## बकरीद को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

# 5500 अतिरिक्त जवानों की होगी तैनाती



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड में बकरीद के त्योहार को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। झारखंड पुलिस मुख्यालय ने राज्य के सभी 24 जिलों में कुल 5500 अतिरिक्त जवानों की तैनाती का आदेश दिया है। इन जवानों में सशस्त्र बल से लेकर लाठी बल तक शामिल होंगे, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

राज्य के संवेदनशील जिलों जैसे गिरिडीह, हजारीबाग, पलामू, जमशेदपुर और रांची में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश जारी किए गए हैं। इन जिलों में सुरक्षा बलों की अधिक संख्या में तैनाती की जा रही है। ये अतिरिक्त जवान 6 जून से 8 जून तक के लिए तैनात किए गए हैं, जो बकरीद के त्योहार की अवधि को कवर करेंगे।

### किस जिले में कितने अतिरिक्त बल

सुरक्षा के मद्देनजर रांची में 1200, हजारीबाग में 800, जमशेदपुर में 440, गिरिडीह में 600, लोहरदगा में 210, पलामू में 130, बोकारो में 135, धनबाद में 135, चतरा में 100, खूंटी में 100, दुमका में 110, साहिबगंज में 600, गढ़वा में 90, कोडरमा में 110, चाईबासा में 110, गुमला में 60, सरायकेला में 60, सिमडेगा में 60, लातेहार में 60, रामगढ़ में 60, देवघर में 60, गोड्डा में 60, पाकुड़ में 60 और जामताड़ा में 60 जवानों को लगाया जायेगा। इसके अलावा सभी एसपी को अपने-अपने जिलों में विशेष सर्तकता बरतने को कहा गया है।

## बेंगलुरु भगदड़ मामले में आरसीबी के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**बंगलूरू :** बंगलूरू भगदड़ मामले में आईपीएल फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी), डीएनए (इवेंट मैनेजमेंट कंपनी) और कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) की प्रशासनिक समिति और अन्य के खिलाफ कब्बन पार्क पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज हुई है। एफआईआर में भगदड़ की घटना में आपराधिक लापरवाही की बात कही गई है। समाचार एजेंसी एएनआई ने गुरुवार को बताया कि इस मामले में धारा 105, 125 (1)(2), 132, 121/1, 190 आर/डब्ल्यू 3(5) के तहत शिकायत दर्ज की गई है। बंगलूरू के चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास हुई भगदड़ की मजिस्ट्रेट जांच की जा रही है। इस जांच का नेतृत्व कर रहे बंगलूरू शहरी उपायुक्त (डीसी) जी जगदीश ने गुरुवार को कहा कि कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए), रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पुलिस आयुक्त बी दयानंद को जांच में शामिल होने के लिए नोटिस जारी किया गया है। उन्होंने चिन्नास्वामी स्टेडियम का निरीक्षण किया, जहां बुधवार को भगदड़ मची थी। जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई थी और 50 से अधिक लोग घायल हो गए थे।

# जैक बोर्ड : इंटर आर्ट्स का रिजल्ट जारी साहिबगंज के देव तिवारी बने स्टेट टॉपर



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड अधिविध परिषद (जैक) ने गुरुवार को आर्ट्स संकाय का रिजल्ट घोषित कर दिया है। इस बार 95.62 प्रतिशत बच्चे पास हुए हैं, जो कि पिछले वर्ष (93.16 प्रतिशत) की तुलना में बेहतर है। इस बार कुल 2,28,959 छात्रों ने आवेदन किया था, जिनमें से 2,27,222 ने परीक्षा दी और 2,17,273 छात्र सफल हुए। जैक अध्यक्ष अनिल कुमार महतो ने रिजल्ट जारी किया। साहिबगंज के देव तिवारी 500 में से 481 अंक हासिल कर स्टेट टॉपर बने हैं। वे प्लस टू जेके हाई स्कूल राजमहल के छात्र हैं।

इस साल जैक बोर्ड 12वीं की परीक्षा 11 फरवरी से 4 मार्च तक आयोजित की गई थी। इससे पहले बोर्ड ने 27 मई को मैट्रिक का रिजल्ट और 31 मई को इंटर साइंस और कॉमर्स संकाय का रिजल्ट जारी किया था। इस बार इंटर साइंस में 79.26 प्रतिशत और कॉमर्स में 91.2 प्रतिशत छात्र पास हुए थे।

उल्लेखनीय है कि पिछले साल आर्ट्स में 93.16 प्रतिशत परीक्षार्थी पास हुए थे। कांके प्लस टू हाई स्कूल की जीनत परवीन ने 472 अंकों के साथ स्टेट टॉप किया था। पिछली बार लड़कियों का प्रदर्शन शानदार रहा था। आर्ट्स में 94.22 प्रतिशत लड़कियां पास हुई थीं, जबकि लड़कों का पास प्रतिशत 91.68 प्रतिशत रहा था।

# राष्ट्रपति के देवघर दौरे को लेकर मुख्य सचिव ने की समीक्षा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 10 जून को दो दिवसीय दौरे पर देवघर पहुंच रही हैं। उस दिन वह सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम करेंगी।11 जून को बाबा बैद्यनाथधाम मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद देवघर एम्स के पहले दीक्षांत समारोह में शिरकत करेंगी। दीक्षांत समारोह में शामिल होने के बाद वह असम चली जाएंगी। उनके आगमन की तैयारियों को लेकर गुरुवार को मुख्य सचिव अलका तिवारी की अध्यक्षता में समीक्षा की गयी। मुख्य सचिव ने संबंधित अधिकारियों को राष्ट्रपति के दौरे को यादगार बनाने पर बल देते हुए हर छोटी-बड़ी व्यवस्था को समय रहते चाक चौबंद कर लेने का निर्देश दिया। तैयारियों की समीक्षा के दौरान उन्होंने अबाधित विद्युत व्यवस्था पर



जोर देते हुए राष्ट्रपति के आने-जाने वाले मार्ग के लैम्प पोस्ट, गैबियन और सड़क स्वच्छता पर विशेष फोकस करने पर बल दिया। उन्होंने राष्ट्रपति के आगमन से लेकर प्रस्थान तक की व्यवस्था तय करते हुए उसकी जवाबदेही संबंधित विभागों को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि राष्ट्रपति की सुरक्षा चार आइपीएस अधिकारियों के नेतृत्व में तमाम पुलिसकर्मी संभालेंगे। उसमें आइबी और स्पेशल ब्रांच के अधिकारी भी शामिल रहेंगे। वहीं अन्य व्यवस्था की निगरानी बतौर नोडल पदाधिकारी वाणिज्य कर विभाग के सचिव अमिताभ कौशल करेंगे। पब्लिक एड्रेस सिस्टम की जवाबदेही सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की होगी। इसी तरह समीक्षा के दौरान मंच की व्यवस्था के प्रारूप, राष्ट्रपति के प्रत्येक कार्यक्रम के लिए नोडल पदाधिकारी को नामित करना, देवघर एयरपोर्ट, बाबा मंदिर और एम्स, देवघर में आगवानी और विदाई के दौरान उपस्थित रहनेवाले महानुभावों की सूची, एयरपोर्ट पर रेड कार्पेट और बुके की व्यवस्था, राष्ट्रीय गान की व्यवस्था, कारकेड की व्यवस्था, आउट राइडर्स की व्यवस्था, फोटोग्राफरों के लिए खुली जीप की व्यवस्था, बैगेज वैन एवं बैगेज कर्मी तथा छाता की व्यवस्था, देवघर एयरपोर्ट से परिसदन, बाबा मंदिर और एम्स तक पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था, ध्वनि विस्तारक यंत्र की व्यवस्था और मंच से संबोधित करनेवाले महानुभावों की सूची पर विस्तृत चर्चा के बाद जवाबदेही तय की गयी।

# द सॉल्ट और टाटा ग्रुप ने मिलाया हाथ, अब भारतीय धरती पर तैयार होगी राफेल फाइटर जेट की बॉडी

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** भारतीय रक्षा विनिर्माण क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। फ्रांस की प्रमुख विमान निर्माता कंपनी द सॉल्ट एविएशन ने भारत के टाटा ग्रुप के साथ एक बड़ा समझौता किया है। इस समझौते के तहत अब फाइटर प्लेन राफेल के बॉडी पार्ट भारत में ही बनाए जाएंगे।

### राफेल का 'मेक इन इंडिया' सफर

द दसॉल्ट एविएशन और टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड ने भारत में राफेल लड़ाकू विमान के बॉडी पार्ट के निर्माण के लिए चार 'प्रोडक्शन ट्रांसफर एग्रीमेंट' पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता भारत



की एयरोस्पेस विनिर्माण क्षमताओं को मजबूत करने और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में देश की स्थिति को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### आत्मनिर्भरता की ओर एक बड़ा कदम

यह साझेदारी भारत के एयरोस्पेस बुनियादी ढांचे में एक महत्वपूर्ण निवेश को बढ़ावा देगी। इस कदम को भारत में सामरिक और सैन्य विमानों के निर्माण की दिशा में एक अहम पड़ाव के रूप में देखा जा रहा है। इसका मतलब है कि भविष्य में भारत न केवल राफेल के पुर्जे बनाएगा, बल्कि संभवतः पूरी तरह से अपने सैन्य विमानों का निर्माण करने की क्षमता भी विकसित करेगा। यह 'मेक इन इंडिया' पहल को एक बड़ी गति देगा और भारत को रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में और अधिक आत्मनिर्भर बनाएगा। यह समझौता दोनों कंपनियों के बीच तकनीकी ज्ञान और विशेषज्ञता के आदान-प्रदान को भी सुनिश्चित करेगा, जिससे भारतीय श्रमिकों को उच्च स्तरीय कौशल प्राप्त होंगे। यह डील भारत की रक्षा तैयारियों को मजबूत करने और देश को एक प्रमुख रक्षा विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक क्षण है।

### भारत की एयरोस्पेस यात्रा में महत्वपूर्ण कदम

टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक सुकरन सिंह ने इस साझेदारी को भारत की एयरोस्पेस यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा, भारत में संपूर्ण राफेल फ्यूजलेज का उत्पादन टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स की क्षमताओं में बढ़ते भरोसे और दसॉल्ट एविएशन के साथ हमारे सहयोग की ताकत को रेखांकित करता है। सिंह ने इस बात पर भी जोर दिया कि यह डील यह दशार्ती है कि भारत ने एक आधुनिक और मजबूत एयरोस्पेस विनिर्माण इको-सिस्टम स्थापित करने की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भारत की तकनीक वैश्विक प्लेटफार्मों को सफलतापूर्वक सपोर्ट कर सकती है।

# बीजापुर नेशनल पार्क मुठभेड़ में एक करोड़ का इनामी सुधाकर ढेर

एजेंसी

**बीजापुर :** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के नेशनल पार्क एरिया में सुरक्षाबलों की नक्सलियों के साथ गुरुवार सुबह से जारी मुठभेड़ में तेलंगाना, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में वांटेड नक्सलियों के केंद्रीय कमेटी का सदस्य और एक करोड़ के इनामी सुधाकर उर्फ नर सिंहाचलम ढेर हो गया। हालांकि सुधाकर के मारे जाने की अभी अधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। विश्वस्त सूत्रों से सुधाकर के मुठभेड़ में मारे जाने की फोटो मिली है।

नक्सलियों केंद्रीय समिति के सदस्य गौतम उर्फ सुधाकर, तेलंगाना राज्य समिति सदस्य बांदी प्रकाश, दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी के सदस्य पप्पा राव और कुछ अन्य सशस्त्र नक्सली कैडरों की मौजूदगी की सूचना के आधार पर डीआरजी, एसटीएफ और कोबरा की संयुक्त बल को अभियान के लिए रवाना किया गया था।

बीजापुर के नेशनल पार्क एरिया में नक्सलियों के साथ गुरुवार सुबह से जारी मुठभेड़ में तेलंगाना, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में वांटेड नक्सलियों के केंद्रीय कमेटी का सदस्य सुधाकर उर्फ नर सिंहाचलम के ढेर होने की खबर है। सुधाकर पर एक करोड़ रुपये का इनाम भी घोषित है। सुधाकर के मारे जाने की फिलहाल अधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है, लेकिन बस्तर आईजी के बयान के संकेतों से यह तय है कि मुठभेड़ में सुधाकर उर्फ नर सिंहाचलम मारा गया है, जिसकी फोटो विश्वस्त सूत्रों से मिली है।

## एक नजर

### रेलवे कॉन्ट्रैक्टर के गोदाम से महिंद्रा सुपरो ट्रक चोरी

**बोकारो** : थाना बालीडीह, जिला बोकारो के क्षेत्र में एक बड़ी चोरी का मामला सामने आया है। रेलवे पेटी कॉन्ट्रैक्टर बिष्णु प्रताप सिंह, जो कि सा० शिवपुरी कॉलोनी, थाना बालीडीह में रहते हैं, ने 04 जून 2025 को लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि वे रेलवे गोल मार्केट में पानी टंकी के पास अपने सामान रखने के लिए एक गोदाम का उपयोग करते हैं, जिसमें अन्य सामानों के अलावा एक महिंद्रा सुपरो, मैक्सी ट्रक (रजि० नं० जे एच 09 ऐएम 6954) भी रखा हुआ था।
03 मार्च 2025 को जब वे अपने गोदाम पर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि गोदाम का ताला टूटा हुआ है और उक्त वाहन गायब है।
इस शिकायत पर बालीडीह थाना में काण्ड संख्या 182/25, दिनांक 04.06.2025, धारा 303(2)/331(4) बी० एन०एस० के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस ने त्वरित गति से अनुसंधान करते हुए गुप्तचर और अन्य स्रोतों से जानकारी जुटाई। प्राथमिकी दर्ज होने के 24 घंटे के भीतर ही एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया।
गिरफ्तार व्यक्ति प्रथम कुमार (उम्र लगभग 19 वर्ष), पिता स्व० वरूण कुमार, सा० एल०एच० स्ट्रीट 15, क्वार्टर नं० 22, थाना- बी०एस० सिटी, जिला बोकारो के निवासी हैं। अभियुक्त की निशानदेही पर चोरी हुई महिंद्रा सुपरो, मैक्सी ट्रक (रजि० नं० जे एच 09 ऐ एम 6954) को बरामद कर लिया गया है।

### पर्यावरण-मित्र चौक पर वृक्षारोपण कर दिया गया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**बोकारो** : विश्व पर्यावरण दिवस आज संध्या 4.00 बजे से बोकारो के पर्यावरण-मित्र चौक पर स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान द्वारा महासचिव शशि भूषण ओझा 'मुकुल' के नेतृत्व में आयोजित 'पेड़ लगाओ - जीवन बचाओ' कार्यक्रम में रजनीश कुमार डीएफओ बोकारो मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर नीम पेड़ का रोपण किए और पर्यावरण संरक्षण हेतु संस्थान द्वारा किए जारहे कार्यों की प्रशंसा किए । इस अवसर पर डीएफओ बोकारो ने कहा कि पेड़ों से ही हमारा जीवन है इसलिए सबोंको को अवश्य ही वृक्षारोपण करना चाहिए । मुख्य वक्ता रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्याल के उप कुलपति सह बोकारो स्टील सिटी कॉलेज के पूर्व प्राचार्य प्रो. एस के शर्मा ने वृक्षारोपण के उपरांत कहा कि पेड़ हमारे सबसे घनिष्ठ मित्र हैं जो हमसे कुछ मांगते नहीं परन्तु हमारे जीवन की रक्षा के लिए बहुत कुछ देते हैं और बदले में कुछ भी नहीं लेते । महासचिव मुकुल ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और ग्लोबलवार्मिंग से न सिर्फ हमारी बल्कि पूरे सृष्टि की रक्षा ये पेड़ करते हैं । इस अवसर पर उन्होंने आह्वान किया कि हमें न सिर्फ पेड़ों को ज्यादा से ज्यादा लगाना होगा बल्कि लगे पेड़ों को बचाने का भी दायित्व निर्वहन करना होगा ।संस्थान के पर्यावरण संरक्षण प्रकोष्ठ के संयोजक मृणाल कांत चौबे का आज जन्मदिन भी उनके द्वारा वृक्षारोपण कराकर संस्थान द्वारा हर्षोल्लास पूर्वक इसी स्थान पर मनाया गया और मिठाइयां बांटी गईं । मृणाल चौबे ने कहा कि लगता है प्रकृति की रक्षा एवं पर्यावरण की सुरक्षा के लिए ही उनका जन्म शायद इस पुण्य तिथि को पहले से ही हुआ है । कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार पांडेय, संचालन वृक्षारोपण प्रकोष्ठ के संयोजक वीरेंद्र चौबे और धन्यवाद ज्ञापन कार्यकारी अध्यक्ष रघुवर प्रसाद ने किया। आज के कार्यक्रम में सुरेन्द्र कुमार पांडेय, रघुवर प्रसाद, शशि भूषण ओझा 'मुकुल', वैद्य गणेश साव, लक्ष्मण शर्मा, वीरेंद्र चौबे, प्रो. गणेश सिंह, नीरज सिंहा, विजय गुप्ता, मृणाल चौबे, दिवाकर दुबे, ललित कुमार, अक्षय दुबे, बीरेंद्र मिश्र, निरंजन बरनवाल, उमेश शर्मा, यू सी दुबे अर्जुन पांडेय, अनुराग मिश्र, श्रवण झा, गुड्डू पांडेय, आर एल द्विवेदी, मिथिलेश ठाकुर सहित कई पर्यावरण प्रहरी उपस्थित रहे ।

विश्व पर्यावरण दिवस एवं 'देवनद-दामोदर महोत्सव-2025' के अवसर पर राज्यपाल ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

# औद्योगिक विकास के साथ हमें पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखना होगा : राज्यपाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने गुरुवार को बोकारो के तेलमच्चो में युगान्तर भारती द्वारा आयोजित 'देवनद-दामोदर महोत्सव-2025' में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित होकर सभी को विश्व पर्यावरण दिवस और गंगा दशहरा की शुभकामनाएँ दीं। राज्यपाल महोदय ने अपने संबोधन में कहा कि यह दुर्लभ संयोग है कि आज हम पर्यावरण के वैश्विक सरोकार और अपनी सनातन परंपरा 'गंगा अवतरण', दोनों को एक साथ मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध



झारखंड में नदियाँ, वनों और पर्वतों का संरक्षण केवल दायित्व नहीं, हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है। माननीय राज्यपाल ने दामोदर नदी को झारखंड की जीवनरेखा बताते हुए इसके प्रदूषण का उल्लेख करते हुए कहा कि औद्योगिक विकास के साथ हमें पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखना होगा। नदियों की स्वच्छता केवल शासन या संस्थाओं की नहीं, हम सभी नागरिकों की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सरयू राय के नेतृत्व में युगान्तर भारती द्वारा दामोदर बचाओ अभियान की सराहना की और इसे जनभागीदारी आधारित प्रेरक उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा नमामि गंगे अभियान के माध्यम से गंगा की दशा में परिवर्तन आया, स्वच्छता के प्रति लोग जागरूक हुए। उन्होंने कहा कि ऐसे ही दामोदर सहित राज्य की सभी नदियों की स्वच्छता हेतु प्रयास होना चाहिए। राज्यपाल महोदय ने संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित इस वर्ष की पर्यावरण दिवस की थीम "प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करना" का उल्लेख करते हुए पॉलिथीन और सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग को त्यागने का आह्वान किया। उन्होंने सुझाव दिया कि राज्य के सभी शैक्षणिक संस्थानों, कार्यालय परिसरों एवं सार्वजनिक स्थलों को नो प्लास्टिक जोन घोषित करना होगा। माननीय राज्यपाल ने सभी नागरिकों, युवाओं, औद्योगिक प्रतिष्ठानों और प्रशासन से आह्वान किया कि वे पर्यावरण एवं नदियों के संरक्षण के लिए एकजुट होकर कार्य करें, ताकि आने वाली पीढ़ियाँ एक स्वच्छ, सुरक्षित और जीवनदायी धरती प्राप्त कर सकें।

## कबड्डी मैदान में "हरा भरा हो हमारा" नारे के साथ वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : सांसद ढुल्लू महतो के हरा भरा हो बोकारो हमारा नारे के साथ सेक्टर-9 में आयोजित 20 दिवसीय समर कबड्डी कैंप के दौरान आज विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अजय सिंह एवं सांसद खेल प्रतिनिधि एंजेला सिंह, बोकारो जिला कबड्डी संघ के खिलाड़ी एवं कोच मनोज शर्मा तथा अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में पहले वृक्षारोपण किया गया, जिसके बाद बच्चों के साथ मिलकर हरा भरा हो बोकारो हमारा का नारा लगाया गया। इस अवसर पर एंजेला सिंह ने कहा कि पेड़ हमारे जीवन का आधार हैं। उन्होंने कहा, पेड़ हमसे कुछ



नहीं मांगते, लेकिन जीवन की रक्षा के लिए बहुत कुछ देते हैं। हम सभी को पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए और उनकी देखभाल भी करनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि केवल पेड़ लगाने से ही काम नहीं चलेगा, बल्कि लगाए गए पेड़ों को बचाने और पालन-पोषण करने का दायित्व भी हमें निभाना होगा। इसके साथ ही उन्होंने अपने आसपास के नाली, घर, तालाब और सड़क को भी स्वच्छ रखने का आह्वान किया।

## यूथ्स ऑफ झारखंड द्वारा चार जिलों में विशाल वृक्षारोपण अभियान, 300 से अधिक पौधे रोपे गए

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर यूथ्स ऑफ झारखंड ने एक सराहनीय पहल करते हुए बोकारो, धनबाद, रामगढ़ और रांची जिलों में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अभियान के अंतर्गत लगभग 300 पौधे लगाए गए, जिनमें करंज, नीम, गुलमोहर, साल, टूट, मालाबार नीम, जामुन, आम, महगुणी, कदम और काजू जैसी कई उपयोगी प्रजातियाँ शामिल रहीं। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा कल्पतरु का पौधा, जो अपने औषधीय गुणों और लाभकारी प्रभावों के कारण विशेष महत्व रखता है। कार्यक्रम के नेतृत्वः बोकारो सतनपुर क्षेत्र



के अमृत सिंह व शंकर त्रिपाठी,धनबाद भुई फोड़ मंदिर, कोयलानगर, चिटाही धाम के साकेत श्रीवास्तव,रामगढ़ के अखिलेश महतो व नीतीश डांगी,रांची के बबलू कुमार महतो कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे यूथ्स ऑफ झारखंड के संस्थापक पीयूष चौधरी और विशाल गौतम, जिन्होंने युवाओं को झारखंड के उज्जवल भविष्य हेतु प्रेरित किया और ₹झारखंड फर्स्ट₹ का नारा दिया। धनबाद जिले में वृक्षारोपण के दौरान युवा समाजसेवी प्रशांत राज की भूमिका उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोगीः बोकारो से उदय कुमार सिंह, वरिष्ठ पत्रकार सह बिरसा मुंडा जयंती अध्यक्ष श्री योगो पुर्ती जी, आनंद मोहन सिंह, संजय कुमार, अभिजीत बिद्दु, विपुल राठौड़, सुशील सराफ, सुशांत कुमार, कुलदीप कुमार, अश्वनी कुमार, मयंक देव, अपूर्वा कुमार। रामगढ़ से विकाश महतो, श्याम महतो।

## पर्यावरण की रक्षा को केवल विकल्प नहीं कर्तव्य माने : जिला एवं सत्र न्यायाधीश



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद** : विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेन्द्र कुमार तिवारी ने सिविल कोर्ट धनबाद परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण की रक्षा का संदेश लोगों को दिया। सिविल कोर्ट धनबाद में जिला विधिक सेवा प्राधिकार धनबाद द्वारा आयोजित कार्यक्रम मे प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेन्द्र कुमार तिवारी ने, बागवानी व सफाई करने वाले सिविल कोर्ट के चार कर्मियों को मोमेंटो देकर पुरस्कृत किया वहीं नगर निगम की टीम के द्वारा कचरा प्रबंधन के विषय में जानकारी दी गई। इस मौके पर मीडिया से बात करते हुए न्यायाधीश श्री तिवारी ने कहा कि आज वह एक न्यायाधीश के रूप में नहीं, बल्कि एक जिम्मेदार नागरिक और पृथ्वी पुत्र के नाते आपसे संवाद कर रहे है। संविधान का अनुच्छेद 21 हमें जीवन का अधिकार देता है पर ऐसा जीवन जो सम्मानजनक हो, जो स्वच्छ वायु और निर्मल जल से समृद्ध हो। यह अधिकार तब तक अधूरा है जब तक पर्यावरण सुरक्षित नहीं। आज जब संपूर्ण विश्व विश्व पर्यावरण दिवस मना रहा है, तो यह केवल एक दिन नहीं, बल्कि एक चेतावनी है , एक पुकार है कि हम जागें, संभलें और संकल्प लें। हम जिस धरती पर चलते हैं, जिस वायु में साँस लेते हैं, जिस जल से जीवन पाते हैं, वह सब आज संकट में है। और जब प्रकृति संकट में होती है, तो मानवता भी संकट में आ जाती है। इसलिए जिले के आज हर ब्लॉक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा पौधरोपण का कार्यक्रम भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमे कानून को केवल दंड का उपकरण नहीं, बल्कि चेतना का प्रकाश भी मानना चाहिए। हम पर्यावरण कानूनों को केवल पुस्तकों में न पढ़ें उन्हें अपने जीवन में उतारें।

## इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में पर्यावरण संरक्षण गोष्ठी का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद** : विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शक्तिनगर कोऑपरेटिव कॉलोनी भेलाटांड़ नाग नगर में धनबाद इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के कैंपस में एक पर्यावरण संरक्षण गोष्टी का आयोजन किया गया। जिसमे छात्रों एवं शिक्षको द्वारा कई तरह के कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाज सेवी रमा सिन्हा ने अपने वक्तव्य में कही की पानी, हवा और जमीन को दूषित होने से बचाना है इसके लिए वृक्ष लगाना है और प्लास्टिक का उपयोग समाप्त करना हैं ।संस्थान के प्राचार्य डॉ. राजेंद्र राज ने सभी विद्यार्थियों को वृक्षारोपण कर पर्यावरण रक्षा तथा प्लास्टिक का नहीं उपयोग करने का शपथ दिलाई। पर्यावरण दिवस पर गणमान्य अतिथि रूबी



सांकृत्यायन, स्मिता सिंह ने भी कार्यक्रम में सिरकत किये संस्थान के तरफ से सभी अतिथियों को औषधीय पौधा इटालियन बेसिल भेंट स्वरुप प्रदान किया गया। उसके बाद अतिथियों. द्वारा डी आई टी, धनबाद के प्रांगन में सेव, आम, काजू, संतरा, अश्वगंधा, लीची, लेमन ग्रास इत्यादि पौधरोपण किया गया। डी आई टी, धनबाद के विद्यार्थियो द्वारा पर्यावरण बचाओ के जागरूकता के लिए भव्य रैली निकली गई।

# वृहद पौधा रोपण से उत्पन्न करें कार्बन क्रेडिट : उपायुक्त




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद** : कार्बन क्रेडिट उत्पन्न करने के लिए वृहद पौधारोपण करें। इसकी शुरूआत धनबाद नगर निगम एवं आईआईटी आईएसएम कुछ योजनाएं लेकर कर सकते हैं। पर्यावरण संरक्षण के लिए प्लास्टिक से सड़क बनाएं। भरावक्षेत्र वाली भुमि को पार्क या अर्बन फॉरेस्ट्री में विकसित करें ।उपरोक्त बातें उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर धनबाद नगर निगम एवं आईआईटी आईएसएम के डिपार्मेंट ऑफ एनवायरमेंटल साइंस एंड इंजीनियरिंग द्वारा स्वच्छ हवा के लिए नवाचार पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि कही। उपायुक्त ने कहा कि आवश्यकता ही आविष्कार की जननी है। धनबाद जिले में पानी की समस्या है। इसे दूर करने के लिए जल संरक्षण की योजनाएं भी शुरू होनी चाहिए। जल एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए कुछ ठोस करने की जरूरत है। आईआईटी आईएसएम इसके लिए सक्षम है। संस्थान के विशेषज्ञ एवं छात्रों में कुछ नया करने का जुनून है। पर्यावरण अनुकूल नवाचार की दिशा में कदम बढ़ाएं। जिला पशासन हर संभव सहयोग प्रदान करेगा। उपायुक्त ने कहा कि वायु प्रदूषण कम करने की दिशा में जिला प्रशासन का ध्यान केंद्रित रहेगा। शहरी क्षेत्र में लोगों को प्लास्टिक का इस्तेमाल नहीं करने के लिए जागरूक किया जाएगा। पौधारोपण और जल संरक्षण के लिए लोगों को प्रेरित किया जाएगा। इस अवसर पर नगर आयुक्त रवि राज शर्मा ने कहा कि नगर निगम ने प्रदूषण रोकने के लिए कई कदम उठाए हैं। प्लास्टिक के उपयोग की रोकथाम के लिए भी कार्रवाई की जा रही है। वायु गुणवत्ता में सुधार करने का प्रयास जारी है। उन्होंने बताया कि जिले में पांच अमृत पार्क का विकास किया है। सड़कों पर पानी का छिड़काव हो रहा है। सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट में सुधार हुआ है। लोगों को सुखा एवं गीला कचरा घरों में ही अलग करने का अनुरोध किया है। शहर से अतिक्रमण हटाने का भी प्रयास जारी है। खुले में कचरा जलाने पर रोक लगाई है। कार्यक्रम को आईआईटी आईएसएम के प्रोफेसर आलोक सिन्हा, डॉ. सुरेश पांडियन एलुमलाई, प्रोफेसर मृत्युंजय कुमार सिंह, आईआईटी गुवाहाटी के प्रोफेसर शरद गोखले, आईआईटी खड़गपुर के प्रोफेसर आदित्य कुमार पात्रा तथा असार के मुन्ना झा ने भी संबोधित किया। वक्ताओं ने जिले में वायु प्रदूषण कम करने, पर्यावरण एवं जल संरक्षण के लिए अपने-अपने सुझाव व्यक्त किए। अपने संबोधन से पूर्व उपायुक्त तथा मंचासीन अतिथियों ने टिकाऊ खनन के माध्यम से वायु गुणवत्ता में सुधार (इंप्रूविंग एयर क्वालिटी थ्रू सस्टेनेबल माइनिंग) नामक पुस्तक का विमोचन किया।

### विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर उपायुक्त ने किया पौधारोपण

**धनबाद** : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के तहत धनबाद सदर के बगुला स्थित झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में पौधारोपण किया। विद्यालय पहुंचने पर छात्राओं ने पारंपरिक रीति रिवाज से उपायुक्त का स्वागत किया। तत्पश्चात विद्यालय की वार्डन ने उपायुक्त को पौधा भेंट किया। पौधारोपण करने के बाद उपायुक्त ने हर पौधे को विद्यालय की एक छात्रा के साथ टैग करने तथा छात्राओं को पौधे की अच्छे से देखभाल करने को कहा। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक झा, जिला शिक्षा अधीक्षक आयुष कुमार, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, सहायक नगर आयुक्त प्रसून कौशिक, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह, एडीपीओ आशिष कुमार के अलावा विद्यालय के शिक्षक व कर्मी मौजूद थे।



## संक्षिप्त खबरें

### नेहरू महिला इंटर महाविद्यालय तेतुलमारी का कला संकाय में रहा बेहतर प्रदर्शन



**धनबाद** : नेहरू महिला इंटर महाविद्यालय तेतुलमारी के छात्राओं ने इंटर (कला) की परीक्षा में शत प्रतिशत सफलता पाकर महाविद्यालय का नाम रौशन किया है। जिसमें अर्चना कुमारी ने 436 (87.2%) के साथ प्रथम स्थान पाकर महाविद्यालय में टॉप पर रही, जबकि अफसानी परवीन 419 (83.8%) के साथ द्वितीय, प्रिया कुमारी 417 (83.4%) के साथ तृतीय स्थान प्राप्त की। महाविधालय मे कुल 344 छात्राओं में 156 -प्रथम , द्वितीय 171 व तृतीय 17 अत्तार रखी स्थान प्राप्त कर शत प्रतिशत परिणाम लाकर महाविद्यालय का मान बढ़ाया। महाविद्यालय शासी निकाय के अध्यक्ष, सचिन, प्राचार्य सहित सभी व्याख्याताओं ने सफल छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है, सचिव चंचा देनी, प्राचार्य मनोज कुमार सिंह, मंकेश्वर प्रसाद सिंह, यदुनाथ सिंह चौधरी, मो० शब्बीर अहमद दर्शन कुमार दास, गणेश कुमार वमी, मनोज कुमार, सहित अन्य लोगों ने छात्राओं को बधाई दिया।

### विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण का हुआ आयोजन



**धनबाद** : गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी राजगंज मंडल के अंतर्गत मोहलीडीह पंचायत के निचितपुर पुराना क्वार्टर बूथ संख्या 350 में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया भाजपा राजगंज मंडल अध्यक्ष रंजीत सिंह ने कहा आए हम सभी लोग मिलकर अपने अपने पंचायत के बूथ में एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण जरूर करें वृक्ष हमें जीवन दायिनी प्राणवायु ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। हम पानी और भोजन के बगैर कुछ दिनों तक जिंदा रह सकते हैं। लेकिन ऑक्सीजन के बगैर कुछ पल में ही हमारी मृत्यु निश्चित है। एक पेड़ मां के नाम पर्यावरण को बचाने के लिए एक पौधा जरूर लगाए मौके पर युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अजय साहनी, अनिल चौहान, अशोक कुमार, डब्लू कुमार, प्रदीप सिंह, अखिलेश सिंह, वीरेंद्र सिंह, सत्येंद्र सिन्हा, नंदन सिंह, महेश यादव, दीपक सिंह, सरवन पासी, आदि उपस्थित थे।

### पुलिया के नीचे से मिला युवक का शव



**बोकारो**: गुरुवार को जिले के बलीडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत हिरटांड़ जाने वाले रास्ते में स्थित एक पुलिया के नीचे से एक युवकों के शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला नहाने के क्रम में डूबने का प्रतीत हो रहा है। पुलिया के पास युवकों के कपड़े मिले हैं, जिससे यह अनुमान लगाया जा रहा है कि युवक नहाने के लिए पानी में उतरे थे और संभवतः गहराई या किसी अन्य कारण से डूब गए। हालांकि, अभी तक मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस आसपास के गांवों में जाकर युवकों की पहचान की कोशिश कर रही है। मृतकों की उम्र लगभग 18 से 22 वर्ष के बीच बताई जा रही है। शहर में इस तरह की डूबने की घटनाएं पहले भी सामने आ चुकी हैं, लेकिन एक साथ नौ युवकों की मौत ने पूरे प्रशासन को भी हैरान कर दिया है। फिलहाल सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस का कहना है कि रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि यह हादसा था, आत्महत्या या फिर किसी साजिश के तहत हत्या की गई है।
बलीडीह थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की गहराई से जांच की जा रही है। पहचान और घटना के सही कारणों का पता चलने के बाद ही आगे की कार्रवाई होगी। स्थानीय लोग भी इस घटना से स्तब्ध हैं और युवकों की पहचान की मांग कर रहे हैं।

### सम्मान से कार्यकुशलता बढ़ती है : बिरंची नारायण



**बोकारो** : रोटरी क्लब चास द्वारा चीरा चास स्थित रोटरी भवन में व्यवसायिक प्रशंसा पुरस्कारों-२ का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह में सफल एवं समाज में योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। रोटरी क्लब चास के अध्यक्ष बिनोद चोपड़ा ने कहा इन व्यक्तियों को पुरस्कृत कर हम उन्हें प्रोत्साहित कर रहे हैं और अन्य को प्रेरित। चोपड़ा ने कहा कि रोटरी क्लब चास ऐसे लोगों की पहचान कर उन्हें सम्मानित करने का कार्य कर रही है। पूर्व अध्यक्ष पूजा बैद ने एक पौधा भेंट कर मुख्य अतिथि बिरंची नारायण का स्वागत किया। कार्यक्रम में अर्चना सिंह ने वोकेशनल अवार्ड पर प्रकाश डालते हुए कहा कि व्यवसायिक प्रशंसा पुरस्कार ऐसे विविध क्षेत्रों में उत्कृष्टता को पहचानने और उसे मानने के लिए क्लब के समर्पण को दर्शाता है। अर्चना सिंह ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता को सम्मान के प्रति रोटरी प्रतिबद्ध है। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित बोकारो के पूर्व विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि समाज में उत्कृष्टता की प्रशंसा बेहद आवश्यक है। नारायण ने कहा कि इससे मनोबल बढ़ता है और वे और बेहतर करने की तरफ अग्रसर होते हैं, और दूसरों को प्रेरित करने का कार्य करते हैं। बिरंची नारायण ने ऐसे आयोजन के लिए रोटरी क्लब चास की प्रशंसा की। रोटरी क्लब चास के सचिव मुकेश अग्रवाल ने कहा कि रोटरी क्लब स्वयं से ऊपर सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता और मिशन के प्रति दृढ़ है। मुकेश ने कहा कि रोटरी चास की विभिन्न परियोजनाओं को क्रियान्वित करने में क्लब को निस्वार्थ भाव से सहयोग दिया है ऐसे 31 व्यक्तियों को पुरस्कृत कर उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं एक स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया है।

## एक नजर

### राज्यपाल ने गंगा दशहरा और विश्व पर्यावरण दिवस की दी शुभकामनाएं

**रांची :** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने गुरुवार को गंगा दशहरा और विश्व पर्यावरण दिवस की समस्त राज्यवासियों को शुभकामनाएं दी है। सोशल मीडिया एक्स पर राज्यपाल ने लिखा है कि गंगा दशहरा के पावन अवसर पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं। मोक्षदायिनी मां गंगा के आशीर्वाद से सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का अविरल प्रवाह बना रहे। राज्यपाल ने विश्व पर्यावरण दिवस की भी हार्दिक शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा है कि श्प्रकृति के अमूल्य उपहारों की रक्षा करना हम सभी का दायित्व है। पर्यावरण संरक्षण के प्रति सजग बनें और अधिकाधिक वृक्षारोपण का संकल्प लें।

### नगर ने पर्यावरण दिवस पर लगाए हजारों पौधे और बांटे कपड़े के थैले

**रांची :** विश्व पर्यावरण दिवस पर रांची नगर निगम की ओर से पूरे शहर में हरियाली बढ़ाने की खास मुहिम चलाई गई। निगम की टीम ने शहर के अलग-अलग इलाकों में हजारों पौधे लगाए और लोगों को पेड़-पौधे लगाने, पानी बचाने और प्लास्टिक से दूरी बनाने का संदेश दिया। मुख्य कार्यक्रम मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में हुआ। जहां उप प्रशासक गौतम प्रसाद साहु, स्वास्थ्य पदाधिकारी डॉ. किरण कुमारी और कई निगमकर्मी मौजूद रहे। इसी मौके पर बताया गया कि आज पूरे नगर निगम क्षेत्र में करीब 5000 पौधे लगाए जा रहे हैं। पेड़ लगाने का काम सिर्फ स्टेडियम में नहीं हुआ, बल्कि रांची नगर निगम क्षेत्र में स्थित तालाबों के किनारे, निर्मल आवास में, लाइट हाउस प्रोजेक्ट में और कई दूसरी जगहों पर भी पौधारोपण किया गया। उप प्रशासक ने शहरवासियों से अपील की कि सभी लोग अपने आस-पास पेड़ लगाएं, बारिश के पानी को बचाएं और प्लास्टिक का इस्तेमाल कम करें, ताकि आने वाली पीढ़ियों को साफ हवा और पानी मिल सके। इसके अलावा निगम की टीम ने अटल स्मृति वेंडर मार्केट में दुकानदारों और आम लोगों के बीच कपड़े के थैले बांटे और प्लास्टिक का उपयोग न करने की शपथ दिलाई।

### सीयूजे ने मनाया पर्यावरण दिवस, पौधे लगाये गांव वालों को ऑर्गेनिक खेती सिखाई

**रांची :** झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय में इस बार पर्यावरण दिवस का जश्न कुछ हटकर रहा। यहां सिर्फ भाषण नहीं हुए, असली काम हुआ। पौधे लगाये गये, गांव वालों को ऑर्गेनिक खेती सिखाई गयी और प्लास्टिक के खिलाफ जोरदार मुहिम छेड़ी गयी। सबसे पहले कुलपति प्रो. क्षिति भूषण दास ने विश्वविद्यालय के आयुर्वेदिक बगान में खुद जाकर पौधे लगाये। उनके साथ कुलसचिव के. कोशला राव, परीक्षा नियंत्रक डॉ. बीबी मिश्रा और प्रो अरविंद चंद्र पांडे भी जुटे। इस अवसर पर नीम, तुलसी, तेजपत्ता, नींबू, कढ़ीपत्ता जैसे कई पौधे जमीन में रोपे गये। कुलपति साहब ने साफ कहा, अब वक्त है कि हम सब मिलकर धरती के लिए कुछ करें, सिर्फ बोलने से कुछ नहीं होगा। इसके बाद पूरा विश्वविद्यालय प्लास्टिक के खिलाफ मैदान में उतर गया। ना कहो प्लास्टिक को, हां कहो धरती को। जैसे नारों के साथ सफाई अभियान चलाया गया। टीचर हों या स्टाफ, स्टूडेंट्स हों या रिसर्च स्कॉलर, सबने मिलकर कैंपस में फैला कचरा साफ किया और प्लास्टिक का इस्तेमाल कम करने की कसम खायी।

# कांग्रेस मुख्यालय में जनता दरबार, मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने सुनीं लोगों की समस्याएं

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दरबार में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने विभिन्न जिलों से आए लोगों की समस्याएं सुनीं और कई मामलों में मौके पर ही संबंधित अधिकारियों से बात कर त्वरित समाधान के निर्देश दिए। मंत्री श्रीमती तिर्की ने अधिकारियों को स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसी भी समस्या के समाधान में ढिलाई नहीं बरती जाए। उन्होंने कहा कि जनता की उचित समस्याओं का त्वरित निदान उनका मौलिक अधिकार है और हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कोई भी व्यक्ति लालफीताशाही में न फंसे, उसकी फाइलें अटककर न रह जाएं। उन्होंने आम लोगों को भी जागरूक रहने और अधिकारों की जानकारी रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि कृषि और पशुपालन से जुड़ी समस्याओं का समाधान नियमानुसार किया जा रहा है और अन्य विभागों की शिकायतों के लिए संबंधित विभागीय मंत्रियों से संपर्क कर निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि कांग्रेस जनता के बीच रहकर काम करने में विश्वास करती है और उनकी समस्याओं को जमीनी स्तर पर जाकर समझना ही सबसे कारगर तरीका है। 85 लोगों ने रखी समस्याएं प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि जनता दरबार में कुल 85 लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं। इनमें तालाब जीर्णोद्धार, पीटी निर्माण, कृषक मित्रों का बकाया भुगतान, जमाबंदी, डीप बोरिंग, धान खरीद की राशि लंबित, पैक्स चुनाव, कृषि ऋण माफी, पारिवारिक भूमि विवाद, पेंशन, मुआवजा, मेधा डेयरी, मछुआरा आयोग गठन, जमीन विवाद सहित कई समस्याएं शामिल थीं। इस क्रम में वेदांत कौस्तव ने विद्युत आपूर्ति की बहाली, चरण केवट ने मछुआरा आयोग के गठन, निजाम अंसारी ने कुक्कुट केंद्र के विकास, और प्रिया रंजन सिंह ने पैक्स चुनाव में गड़बड़ी की शिकायत दर्ज कराई। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सोनाल शांति ने जानकारी दी कि पूर्व में कांग्रेस के चार मंत्रियों ने मुख्यालय में जनता दरबार लगाया था, जिसे विधानसभा सत्र और अन्य राजनीतिक गतिविधियों के कारण कुछ समय के लिए स्थगित किया गया था। अब इस पहल को दोबारा शुरू किया गया है और आगे भी अन्य मंत्रियों द्वारा जनता दरबार आयोजित किया जाएगा। जनता दरबार में मुर्शीद आलम, चांदनी कुमारी, विनोद खलको, प्रतिमा देवी, अनिल सिंह, बबलू कुमार, रामवृक्ष महतो, तनवीर आलम, सुनील तिडू, सालखो देवी, गंगा उरांव, कुमारी टोप्पो, रविंद्र गोपी, मृत्युंजय कुजूर, पलक कुमारी, सतीश सोनी, साहिल राम, जागरण पातर मुंडा, चरण केवट, रामावतार मंडल, पुष्पा कच्छप, जफर इमाम सहित कई लोगों ने अपनी समस्याएं मंत्री के समक्ष रखीं।

## प्रकृति हमारे जीवन का मूल आधार, इसे बचाने का संकल्प लें: सुदेश महतो



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सुदेश महतो रांची जिले के बुढ़मू पहुँचे। यहाँ प्रखंड के कोठारी में जल, जंगल, जमीन बचाओ आंदोलन के तत्वावधान में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में उन्होंने पर्यावरण को बचाने का अपना संकल्प दोहराया। पूर्व उपमुख्यमंत्री व पूर्व वन एवं पर्यावरण मंत्री सुदेश कुमार महतो ने कहा की प्रकृति हमारे जीवन का मूल आधार है। इस संरक्षित करने का संकल्प लेना होगा। हमें जंगल उजाड़ कर खनन से राजस्व प्राप्त करने के लक्ष्य को त्यागना होगा। हमें जंगलों को बचाकर पर्यावरण को संरक्षित रखने का संकल्प लेना होगा। जंगल को बचाने का जो मॉडल और परंपरा हमारे पास वह दुनिया के लिए अनुकरणीय हो सकता है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण हमारे जीवन का मूल आधार है और इसे संतुलित रखने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। उन्होंने सभी से पर्यावरण संरक्षण के लिए शपथ लेने का आह्वान किया, जिसमें पौधारोपण के साथ-साथ पहाड़, पर्वत, नदी-नाले और जल स्रोतों को बचाने का संकल्प शामिल हो।

## सिरमटोली फ्लाईओवर से 30 मिनट का सफर अब सिर्फ 5 मिनट में होगा पूरा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** राजधानी रांची में गुरुवार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सिरमटोली फ्लाईओवर का उद्घाटन किया। यह फ्लाईओवर झारखंड राज्य में अपनी तरह की पहली परियोजना है, जिसमें अत्याधुनिक इंजीनियरिंग तकनीकों का उपयोग किया गया है। इस परियोजना के तहत 132 मीटर लंबा एक्सट्राडोज्ड केबल-स्टे ब्रिज जो रेलवे ट्रैक के ऊपर बना है, 94 मीटर लंबा एक्सट्राडोज्ड केबल-स्टे ब्रिज जो हरमू नदी के ऊपर निर्मित किया गया है, 42 मीटर ऊंचे चार-चार पायलन लगाए गए हैं, जो पूरे ढांचे को मजबूती प्रदान करते हैं और एलिवेटेड पथ-सह-रेल ओवर ब्रिज की कुल लंबाई 2.34 किलोमीटर है। यह परियोजना झारखंड में तकनीकी दृष्टिकोण से कई मायनों में पहली है। इसमें जैसी नवीनतम तकनीकों का उपयोग किया गया है, जो न केवल निर्माण को तेज और मजबूत बनाते हैं, बल्कि सड़क उपयोगकताओं की सुरक्षा को भी सुनिश्चित करते हैं। सिरमटोली चौक से मेकॉन चौक तक की यात्रा जो पहले 30 मिनट तक लगती थी, अब घटकर केवल 5 से 7 मिनट रह जाएगी। इससे न केवल लोगों के समय की बचत होगी, बल्कि ट्रैफिक जाम की समस्या में भी भारी कमी आएगी।

## आजसू को विदेश मंत्रालय ने भेजा जवाब नाइजर में अपहृत मजदूर हैं सुरक्षित



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** पश्चिम अफ्रीकी देश नाइजर में आतंकियों द्वारा अपहरण किए गए पांच भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वापसी को लेकर ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन लगातार प्रयास कर रहा है। ये सभी पांच भारतीय नागरिक झारखंड के गिरिडीह जिले के बागोदर के निवासी हैं। यह घटना 25 अप्रैल 2025 को नाइजर की राजधानी नियामे से लगभग 115 किलोमीटर दूर तिल्लाबेरी के सकोइरा में घटी। इस हमले में 12 नाइजर सैनिकों की जान चली गई। इस दौरान आतंकवादियों ने एक पावर ट्रांसमिशन परियोजना में काम करने वाले गिरिडीह जिला अंतर्गत बगोदर के पांच मजदूरों संजय महतो, चंद्रिका महतो, फलजीत महतो, राजू महतो और उत्तम महतो का अपहरण कर लिया था। ये मजदूर कल्पतरु प्रोजेक्ट्स इंटरनेशनल लिमिटेड की ओर से संचालित प्रोजेक्ट में कार्यरत थे।

**घटना की सूचना के बाद आजसू हुआ सक्रिय**

इस घटना की सूचना के बाद आजसू सक्रिय हुआ और इसकी जानकारी लिखित रूप से पूर्ण विवरण के साथ विदेश मंत्रालय को उपलब्ध करायी। इसके बाद विदेश मंत्रालय सक्रिय हुआ। पत्र लिखने के बाद आजसू के प्रतिनिधिमंडल ने सभी पीड़ित परिवारों से मुलाकात की थी और उन्हें आर्थिक सहायता भी उपलब्ध करायी थी।

**आजसू के अनुरोध पर भारतीय राजदूत ने नाइजर के सेना प्रमुख से की मुलाकात**

आजसू पार्टी ने इस अभियान का जिम्मा हजारीबाग लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी और पार्टी के वरीय नेता संजय मेहता को सौंपा। संजय मेहता ने इस समस्या को लेकर विदेश मंत्रालय के अधिकारियों से वार्ता की। उन्होंने विदेश मंत्रालय के अवर सचिव बीएन पांडेय, नाइजर में भारत के राजदूत सीता राम मीना, विदेश मंत्रालय में सेंट्रल और पश्चिम अफ्रीका के विदेशी मामलों के अधिकारी सेवाला नाइक मुड़े के ओएसडी लेफ्टिनेंट कर्नल संजीव कुमार से लगातार वार्ता की। इस वार्ता का असर भी हुआ।

## सभी जिलों में 40-40 करोड़ के अस्पताल बनाये सरकार : भाजपा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची :** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने हेमंत सरकार को मोदी मॉडल अपनाने की सलाह दी है। सुझाव दिया कि रांची में एक ही हजार करोड़ रुपये का अस्पताल बनाने के बजाय, राज्य के पांच प्रमंडलों में दो-दो सौ करोड़ की लागत से पांच अस्पताल खोले जा सकते हैं। इसी बजट में, सरकार प्रत्येक जिले में चालीस करोड़ रुपये की लागत से 24 आधुनिक अस्पताल स्थापित कर सकती है। ग्रामीण इलाकों में अस्पताल खोलने से वहां की अर्थव्यवस्था बदल जाएगी, लोकल लोगों को रोजगार मिलेगा और रांची रिम्स पर भार भी कम होगा। साह ने झारखंड उच्च न्यायालय की हालिया टिप्पणी का उल्लेख करते हुए बताया कि रिम्स में डॉक्टरों, प्रोफेसरों, नर्सों और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की भारी कमी है। आरोप लगाया कि सरकार स्थायी नियुक्तियों से बचते हुए आउटसोर्सिंग का रास्ता अपना रही है, जो न केवल अव्यवस्था को जन्म देता है, बल्कि संविधान के अनुच्छेद 15 और 16 की मूल आत्मा का भी उल्लंघन करता है। मरीजों को दी जाने वाली बुनियादी दवाइयों और सिरिंज तक की भारी कमी है। कैग रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक ने अपनी रिपोर्ट में राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं की पोल खोलकर रख दी है। लेकिन सरकार ने उस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की. रिम्स-2 की घोषणा पर सवाल खड़ा करते हुए आरोप लगाया कि सरकार की प्राथमिकता जनस्वास्थ्य नहीं, बल्कि हजारों करोड़ की इमारत बनवाकर कमीशनखोरी करना है।

# पर्यावरण संरक्षण के बिना विकसित भारत का संकल्प रहेगा अधूरा : बाबूलाल मरांडी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** प्रदेश भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर गुरुवार को पर्यावरण दिवस से "एक पेड़ मां के नाम" कार्यक्रम का शुभारंभ किया। गांव के बूथ से लेकर प्रदेश की राजधानी रांची तक के नेताओं, कार्यकताओं और जन प्रतिनिधियों ने इस अवसर पर पौधारोपण किया। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने अपने सांगठनिक प्रवास के दौरान साहेबगंज जिला मुख्यालय स्थित गौशाला परिसर में पौधारोपण किया। मरांडी ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आज भारत तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर है। लेकिन विकसित भारत का संकल्प पर्यावरण की रक्षा के बिना अधूरा होगा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत, मजबूत भारत के साथ हमें हरित भारत भी बनाना है। भारत की सनातन परम्परा ने मां भारती का स्वरूप "शस्य श्यामला ,सुजलाम , सुफलाम" है। उन्होंने कहा कि एक मां जो हमें जन्म देती है और दूसरी मां प्रकृति, जो हमें जीवन देते है। इसलिए प्रधानमंत्री जी ने एक पेड़ मां के नाम लगाने का आह्वान करते हुए पर्यावरण की सुरक्षा के लिए कार्यकताओं को प्रेरित किया है। उन्होंने पार्टी कार्यकताओं से व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाने का आह्वान किया और कहा कि पौधारोपण में फलदार और औषधीय गुणों से युक्त पौधे भी लगाए जाएं, जो मनुष्यों के अलावा पशु-पक्षियों के लिए भी उपयोगी हों। पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने विश्व पर्यावरण दिवस पर कहा कि व्यक्ति और समाज तभी बचेगा जब पर्यावरण सुरक्षित रहेगा। जीवों का शरीर पांच तत्वों से बना है और पंचतत्वों की सुरक्षा पर्यावरण की सुरक्षा से ही संभव है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण का संरक्षण पूरी मानवता की रक्षा के लिए जरूरी है। प्रदेश महामंत्री और सांसद आदित्य साहू ने सरस्वती शिशु मंदिर कूल्ही ओरमांझी में और डॉ. प्रदीप वर्मा ने नामकुम में पौधारोपण किया। विधायक सीपी सिंह, नवीन जायसवाल, बालमुकुंद सहाय सहित बड़ी संख्या में नेताओं और कार्यकताओं ने पौधारोपण कार्यक्रम में भाग लिया ।

## संक्षिप्त खबरें



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से गुरुवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में एनडीआरएफ, झारखंड -बिहार के कमांडेंट सुनील कुमार सिंह ने शिष्टाचार मुलाकात की।

### झारखंड में 11 जून तक बारिश होने की संभावना

**रांची :** झारखंड के विभिन्न जिलों में 11 जून तक बारिश होने की संभावना है। यह जानकारी मौसम विभाग ने गुरुवार को दी है। विभाग के अनुसार छह जून को राज्य के पूर्वी और इससे लगे मध्यवर्ती भागों में, सात जून को पूर्वी और दक्षिणी जिले और इससे सटे मध्यवर्ती हिस्से तथा आठ तथा नौ जून को पूर्वी हिस्सों में गर्जन के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है। विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटे के दौरान देवघर के सिकटिया में 83.6 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। वहीं सबसे अधिक तापमान जमशेदपुर में 37.6 और सबसे कम न्यूनतम तापमान लातेहार में 20.1 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। गुरुवार को रांची में अधिकतम तापमान 32.9, जमशेदपुर में 37.6, डालटेनगंज में 35.5 और बोकारो में तापमान 34.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### लाभार्थियों के खातों में ट्रांसफर की गयी मंईयां सम्मान योजना की राशि




**रांची :** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत रांची जिले में लाभुकों को अप्रैल महीने की 2500 रुपये की सम्मान राशि उनके खाते में ट्रांसफर कर दी गई है। प्रथम चरण में कुल 3 लाख 40 हजार 63 लाभुकों के खाते में 85 करोड़ 01 लाख 57 हजार 500 की राशि का आधार बेस्ड भुगतान किया गया है। मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना अंतर्गत जिन लाभुकों के खातों में अप्रैल माह की सम्मान राशि ट्रांसफर की गयी है उनमें अनगड़ा- 14022, बेड़ो - 16874, बुण्डू-7385, बुढ़मू - 14812, चान्हो-16525, ईटकी - 8554, कांके- 28432, खलारी-7631, लापुंग-8770, माण्ड-19941, नगड़ी-5140, नामकुम-14436, ओरमांझी-16560, राहे-8154, रातू-15002, सिल्ली - 17745, सोनाहातू-11236,तमाड़-15387, अरगोड़ा शहरी क्षेत्र (नगर निगम)-13575, बड़गाईं शहरी क्षेत्र (नगर निगम)-10030, हेहल शहरी क्षेत्र (नगर निगम)-16376, सदर शहरी क्षेत्र (नगर निगम)-25634, कांके शहरी क्षेत्र (नगर निगम)-997, नगड़ी शहरी क्षेत्र (नगर निगम)- 6689, नामकुम शहरी क्षेत्र (नगर निगम)-7086 और बुण्डू नगर पंचायत के-3070 लाभुक शामिल हैं। जिन लाभुकों का आवेदन पूर्व में स्वीकृत है और उन्होंने अपना आधार सीडिंग बैंक खाते से नहीं कराया है, वैसे लाभुकों से उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री की ओर से अपना आधार सीडिंग कराने की अपील की गई है, ताकि उन्हें योजना का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि रांची जिला में भौतिक सत्यापन का कार्य जारी है, जल्द ही भौतिक सत्यापन का कार्य संपन्न होने के बाद शेष योग्य लाभुकों को योजना का लाभ सुनिश्चित किया जाएगा। वैसे लाभुक जिनका भौतिक सत्यापन लंबित है, वो आंगनबाड़ी सेविकाओं से संपर्क कर तथा सत्यापन प्रपत्र प्राप्त कर अपने भौतिक सत्यापन की प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं।

### जनजातीय परंपराओं से सीखें प्रकृति प्रेम : प्रवीण प्रभाकर



**रांची :** आजसू बुद्धिजीवी मंच ने आज राज्य भर में पर्यावरण दिवस मनाया। इस मौके पर झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर ने कहा कि धरती माता को बचाना है, तो पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लें। भारतीय संस्कृति में पर्यावरण रक्षा का सूत्र निहित है। प्रवीण प्रभाकर ने कहा कि पीपल और तुलसी की पूजा में पर्यावरण रक्षा की भावना जुड़ी है। सरहुल, सोहराय, टुसू एवं करमा जैसे पर्व भी पर्यावरण रक्षा का संदेश देते हैं, झारखंड के जनजातीय समुदायों की परंपराओं से भी हमें पर्यावरण प्रेम की सीख लेने की आवश्यकता है। पूर्व डीडीसी डोमन सिंह मुंडा ने कहा कि हमारी संस्कृति हमें पर्यावरण संरक्षण की सीख देती है।

### सीयूजे ने मनाया पर्यावरण दिवस, पौधे लगाये गांव वालों को ऑर्गेनिक खेती सिखा



**रांची :** झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय में इस बार पर्यावरण दिवस का जश्न कुछ हटकर रहा। यहां सिर्फ भाषण नहीं हुए, असली काम हुआ। पौधे लगाये गये, गांव वालों को ऑर्गेनिक खेती सिखाई गयी और प्लास्टिक के खिलाफ जोरदार मुहिम छेड़ी गयी। सबसे पहले कुलपति प्रो. क्षिति भूषण दास ने विश्वविद्यालय के आयुर्वेदिक बगान में खुद जाकर पौधे लगाये। उनके साथ कुलसचिव के. कोशला राव, परीक्षा नियंत्रक डॉ. बीबी मिश्रा और प्रो अरविंद चंद्र पांडे भी जुटे। इस अवसर पर नीम, तुलसी, तेजपत्ता, नींबू, कढ़ीपत्ता जैसे कई पौधे जमीन में रोपे गये। कुलपति साहब ने साफ कहा, अब वक्त है कि हम सब मिलकर धरती के लिए कुछ करें, सिर्फ बोलने से कुछ नहीं होगा। इसके बाद पूरा विश्वविद्यालय प्लास्टिक के खिलाफ मैदान में उतर गया। ना कहो प्लास्टिक को, हां कहो धरती को। जैसे नारों के साथ सफाई अभियान चलाया गया। टीचर हों या स्टाफ, स्टूडेंट्स हों या रिसर्च स्कॉलर, सबने मिलकर कैंपस में फैला कचरा साफ किया और प्लास्टिक का इस्तेमाल कम करने की कसम खायी।

# अवांछित तत्वों के कारण असुरक्षित होता यातायात

हमारे देश में रेलगाड़ियों व बसों को आम यात्रियों के मुख्य यातायात के साधन के रूप में देखा जाता है। देश के अधिकांश यात्री एक स्थान से दूसरे स्थान तक जाने के लिये प्रायः इन्हीं साधनों का इस्तेमाल करते हैं। केंद्र सरकार जहाँ यात्रियों की सुविधाओं के लिये समय समय पर नई,आधुनिक व तीव्र गामी रेलगाड़ियां संचालित करती रहती है वहीं विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा भी जनता की सुविधा के लिये बसों के नये बेड़े शामिल करने की खबरें आती रहती हैं। परन्तु यात्रियों के आवागमन को सुचारु बनाने की इन कोशिशों के बीच सरकार का ध्यान शायद यात्रियों व उनके सामानों की सुरक्षा पर नहीं पहुँच पाता। यह त्रासदी भी केवल सामान्य, मेल-एक्सप्रेस ट्रेन्स व सामान्य बसों की ही है, जबकि वन्दे भारत व शताब्दी जैसी रेलगाड़ियां व वाल्वो सेवा जैसी अन्य मंहगी बस सेवाओं में बेशक यात्रियों की सुरक्षा काफ़ी हद तक बनी रहती है। अधिक किराया वसूलने वाले वातावरण से इन माध्यमों में अवांछित तत्वों को घुसने ही नहीं दिया जाता। जबकि ठीक इसके विपरीत सामान्य व मेल एक्सप्रेस ट्रेन्स में व सरकारी व गैर सरकारी निजी बसों में कोई भी व्यक्ति किसी भी रूप में घुस सकता है और वह अपनी मर्जी के मुताबिक यात्रियों की चिंताओं को बढ़ा सकता है या उन्हें परेशानी में डाल सकता है। यदि हम ट्रेन की बात करें तो भीख मांगने वालों से लेकर भगवा वस्त्र धारण किये लाखों लोग रोजाना बिना टिकट के ट्रेन्स में यात्रा करते हैं। गोया इन्होंने भगवा वस्त्र को ट्रेन यात्रा का फ़्री पास समझ रखा है। यह केवल यात्रा ही नहीं करते बल्कि टिकटधारी यात्रियों के लिये बड़ी सिरदर्दी का कारक भी बनते हैं। चलती ट्रेन में गेट पर बैठे रहना तो गोया इनकी आदत में शामिल है ही, इसके अलावा ट्रेन में बीड़ी सिगरेट पीते हैं कि शराब भी पीते हैं,वाशरूम में गंदगी फैलाते हैं। कोई इन्हें रोकने टोकने वाला नहीं। यदि कोई यात्री इनकी हरकतों पर इन्हें टोके तो यह अवांछित यात्री उसे अपमानित करने पर उतारू हो जाते हैं। इसी तरह भिखारी, हिजड़े, अनिधकृत वेंडर्स आदि सभी को मुफ़्त रेल यात्रा की खुली छूट मिली हुई है। कोई कान फोड़ू गीत संगीत सुनाकर पैसे वसूलता है तो कोई हिजड़ा मुंह पर तालियां ठोक कर पैसे मांगता है। पैसे न देने पर तो यह किसी किसी यात्रियों को थप्पड़ भी जड़ देते हैं। यदि आप यू पी और बिहार की ओर ट्रेन यात्रा करें तो इस रुट पर भी अनेक महिलाएं व हिजड़े पैसे मांगते नजर आ जायेंगे। इसी तरह ट्रेन में कोई व्यक्ति किसी जवान लड़की को साथ लेकर उस लड़की के ब्याह के लिये कन्यादान के रूप में पैसे वसूलने को अपना धंधा बनाये हुए है तो कोई नकली अँधा व अपाहिज बनकर पैसे मांगता फिरता है तो कोई झाड़ू लेकर सफ़ाई करने के बहाने यात्रियों से पैसे मांगता है। और इन्हीं अवांछित तत्वों में से कोई भी नजर बचते ही किसी यात्री का सामान लेकर चंपत हो जाता है। तो कोई किसी यात्री को जहरखुरानी का शिकार बनाकर उसका सामान भी लूट ले जाता है और उसकी जेबें भी खाली कर जाता है। इसतरह के अवांछित नेटवर्क से जुड़े अधिकांश लोग नशे के आदी होते हैं और यात्रियों से पैसे लूट या वसूलकर जुआ व नशे जैसे व्यसन करते हैं। देश के अनेक बड़े व माध्यम श्रेणी के रेल स्टेशंस पर इन्हें सक्रिय देखा जा सकता है। परन्तु आष्चर्य है कि आम लोगों को तो यह सब नजर आता है परन्तु सरकार व रेल यात्रियों की सुरक्षा से संबंधित अमले को यह सब दिखाई नहीं देता? हद तो यह है कि टिकट निरीक्षक जोकि आम इज्जतदार यात्रियों के पास किसी कारणवश टिकट न होने या उपयुक्त टिकट न होने पर उसे अपमानित करने पर उतारू हो जाता है या उसपर जुर्माना ठोक देता है अथवा ट्रेन से नीचे उतरने हेतु उसे बाध्य कर देता है उस टिकट निरीक्षक को भी बेटिकट यात्रा करने व यात्रियों की सुरक्षा हेतु खतरा बनने वाले ऐसे संदिग्ध व अवांछित तत्व नजर नहीं आते? इसी तरह बसों में भी जहाँ कुछ मेहनतकश लोग पानी, ठंडा,नारियल, कंघी आदि दैनिक उपभोग या खाने पीने की अनेक सामग्रियां बेचकर अपना पेट पालते हैं वहीं इसमें भी कई भिखारी यात्रियों के सर पर कहीं डफली बजाकर पैसे वसूलता है तो कहीं कोई हिजड़ा बसों में घुसकर मुफ़्त यात्रा करते करते लोगों से तालियां बजा बजाकर पैसे मांगता है।

## सूडोकु नवताल- 7452

✷ ✡ ✡ ✡ ✡ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7451 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

# वंदे गंगा जल संरक्षण : दूरगामी सोच का परिणाम है जन अभियान

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

जल है तो कल है की चुनौती के बीच राजस्थान की भजन लाल सरकार द्वारा समूचे प्रदेश में मानसून से पूर्व 5 जून से 20 जून तक वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान इस मायने में महत्वपूर्ण है कि राजस्थान सहित पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, दादरा-नगर हवेली और दमन दीव देश के ऐसे राज्य या केन्द्र शासित प्रदेश हैं जहां भूजल की निकासी भूजल के पुनर्भरण से कहीं अधिक हो रही है। अगर राजस्थान की बात करें और वह भी शुद्ध पेयजल की बात की जाए तो पीने योग्य पानी और उसकी उपलब्धता में 30 फीसदी का अंतर है। 30 प्रतिशत का अंतर कोई छोटा अंतर नहीं है। ऐसे में इसे भली-भांति समझा जा सकता है कि राज्य सरकार को नागरिकों के लिए पीने के शुद्ध पानी की उपलब्धता बनाये रखने की चुनौती से कैसे दो-चार होना पड़ता होगा।

वास्तव में यह गंभीर समस्या है। समूचे विश्व में पानी की उपलब्धता का संकट है। यदि हम भारत की ही बात करें तो 1950 में जहां प्रति व्यक्ति सालाना 5200 घनमीटर पानी की उपलब्धता थी, वह 2024 आते-आते 1401 घनमीटर रह गई है। यदि विशेषज्ञों की मानें तो 2050 तक यह उपलब्धता 1191 घनमीटर रह जाने की संभावना है। यही कारण है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले दिनों कहा कि पानी का उपयोग कम करें, पुनः उपयोग करें और पुनः चक्रित करने की नीति पर चलना होगा। देश में जल के पुनर्भरण में लगातार कमी आ रही है। प्रति व्यक्ति पानी की उपलब्धता के मामले में आज भारत 182वें स्थान पर आ गया है। भूजल की उपलब्धता को देखा जाए तो 1950 से 2024 के दौरान 73 प्रतिशत की कमी आ गई है। दिल्ली, चैन्नई, पुणे, हैदराबाद, मुंबई सहित देश के अनेक छोटे-बड़े शहर पेयजल की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं।

विश्वव्यापी जल संकट को देखते हुए राजस्थान की भजनलाल सरकार की इस पहल को महत्वपूर्ण माना जाना चाहिए। दरअसल देश में उपलब्ध भूजल का 87 प्रतिशत उपयोग खेती किसानी में होता है तो 11.7 प्रतिशत उपयोग घरेलू कार्यों और लगभग 2 प्रतिशत उपयोग ही औद्योगिक क्षेत्र में होता है। संकट का बड़ा कारण परंपरागत जल संग्रहण स्त्रोतों का नष्ट होना, उनमें अवरोध होना, बढ़ती आबादी और शहरी क्षेत्र में आबादी का घनत्व बढ़ने के साथ अत्यधिक पानी की आवश्यकता वाली उपज को बढ़ावा देने से जल दोहन अधिक होने लगा है। सीवेज के कारण पानी का अत्यधिक उपयोग, बरसाती जल का प्रोपर संग्रहण नहीं होना, जंगलों का कंक्रीट के जंगलों में बदलना और पानी के अन्य कार्यों में भी अत्यधिक उपयोग से पानी का संकट दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। अनियमित बरसात और बरसाती चक्र में बदलाव को भी एक कारण माना जा सकता है। आज जितने पानी के पीने के लिए आवश्यकता होती है उससे कई गुणा अधिक पानी फ्लस करने, वाहनों की धुलाई, पौधों के रखरखाव व अन्य कार्यों में होने लगी है। सीमेंट, लोहा, जस्ता और अब एमसेंड आदि उद्योगों के लिए भी अधिक पानी की आवश्यकता होने लगी है।

एक समय था जब सावन भादों में बरसात की झड़ी लगती थी और कई दिनों तक सूर्य देवता के दर्शन नहीं होते थे तो पानी सीधे जमीन में जाता था और वह प्राकृतिक वाटर हार्वेस्टिंग का सिस्टम होता था। सड़कों के साथ-साथ ढलान क्षेत्र होता था और वहां एकत्रित पानी क्षेत्र में जलस्तर बढ़ाने के साथ पशुओं के पीने के काम भी आ जाता था। राजस्थान में रेगिस्तानी इलाकों में टांके आदि परंपरागत जल संग्रहण के साधन होते थे। आज हम इन्हें भूलते जा रहे हैं। ऐसा नहीं है कि गिरते भूजल स्तर और जल संग्रहण को लेकर सरकार गंभीर ना हो। बल्कि कहना तो यह होगा कि सरकार अत्यधिक गंभीर होने के बावजूद जो परिणाम आने चाहिए वह प्राप्त नहीं हो सके हैं। इसका एक प्रमुख कारण दूरगामी सोच के साथ नीति और क्रियान्वयन का ना होना भी है। सरकार द्वारा वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बड़े स्तर पर बनाने और निजी मल्टी स्टोरीज व सरकारी, गैरसरकारी संस्थानों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाने पर जोर और बनाये जाने के बावजूद उनकी गुणवत्ता को लेकर सवाल इसलिए उठते रहते हैं कि ना तो रखरखाव पर ध्यान दिया जाता है और ना ही पानी के बहाव का पूरा ध्यान देने के कारण यह अपने उद्देश्यों पर खरे नहीं उतरे हैं।

ऐसा नहीं है कि इन हालातों से सरकार अनजान हो। यही कारण है कि राजस्थान की भजनलाल सरकार ने मानसून के ठीक पहले पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून से 20 जून तक समूचे प्रदेश में वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान संचालित कर रही है। राज्य सरकार द्वारा समूचे प्रदेश में इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के दौरान जल संरचनाओं का जीर्णोद्धार, जल प्रदूषण में कमी, पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरुकता, भूजल पुनर्भरण, व्यवहार परिवर्तन से बेहतर जल उपयोग और व्यापक स्तर पर पौधारोपण कर हरियालो राजस्थान की तैयारी आरंभ की है। रामगढ़ राजस्थान की राजधानी जयपुर की किसी जमाने में पेयजल की उपलब्धता के लिए जीवन रेखा माना जाता था और 1982 के एशियाड की नौकायन प्रतियोगिता के बाद इसके बहाव क्षेत्र में अतिक्रमण का जो ग्रहण लगा वह इसे सूखे मैदान में बदल कर रख दिया है।

पिछले लंबे समय से रामगढ़ को पुनर्जीवित करने की मुहिम चल रही है। लगता है सरकार ने यहां वैकल्पिक स्त्रोत से पानी लाने की जो योजना बनाई है और समग्र प्रयासों से परंपरागत पानी के अवरुद्ध रास्ते चलने लगते हैं तो रामगढ़ को नया जीवन मिल सकेगा। रामगढ़ तो एक उदाहरण मात्र है देश व प्रदेश में ऐसे हजारों की संख्या में जल संग्रहण स्त्रोत है जो अतिक्रमणों व शहरीकरण की भेंट चढ़ रहे हैं। शहरीकरण के विस्तार के समय यदि परंपरागत जल बहाव क्षेत्रों से छेड़छाड़ नहीं की जाए तो हालात इतने अधिक नहीं बिगड़े पर पैसा कमाने का लालच हमारी आने वाली पीढ़ी के लिए संकट लाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ता।

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने पाणी रो मान राखो-जीवण रो ध्यान राखो समयानुकूल संदेश दिया है। सरकार की गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि सभी मंत्रियों और प्रभारी सचिवों को इस कार्य की जिम्मेदारी सौंपी गई है। स्वयं मुख्यमंत्री श्रमदान कर रहे हैं। निश्चित रुप से इससे जागरुकता आएगी और जनभागीदारी भी बढेगी। देश के सभी राज्यों में इस तरह के अभियान चलाये जाने चाहिए। भले ही आज कुछ राज्यों में पानी का संकट दिखाई नहीं दे रहा हो पर पानी की बचत और भूजल के संग्रहण के प्रति हमें गंभीर होना ही होगा। पानी के पुनः उपयोग और पेयजल के अतिरिक्त अन्य कार्यों के लिए पुनः चक्रीकृत पानी के उपयोग को आदत बनाना होगा। हालांकि पानी के पुनः चक्रीकरण के लिए अभी व्यापक स्तर पर काम करने की आवश्यकता है। सरकार को प्राथमिकता से एसटीपी बनाने होंगे और इस तरह के पानी का उपयोग बढ़ाना ही होगा।

भूजल के संग्रहण और भूजल के दोहन के बीच समन्वय बनाना होगा नहीं तो आने वाला समय बहुत अधिक चिंतनीय और गंभीर होगा, इसमें किसी तरह का संदेह नहीं होना चाहिए। सही मायने में कहा जाए तो वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान सरकार की दूरगामी सोच का जन हितैषी कार्यक्रम माना जाना चाहिए क्योंकि सरकार की समझ और गंभीरता को इससे समझा जा सकता है कि कार्यक्रम को आमजन से जोड़ने के लिए ही जनअभियान नाम दिया गया है।

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# सौ दिन चले ढाई कोस

**मनोज कुमार मिश्र**

27 साल के लंबे इंतजार के बाद दिल्ली में रेखा गुप्ता की अगुवाई में बनी सरकार के सौ दिनों के जश्न पर कहा जा सकता है कि सौ दिन चले ढाई कोस। कायदे में किसी भी सरकार के कामकाज को परखने के लिए सौ दिन काफी कम होते हैं। तब यह और चुनौतीपूर्ण हो गया है जब 27 साल के लंबे इंतजार के बाद भाजपा को दिल्ली सरकार में वापसी का अवसर मिला। इतना ही नहीं दिल्ली में ही लगातार लोकसभा और कई बार नगर निगम जीतने के बावजूद दिल्ली विधानसभा में उसे सफलता नहीं मिल रही थी। इसके चलते चुनाव प्रचार में भाजपा ने वायदों का अंबार लगा दिया। इतना ही नहीं इस बार भी चुनाव में कोई मुख्यमंत्री का उम्मीदवार घोषित नहीं किया गया और चुनाव प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम पर लड़ा गया। चुनाव में भाजपा को केवल दो फीसदी के अंतर से सत्ता मिली। जिन्हें विधानसभा का टिकट मिलने और कई बार पराजित होने के चलते जीतने का पहले से पूरा भरोसा न था, वे ही मंत्री और मुख्यमंत्री बने।

सरकार के सौ दिनों का जश्न भी अलग अंदाज में मनाया गया। 31 मई को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम के मंच पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का फिल्म अभिनेता अनुपम खेर लाइव साक्षात्कार ले रहे थे और बाकी मंत्री मंच के नीचे बैठे थे। कार्यक्रम के अंत में सभी मंत्री मंच पर आए और उनका ग्रुप फोटो मुख्यमंत्री और अनुपम खेर के साथ खींचा गया। नारा दिया गया-सौ दिन सेवा के। एक दिन पहले 30 मई को मुख्यमंत्री गुप्ता ने अपने सहयोगी मंत्रियों के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस करके सरकार के सौ दिनों के जश्न की शुरूआत की। तभी से हर संचार माध्यमों और सोशल मीडिया पर रेखा सरकार की उपलब्धियों का बखान किया जाने लगा है। पहली जून को रेखा गुप्ता चुनावी संकल्प पूरा करने के लिए हरिद्वार गंगा स्नान कर आईं।

प्रेस कॉन्फ्रेंस और आयोजन में सरकार ने अपना वर्कबुक जारी किया। दावा किया गया कि रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने दिल्ली के सुनहरे भविष्य की नींव रखी है। वहीं, विधानसभा में विपक्ष की नेता और दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी का आरोप है कि भाजपा सरकार ने अपना एक भी चुनावी वायदा नहीं पूरा किया। महिलाओं को पेंशन देने से लेकर सार्वजनिक परिवहन प्रणाली को बेहतर करना अभी तक पूरा नहीं हुआ। सौ दिनों में ही दिल्ली सरकार पटरी से उतर गई।

विपक्ष के आरोप भले राजनीतिक हों लेकिन वास्तव में इस सरकार ने 25 मार्च को एक लाख करोड़ का बजट लाकर जो वातावरण बनाया था, वह धरातल पर अभी उतरता नहीं दिख रहा है। केन्द्र में भाजपा की अगुवाई वाली सरकार है ही, दिल्ली में भाजपा सरकार बनते ही दिल्ली नगर निगम में भी भाजपा का मेयर बन गया। अब तो निगम के 15 निगम पार्षदों ने आम आदमी पार्टी से अलग होकर अलग दल ही बना लिया। इक्का-दुक्का पार्षद तो साल भर से आम आदमी पार्टी से अलग होकर भाजपा के साथ आते रहे हैं। कायदे में तो काफी दिन से भाजपा निगम में भी बहुमत में आ गई थी। यानी दिल्ली में हर स्तर पर शासन में भाजपा के होने के बावजूद सरकार की पहचान दिल्ली में न दिखाई देना लोगों को अखरने लगा है। जिस आआपा पर भाजपा हर समय चुनावी मोड में होने का आरोप लगाती रही है, वही आरोप उसपर आम आदमी पार्टी और हाशिए पर चली गई कांग्रेस लगा रही है।

यह सही है कि अपने वायदे के मुताबिक दिल्ली की नई सरकार की पहली मंत्रिमंडल की बैठक में दिल्ली में भी आयुष्मान योजना लागू करने का फैसला लिया गया। बताया गया कि अब तक तीन लाख दस हजार पात्र लोगों का इस योजना में पंजीकरण कर दिया गया है। महिलाओं को पेंशन देना यानी महिला समृद्धि योजना के लिए 5100 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। पात्र लोगों को चिह्नित करने का काम शुरू हो गया है। सड़कों के मरम्मत के लिए बजट आवंटित कर दिए गए हैं। मानसून से पहले 250 किलोमीटर सड़क के मरम्मत का काम पूरा हो जाएगा। दिल्ली को वायु प्रदूषण से मुक्त करने के लिए वायु प्रदूषण शमन योजना बनाई गई है। सरकार का फोकस दिल्ली की साफ-सफाई पर है लेकिन नालों को साफ करके कचरा किनारे रखने से संकट बढ़ेगा। बरसात होते ही फिर से कचरा नालों में जाएगा और फिर से सड़कों पर पानी जमा होगा। हर बरसात में दिल्ली का शोपीस बना मिंटो ब्रिज अब दोनों तरफ की सड़कों से काफी नीचे हो गया है। उसपर जलजमाव न होने का एक ही उपाय है कि उस पर फ्लाई ओवर बने। यह सालों से कहा जा रहा है लेकिन तय कब होगा, किसी को पता नहीं है। सही हालात तो यह है कि अभी बजट पास होने और उसके आवंटन के बाद समय कम मिला है इसलिए अभी मुख्यमंत्री या मंत्री दावे करने के बजाए बुनियादी कामों पर ज्यादा ध्यान दें।

आम आदमी पार्टी के हारने के कई कारणों में एक काम यह माना जाता है कि उसकी सरकार ने दिल्ली की मूल ढांचे की बेहतरी के लिए ठोस काम नहीं किए। लेकिन उसके कुछ अच्छे कामों में से एक काम प्राइवेट स्कूलों की फीस पर नियंत्रण रखना था। आम आदमी पार्टी की सरकार जाते ही प्राइवेट स्कूलों ने बेहिसाब फीस बढ़ा दी। भाजपा सरकार को इसके विरोध में सड़कों पर उतरे लोगों को शांत करने के लिए मजबूरन कठोर कदम उठाने पड़े। सरकार फीस रेगुलेटरी बिल लेकर आई। तब जाकर माहौल बदला। यह सरकार को सोचना होगा कि ऐसा क्यों हुआ और आगे किसी और मामले में ऐसा न हो।

कुछ काम निश्चित रूप से दिल्ली की ठोस बुनियाद के लिए शुरू हुए हैं। सीएम श्री योजना के तहत 70 विश्वस्तरीय स्कूल खोले जाएंगे और आम आदमी पार्टी सरकार के 500 मोहल्ला क्लीनिक के बदले 1100 से ज्यादा आयुष्मान आरोग्य मंदिर बनाए जाएंगे। इसकी शुरूआत भी हो गई है लेकिन इस सरकार के सामने चुनौतियों का पहाड़ खड़ा है। सबसे बड़ी चुनौती तो दिल्ली में अपने काम से बड़ी लकीर खींचने की है। अभी भी 15 साल के शासन में जो उपलब्धि कांग्रेस शासन में शीला दीक्षित ने हासिल कर ली थी, वह किसी और नेता के लिए चुनौती है।

पहली बार विधायक बनकर मुख्यमंत्री बनीं रेखा गुप्ता के लिए यह चुनौती काफी बड़ी है। उनकी टीम में उनसे वरिष्ठ नेता तो हैं ही, ऐसे अनेक नेता हैं जिनको हर मामले में उनसे ज्यादा अनुभव है। विधानसभा अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता की सक्रियता से कई नेता परेशान हैं। भाजपा दिल्ली में विधानसभा बनने के बाद हुए पहले चुनाव यानी 1993 में सत्ता में आई थी। आपसी विवाद आदि के चलते पांच साल में भाजपा को तीन मुख्यमंत्री बदलना पड़ा। 1998 में दिल्ली की सत्ता से बेदखल होने के बाद इस बार वह सत्ता में लौट पाई है। इस बार भाजपा बिना मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित किए चुनाव लड़ी और 70 सदस्यों वाली विधानसभा में 45.86 फीसदी वोट और 48 सीटों के साथ सत्ता में वापसी की। दस साल से दिल्ली में सत्ता में बैठी आम आदमी पार्टी का वैसे तो वोट औसत काफी (करीब दस फीसद) घटा लेकिन भाजपा के मुकाबले दो फीसदी कम यानी 43.57 फीसदी पर रह गई। उसकी सीटें केवल 22 रह गईं।

अभी आम आदमी पार्टी की सरकार पंजाब में है और उसके विधायक गुजरात में भी हैं। इसी के चलते पार्टी अपने स्थापना के पांच साल में ही राष्ट्रीय पार्टी बन गई। चुनाव नतीजों के बाद अरविंद केजरीवाल काफी संभल कर बोल रहे हैं। इतना ही नहीं उन्होंने दिल्ली को पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी को विपक्ष का नेता बना कर और सौरभ भारद्वाज को दिल्ली प्रदेश का अध्यक्ष बनाकर सौंप दिया है। वे ज्यादा समय पंजाब आदि राज्यों में दे रहे हैं। केजरीवाल समेत पार्टी के बड़े नेताओं पर शराब घोटाले समेत कई मामले चल रहे हैं। उन्हें सुप्रीम कोर्ट से सशर्त जमानत मिली है। यानी आने वाले समय में उनको या मनीष सिसोदिया आदि को जेल जाना पड़ सकता है। आम आदमी पार्टी कोई कार्यकर्ता आधारित पार्टी नहीं है और न ही अन्य राज्यों के दलों की तरह जाति या वंशवादी भी नहीं है। यह तो केजरीवाल, उनके कुछ करीबियों और लाभार्थियों की पार्टी बनकर रह गई थी। इसलिए केजरीवाल पर बहुत कुछ झेलने का दबाव है। अगर वे साल भर इसे झेल लेते हैं तो पार्टी बचेगी, अन्यथा उसके बिखरने का खतरा है।

इससे बड़ी चुनौती भाजपा के सामने है। भाजपा सरकार बनने के साथ ही यमुना की सफाई की शुरूआत भी कर दी। दिल्ली की खराब सीवर प्रणाली, बड़ी संख्या में बस गई अनधिकृत कॉलोनियों की गंदगी आदि को तो सालों से यमुना ही झेल रही है। एक तिहाई दिल्ली में आज भी सीवर लाइन नहीं डली है। उसकी गंदगी सीधे यमुना में जाती है। यमुना नदी को साफ करने के लिए सबसे पहली जरूरत है कि ऐसी व्यवस्था बने कि एक बूंद भी सीवर, गंदगी या गंदा पानी यमुना में न जाए।

# झारखंड : विकास की दौड़ में डगमगाता पर्यावरणीय संतुलन

**मिथलेश दास**


5 जून का दिन हर वर्ष हमें पर्यावरण के महत्व की गूंज सुनाता है। परंतु, क्या हम सच में सुन पा रहे हैं इस पुकार को? विशेष रूप से झारखंड के परिप्रेक्ष्य में, जहाँ प्रकृति, आदिवासी संस्कृति और खनिज संसाधनों का अद्भुत संगम देखने को मिलता है- पर्यावरण दिवस केवल औपचारिक रस्म नहीं, बल्कि चेतना और आत्ममंथन का अवसर है। झारखंड शब्द ही अपने आप में 'झाड़-खांड' अर्थात जंगलों की भूमि का परिचायक है। परंतु दुखद सत्य यह है कि यह राज्य आज तेजी से अपने जंगल, अपनी नदियाँ, अपना प्राकृतिक वैभव और जैव विविधता खो रहा है। औद्योगीकरण, खनन, शहरीकरण और जलवायु परिवर्तन के संयुक्त प्रभाव से यह क्षेत्र एक गहरे पारिस्थितिकीय संकट की ओर बढ़ रहा है।

झारखंड देश का खनिज भंडार कहलाता है। कोयला, लौह अयस्क, तांबा, अभ्रक, बॉक्साइट जैसे खनिजों की प्रचुरता ने इसे देश के औद्योगिक मानचित्र पर प्रमुख स्थान दिया है। धनबाद, बोकारो, जमशेदपुर, चाईबासा, रामगढ़, सरायकेला, चतरा, लोहरदगा जैसे जिलों में खनन का वृहद विस्तार है। किन्तु यही खनन गतिविधियाँ आज इसके पर्यावरणीय संकट की जड़ बन चुकी हैं। खुले गड्ढों की खदानें, वनों की कटाई, जल स्त्रोतों का दूषित होना, भूमि कटाव, वायु प्रदूषण और जैव विविधता का तेजी से विनाश ये खनन की वह भयावह सच्चाई है, जो स्थानीय लोगों के जीवन में प्रत्यक्ष पीड़ा बनकर उभरती है। खनन के कारण होने वाले वनों के क्षरण से वर्षा चक्र भी प्रभावित हुआ है। इस क्षेत्र की पर्वतीय जलवायु में असंतुलन आया है और औसत तापमान में वृद्धि दर्ज की जा रही है। झारखंड की 26 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या आदिवासी है। इनका जीवन जंगल, जल और जमीन से गहराई से जुड़ा है। खनन, वन कटाई और भूमि अधिग्रहण ने इनके परंपरागत आजीविका साधनों पर प्रतिकूल प्रभाव डाला है। विस्थापन, बेरोजगारी, कुपोषण और सांस्कृतिक विघटन की समस्याएँ बढ़ती जा रही हैं। जनजातीय परंपराओं में प्रकृति को पूज्य मानने की परंपरा रही है। सरना, जाहेरथान, सिंगबोंगा आदि आस्थाएँ प्रकृति के साथ सामंजस्य की शिक्षा देती हैं। परंतु खनन कंपनियों और अनियंत्रित विकास परियोजनाओं ने इस सह-अस्तित्व को गहरा आघात पहुँचाया है। झारखंड के वनों में हाथी, तेंदुआ, बाघ, हिरण, सांभर, भालू और अनेक पक्षी प्रजातियाँ निवास करती थीं। लेकिन वनों के अतिक्रमण और विखंडन ने इनके आवास नष्ट कर दिए हैं। पलामू टाइगर रिजर्व जो कभी बाघों की शरणस्थली था, वहाँ आज बाघों की संख्या नगण्य हो गई है। हाथी मानव संघर्ष की घटनाएँ बढ़ती जा रही हैं। रांची, गुमला, लोहरदगा और पश्चिमी सिंहभूम में हाथियों का गाँवों में घुसकर फसलों का नुकसान और मानव मृत्यु की घटनाएँ चिंता का विषय हैं। वन्य जीवों का यह संघर्ष एक बड़ा संकेत है कि उनका प्राकृतिक आवास अब सिकुड़ चुका है और पारिस्थितिकीय तंत्र असंतुलित हो चुका है। खनन और वनों के क्षरण से झारखंड का जल संकट भी गंभीर होता जा रहा है। गर्मियों में रांची, बोकारो, धनबाद जैसे शहरों में जलापूर्ति बाधित होती है। ग्रामीण इलाकों में कुएँ व चापाकल सूखने लगे हैं। नदी तंत्र भी प्रभावित हुआ है। कोयल, शंख, दामोदर, स्वर्णरेखा जैसी नदियाँ प्रदूषण और जलविहीनता की चपेट में हैं। वर्षा का अनियमित चक्र और जल संचयन की उपेक्षा ने जल संकट को और भी गहरा बना दिया है। झारखंड पर जलवायु परिवर्तन का प्रभाव विशेष रूप से दिखने लगा है। कभी नियमित और संतुलित मानसून वाला यह क्षेत्र अब या तो अल्पवृष्टि का शिकार होता है या बेमौसम मूसलधार बारिश का। खेती-किसानी इस परिवर्तन से सर्वाधिक प्रभावित हो रही है। धान, मक्का, दलहन जैसी पारंपरिक फसलें संकट में हैं। फसल का चक्र प्रभावित हो रहा है और किसान कर्ज और पलायन के चक्र में फँस रहे हैं। इसके अतिरिक्त बढ़ती गर्मी, स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव, जल जनित रोग, कुपोषण की समस्या और आजीविका का संकट भी उभर कर सामने आ रहा है। सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएँ चलाई जा रही हैं जैसे बिरसा हरित ग्राम योजना, जल संरक्षण योजनाएँ, सौर ऊर्जा और नवीकरणीय ऊर्जा प्रोत्साहन, वृक्षारोपण अभियान, जनजातीय समुदायों के लिए वनाधिकार कानून आदि शामिल है परंतु इन प्रयासों का धरातल पर क्रियान्वयन अभी भी चुनौतियों से जूझ रहा है। परियोजनाओं का केंद्रीकरण, भ्रष्टाचार, जन सहभागिता की कमी और दीर्घकालिक दृष्टि के अभाव के कारण अपेक्षित परिणाम नहीं मिल पा रहे हैं।

झारखंड की पारिस्थितिकीय समस्या का समाधान 'स्थानीय समाधान' से ही संभव है। आदिवासी ज्ञान परंपराएँ, परंपरागत कृषि पद्धतियाँ, जल संचयन की तकनीकें, मिश्रित वानिकी, वनों का संरक्षण, सामुदायिक भागीदारी आधारित वनीकरण अभियान जैसी पहलों को बढ़ावा देना अत्यंत आवश्यक है। खरसावाँ और पश्चिमी सिंहभूम के कुछ गाँवों में ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से वनों की सुरक्षा के लिए महिला वन समितियाँ गठित की हैं, जिसके सकारात्मक परिणाम दिख रहे हैं। पलामू में कुछ जगहों पर परंपरागत जल सरंचनाएँ (अहड़, तालाब) पुनर्जीवित किए जा रहे हैं। झारखंड जैसे राज्य के लिए खनन पर निर्भरता से हटकर सौर ऊर्जा, बायोमास ऊर्जा और लघु जल विद्युत परियोजनाओं की दिशा में पहल जरूरी है। इससे न केवल पर्यावरणीय संतुलन सुधरेगा, बल्कि दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी। पर्यावरणीय जागरूकता के बिना कोई भी सरकारी योजना सफल नहीं हो सकती। स्कूलों, कॉलेजों, ग्राम सभाओं, महिला समूहों, स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से पर्यावरण शिक्षा और जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाने चाहिए। आदिवासी युवाओं को प्रकृति संरक्षण का नेतृत्व सौंपना एक दीर्घकालिक परिवर्तन ला सकता है।

## दैनिक पंचांग

**6 जून 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




**शुक्रवार** 2025 वर्ष का 157 वा दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** ज्येष्ठ **पक्ष** शुक्ल **तिथि** एकादशी 04.49 बजे प्रातः को समाप्त। **नक्षत्र** हस्त 06.34 बजे को समाप्त। **योग** व्यतीपात 10.13 बजे को समाप्त। **करण** वणिज 15.32 बजे तदनन्तर विष्टि 04.49 बजे प्रातः को समाप्त। **चन्द्रायु** 09.9 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 22° 39' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872367 **जूलियन दिन** 2460832.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** जिल्हेज **तारीख** 09 **विशेष** गायत्री जयंती, निर्जला एकादशी।

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृष में | मिथुन | 05.54 बजे से |
| चंद्र | कन्या में | कर्क | 08.07 बजे से |
| मंगल | कर्क में | सिंह | 10.23 बजे से |
| बुध | वृष में | कन्या | 12.35 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | तुला | 14.46 बजे से |
| शुक्र | मेष में | वृश्चिक | 17.00 ब.से |
| शनि | मीन में | धनु | 19.16 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मकर | 21.22 बजे से |
| केतु | सिंह में | कुंभ | 23.08 बजे से |
| | | मीन | 00.41 बजे से |
| राहुकाल 10.30 से 12.00 बजे तक | | मेष | 02.11 बजे से |
| | | वृष | 03.51 बजे से |

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से | 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 से | 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | काल | 07.11 से | 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से | 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 से | 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से | 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 से | 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से | 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से | 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से | 04.10 बजे तक | चर | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से | 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 से | 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### विधायक ने उपायुक्त से की शिष्टाचार भेंट



**रामगढ़ :** रामगढ़ जिले के नवनियुक्त उपायुक्त फैज अक अहमद से विधायक रोशन लाल चौधरी,बड़कागांव विधानसभा , उपायुक्त कार्यालय में शिष्टाचार भेंट किए। इस दौरान उन्हें नई जिम्मेदारी संभालने पर हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी गई। भेंट के दौरान पतरातू प्रखंड क्षेत्र के समग्र विकास, जनहित से जुड़ी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन तथा क्षेत्रीय समस्याओं के समाधान को लेकर सकारात्मक एवं सार्थक चर्चा हुई। अहमद के कुशल प्रशासनिक नेतृत्व में रामगढ़ जिला तेजी से विकास के मार्ग पर अग्रसर होगा और जिलेवासियों को लाभकारी योजनाओं का समुचित लाभ मिलेगा।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**कोडरमा :** डोमचांच प्रखंड अंतर्गत जानपुर पंचायत भवन में हैंड इन हैंड इंडिया के तत्वाधान में विश्व पर्यावरण दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व मुखिया मेघलाल सिंह, उप मुखिया रामदेव कुमार पंडित, हैंड इन हैंड इंडिया के उप परियोजना प्रबंधक तुलसी कुमार साव, सुजीत कुमार आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मुखिया मेघलाल सिंह ने कहा कि जल, जंगल, जमीन को सुरक्षित रखना हम सब की जिम्मेवारी है। उन्होंने कहा कि मानव अनुकूल पर्यावरण बनाए रखने के लिए पेड़-पौधे, नदी-नाला, पहाड़ का संरक्षण आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हर खुशी के अवसर पर एक पौधा लगाए तथा उन्हें संरक्षित करने का प्राण ले। वहीं उप मुखिया रामदेव कुमार पंडित ने कहा कि आज सिंगल युज प्लास्टिक हमारे पर्यावरण के लिए अभिशाप बनते जा रहा है इसलिए प्लास्टिक का उपयोग न करें तथा उसके जगह पर कपड़े से निर्मित थैली, पेपर बैग इत्यादि का उपयोग करें। उन्होंने पर्यावरण सुरक्षा जीवन रक्षा का नारा दिया। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप परियोजना प्रबंधक तुलसी कुमार साव ने कहा कि बढ़ते रासायनिक खाद एवं प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन पर्यावरण के लिए खतरा बन गया है। हमें अपने प्राकृतिक संसाधनों के साथ अच्छा व्यवहार करने की जरूरत है। कार्यक्रम के दौरान लोगों को हैंड इन हैंड इंडिया के द्वारा फलदर वृक्ष भी उपलब्ध कराए गए।

### यात्री बस और टैंकर में टक्कर, छह घायल

**लातेहार :** जिले के चंदवा थाना क्षेत्र के अमझरिया घाटी में गुरुवार को यात्री बस और टैंकर में सीधी टक्कर हो गई। इस घटना में दोनों गाड़ियों के चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। हालांकि कुछ यात्रियों को भी चोट आई। घायलों में चंदवा के जितेंद्र कुमार, महेश्वर साव, हीरा देवी सहित अन्य के नाम शामिल है। जिनका प्राथमिक इलाज चंदवा अस्पताल में किया गया। मिली जानकारी के अनुसार यात्री बस चंचल चतरा से चलकर रांची की ओर जा रही थी। वही सामने से एक टैंकर आ रही थी। अमझरिया घाटी में मोड़ के पास दोनों गाड़ियों में सीधी टक्कर हो गए । टक्कर इतनी गंभीर थी कि दोनों गाड़ियों के चालक गाड़ी में ही फंस गए। इधर घटना के बाद स्थानीय लोगों ने सक्रियता दिखाते हुए तत्काल राहत कार्य आरंभ किया और इसकी सूचना पुलिस को भी दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची और एंबुलेंस की मदद से घायल यात्रियों को अस्पताल भेजा। पुलिस तथा स्थानीय लोगों ने काफी मशक्कत करने के बाद गाड़ियों के चालक को गाड़ी से बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया।

# दैनिक जीवन में पर्यावरण के अनुकूल आदतें अपनायें : दीपिका पाण्डेय

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा :** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य एवं पंचायती राज विभाग मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह ने कोडरमा जिला का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने परिसदन परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। मंत्री ने उपस्थित जनों को पर्यावरण की शपथ दिलाई, जिसमें उन्होंने दैनिक जीवन में पर्यावरण के अनुकूल आदतें अपनाने, दूसरों को जागरूक करने तथा प्रकृति की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि पौधारोपण के साथ-साथ पौधों की देखरेख और संरक्षण भी आवश्यक है। कार्यक्रम में उपायुक्त ऋतुराज, अपर समाहर्ता पूनम कुजुर, अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर परिसदन परिसर में पौधरोपण किया। कार्यक्रम में जिला परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार सोनी, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिंस गोडविन कुजूर सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मी भी उपस्थित रहे।

### क्षेत्रीय हाट बाजार समिति महुलबना ने किया पौधरोपण

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड के महुलबना पंचायत के लायाडीह स्थित क्षेत्रीय हाट बाजार समिति महुलबना द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर समिति के पदाधिकारियों के द्वारा पौधा रोपण किया गया। जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष विश्वनाथ प्रामाणिक ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के सभी ग्रामीण क्षेत्र में हरियाली और पर्यावरण संरक्षण के लिए दो दो पेड़ लगाए ताकि वर्तमान में हो रही शहरीकरण के कारण बढ़ रहे प्रदूषण को नियंत्रित किया जा सके। कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष विश्वनाथ प्रामाणिक, सचिव तारापद मांडी, धनंजय महतो, बंकिम महतो, विभूति प्रमाणिक, आघनु महतो सहित कई सदस्य मौजूद हैं।

### रूडसेट संस्थान सिल्ली में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया



**सिल्ली :** सिल्ली श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि वीणा देवी रांची जिला उपाध्यक्ष और सिल्ली प्रमुख जीतेन बराई और निदेशक संजीत कुमार के नेतृत्व में संस्थान के सभी कर्मचारियों एवं प्रशिक्षणार्थियों के द्वारा यह अभियान पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं पर्यावरण की रक्षा के लिए किया गया, ताकि शुद्ध वातावरण, शुद्ध हवा, शुड जल, हम सभी को मिल सके, जिस से हमसभी लोग का जीवन स्वस्थ और बेहतर हो। मुख्य अतिथि के द्वारा रूडसेट संस्थान परिसर में विभिन्न प्रकार के पौधा रोपण किया और प्रशिक्षणार्थी को पर्यावरण को बचाने के लिए संदेश दिया कि पर्यावरण है तभी हम सब सुरक्षित है। लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ेगी तथा इसके संरक्षण में सभी लोग को मिलकर अपना अपना योगदान देना है, और अपने अपने घर जाकर एक एक पौधा भी लगाना है। मौके पर संस्थान के वरिष्ट संकाय अनिल कुमार, वरिष्ट संकाय जगदीश महतो, दशरथ महतो, महेश रोहिदास, सुनील मुंडा उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर संत माईकल +2 स्कूल के छात्रों ने दिखाया प्रदर्शन



**सिल्ली/मुरी :** गुरुवार के दिन पुरे विश्व में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जा रहा है। इस मौके पर संत माईकल +2 स्कूल, मुरी के विद्याथीयी ने भी अपना प्रदर्शन दिखाया। छात्रों ने विभिन्न माध्यमों से जैसे की पोस्टर, चित्र कला आदि से पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझाया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रो ने अपने घरो के आसपास विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए। छात्रो ने पर्यावरण दिवस के मौके पर पर्यावरण से जुड़े कई विषयों में जैसे की वृक्षारोपण, जल संरक्षण, पर्यावरण स्वच्छता आदि में अपना स्पीच देते हुए विडियो के माध्यम से साझा किया। इन प्रस्तुती में विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं ने विद्यार्थियों का सहयोग किया।

### कमला नेहरू इंटर कॉलेज में शादिया रानी बनी कॉलेज टॉपर



**अनगड़ा :** रांची जिला अंतर्गत नामकोम प्रखंड टाटीसिलवे कमला नेहरू इंटर कॉलेज में बारहवी का परीक्षाफल कला संकाय में 98 प्रतिशत रिजल्ट रहा कला संकाय में कुल 379 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। जिसमे प्रथम श्रेणी में 175 दुत्तिय श्रेणी में 191 तथा तृतीय श्रेणी में 6 परीक्षार्थी सफल हुए। जिसमें शादियां रानी 405 अंक प्राप्त कर कॉलेज में प्रथम स्थान प्राप्त किया करिश्मा कुमारी 377 अंक प्राप्त कर दुतिय स्थान तथा खुशबू कुमारी 372 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी सभी छात्र-छात्राओं को कॉलेज के अध्यक्ष डॉ लालमणि प्रसाद सचिव नवनीत कुमार सिंह तथा कॉलेज के प्राचार्य डॉ अजय कुमार सिंह ने सभी सभी शिक्षकों को बधाई दिए और सफल छात्र-छात्राओं का उज्जवल भविष्य की कामना की।

### जुबिली कॉलेज के विद्यार्थियों का इंटर आर्ट्स की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन

**भुरकुंडा :** जुबिली कॉलेज भुरकुंडा के विद्यार्थियों ने इंटरमीडिएट आर्ट्स संकाय की परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कॉलेज का कुल परीक्षाफल 92.9 प्रतिशत रहा, जिसमें अधिकांश विद्यार्थियों ने प्रथम व द्वितीय श्रेणी में सफलता हासिल की। कॉलेज के टॉपर लक्ष्मण कुमार ने 403 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं सायमा परवीन ने 401 अंकों के साथ द्वितीय स्थान एवं मो. तंजील अंसारी ने 394 अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त रेखा कुमारी ने 381 तथा मीना कुमारी ने 378 अंक प्राप्त कर कॉलेज के टॉप फाइव में स्थान बनाया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एकेएस झा ने बताया कि इस वर्ष प्रथम श्रेणी में 262 और द्वितीय श्रेणी में 223 विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की है। उन्होंने विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। महाविद्यालय परिवार ने भी इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी हैं।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर पाठक बगान में लगाए गए विभिन्न प्रकार के पौधे

**पतरातू :** विश्व पर्यावरण दिवस के शुभ उपलक्ष्य पर पतरातू प्रखंड के लबगा पंचायत स्थित ग्राम रसदा के पाठक भवन के समीप पाठक बगान में प्रमोद पाठक के नेतृत्व में उनके परिवार के सदस्यों एवं अन्य ग्रामीणों के द्वारा विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया गया। इस मौके पर नई पीढ़ी के बच्चों के द्वारा भी पौधरोपण कराया गया। जिनमें अंकित कुमार राहुल पाठक पिंटा पहान राजकुमार व अन्य लोगों के द्वारा पौधारोपण किया गया। साथ ही इन पौधों के संरक्षण की जिम्मेदारी भी उक्त लोगों के द्वारा ली गई। इस विशेष मौके पर प्रमोद पाठक ने कहा कि सिर्फ पौधे रोपने से उनका विकास नहीं होता है उनका उचित संरक्षण एवं रखरखाव भी उतना ही अनिवार्य है। यदि हम एक पेड़ विकसित रूप में देखना चाहते हैं तो आज पौधों को लगाने की आदत डालें तभी आगे जाकर आने वाले दिनों में हमें एक स्वच्छ वातावरण प्राप्त हो सके। जिससे हमारी आने वाली युवा पीढ़ी सशक्त व मजबूत हो पाए।

# इंटरमीडिएट कला संकाय में एस एस+2 विद्यालय के विद्यार्थियों का बेहतर प्रदर्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता





**सिल्ली :** गुरुवार के दिन झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने इंटरमीडिएट कला संकाय का परीक्षाफल जारी किया जिसमें एस एस+2 विद्यालय सिल्ली के विद्यार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन किया। परीक्षा में विद्यालय की ओर से कुल 116 विद्यार्थी शामिल हुए थे। जिसमें 83 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी एवं 33 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण होकर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय स्तर पर नेहा कुमारी 431 अंक लाकर प्रथम स्थान, नितेश बेदिया 396 अंक लाकर द्वितीय स्थान एवं रजनी कुमारी 395 अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य पवन कुमार पांडे ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि बेहतर परिणाम हासिल करने में बच्चों ने काफी कठोर परिश्रम किया और साथ ही शिक्षक शिक्षिकाओं ने सही मार्गदर्शन के साथ बच्चों को अध्ययन करने में काफी मदद की। जिससे बच्चों ने बेहतर प्रणाम हासिल किया। पूरे विद्यालय परिवार ने बेहतर प्रणाम हासिल करने पर बच्चों को शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### आर टी आई इंटर कॉलेज का शत प्रतिशत रहा रिजल्ट

**अनगड़ा :** आर० टी० सी० इन्टर महाविद्यालय, पी०एच०ई०डी०, बुटी, राँची के कला संकाय 2025 में 371 विद्यार्थियों में से प्रथम श्रेणी से 304 एवं द्वितीय श्रेणी से 67 पास किया। महाविद्यालय के कला संकाय में दिव्या कुमारी 432 अंक लाकर प्रथम स्थान, शिवानी कुमारी 418 अंक लाकर द्वितीय, पुष्पा कुमारी 409 अंक लाकर तृतीय स्थान, खुशबू कुमारी एवं शोभा कुमारी 406 अंक लाकर चतुर्थ स्थान एवं रिया कुमारी 404 अंक लाकर पंचम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रौशन किया। महाविद्यालय के निदेशक डॉ० रूद्र नारायण महतो एवं प्राचार्य विकास कुमार ने संयुक्त रूप से छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक शिक्षिकाओं का मेहनत का परिणाम बताया।

### बृज बिहारी पांडे की 13वीं पुण्यतिथि मनाया गया

**अनगड़ा :** नामकोम एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा कार्यालय टाटी सिलवेरांची में बृज बिहारी पांडे की 13 हुई पुण्यतिथि एवं पर्यावरण दिवस धूमधाम से मनाया गया जिसका उद्घाटन एक्यूप्रेशर परिषद के राष्ट्रीय सचिन प्रकाश बरनवाल प्रदेश सचिव डॉ मधुसूदन पांडे कार्यालय सचिव सुधा तिवारी के द्वारा सामूहिक दीप प्रज्वलित कर किया गया इस अवसर पर बृज बिहारी पांडे पुजारी जी की तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। प्रकाश बरनवाल ने बताया की पर्यावरण और एक्यूप्रेशर मे गहरा संबंध है अपने उद्घाटन भाषण में डॉक्टर मधुसूदन पांडे ने कहा की जब तक हम नेचर की तरफ दो कदम न चलें तब तक हम स्वस्थ नहीं रह सकते हैं। स्वस्थ रहने के लिए पर्यावरण में संतुलन और पांच तत्वों में संतुलन अति आवश्यक है ।

## ग्राम प्रधान संघ की बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पटमदा :** पटमदा अंचल सभागार में ग्राम संघ की मासिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में अंचल से जुड़े जमीनी कागजातों को सही समय पर निर्गत करवाने,खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा राशन वितरण में पारदर्शिता, ग्राम प्रधान संघ के सफेद ड्रेस कोर्ड को सभी ग्राम प्रधान को प्रत्येक माह में होने वाले मासिक बैठक में पहनकर आना अनिवार्य किया गया। जानकारी देते हुए संघ के सचिव मृत्युंजय महतो ने बताया कि अंचल में आम जनता को किसी भी प्रकार की समस्या न हो। सरकार के द्वारा मिलने वाले राशन का वितरण लाभुक तक पारदर्शिता के द्वारा किया जाए। अंचलाधिकारी डॉ राजेंद्र कुमार दास ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। बैठक में अध्यक्ष वृंदावन दास, सचिव मृत्युंजय महतो, संदीप मिश्रा, सुभाष सिंह, सुधीर टुडू, मदन मोहन महतो, मुचीराम कुंभकार, शंभू दास, विकास महतो, परीक्षित महतो सहित दर्जनों ग्राम प्रधान उपस्थित थे।

# पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण हम सभी का कर्तव्य है : डॉ अजय सिन्हा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अनगड़ा :** नामकोम टाटीसिलवे मिलन चौक स्थित कमला नेहरू इंटर कॉलेज में विश्व पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ अजय कुमार सिन्हा के नेतृत्व में वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान कॉलेज परिसर में विभिन्न तरह के पौधों का वृक्षारोपण किया गया इस दौरान डॉ अजय कुमार सिन्हा ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण हेतु पूरे विश्व में 5 जून को मनाया जाता है। वर्ष 1972 में पर्यावरण के प्रति वैश्विक स्तर पर राजनीतिक और सामाजिक जागृति लाने हेतु इस दिवस को मनाने की घोषणा संयुक्त राष्ट्र ने की थी। इसे 5 जून से 16 जून तक संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा आयोजित विश्व पर्यावरण सम्मेलन में चर्चा के बाद शुरू किया गया था। यह कई गैर-सरकारी संगठनों, व्यवसायों, सरकारी संस्थाओं द्वारा समर्थित है और पर्यावरण का समर्थन करने वाले संयुक्त राष्ट्र के प्राथमिक आउटरीच दिवस का प्रतिनिधित्व करता है। 5 जून 1973 को पहला विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया तभी से ही यह समुद्री प्रदूषण, अधिक जनसंख्या, ग्लोबल वार्मिंग, टिकाऊ विकास और वन्यजीव अपराध जैसे पर्यावरणीय मुद्दों पर जागरूकता बढ़ाने का एक मंच रहा है। विश्व पर्यावरण दिवस सार्वजनिक आउटरीच के लिए एक वैश्विक मंच है, जिसमें सालाना 143 से अधिक देशों की भागीदारी होती है।

# विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के प्रति चलाया गया जागरूकता अभियान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**ईचागढ़ :** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सरायकेला जिले के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र में ईचागढ़ वाड़ी परियोजना एवं ईचागढ़ वाड़ी प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड (एफपीओ) के संयुक्त तत्वधान में आज ईचागढ़ प्रखण्ड के कुदालोंग गाँव में लोगों को पर्यावरण संरक्षण एवं सतर विकास के महत्व प्रति जागरूक करने के लिए ईचागढ़ वाडी मोवार कम्पनी लिए निर्देशक कल्पना उरांव एवं सोमवारी उरंव द्वारा संयुक्त रूप से इसी गाँव के आमटांड़ टोला में आंवला के पौधे का वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर एफपीओ के सचिव निवारण कालिंदी ने विश्व पर्यावरण दिवस के महत्व के बारे में अवगत करते हुए कहा कि वृक्षारोपण एवं वृक्षों की बचाव से ना सिर्फ जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणाम से मुक्ति मिलेगी यह केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं है। बल्कि एक जागरूकता का प्रतिक है क्योंकि हमारा जीवन वृक्ष, पानी, मिट्टी, स्वच्छ हवा पर निर्भर करता है वृक्षारोपण की छोटा सा कदम आने वाले कोई पिढ़ियों तक फल फूल, छाया, ऑक्सीजन मिलता रहेगा। इस अवसर पर अहिभूषन जोवनी, दीनबन्धु महती, आशुत्लेष महती विभिषन मांझी, सुदन मांझी, निदेश ब्रॉन भरत उरांव, सनातन मांझी, निरंजन मांझी अन्य लोग उपस्थित थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल संख्या–1, राँची**

**अति अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना–28/2025–26**

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल संख्या–1,राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री करने की तिथि एवं समय : दिनांक 12.06.2025 को 1.00 (एक) बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 13.06.2025 को 3.00(तीन) बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 13.06.2025 को 3.30(साढ़े तीन) बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर भवन अंचल–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची एवं कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष राँची।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय।
8. कार्यों का विवरण :

| क्र | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of B type Quarter No-1/16 (16 Set) at New Police, Kanke Road Ranchi | 392950 | 7900 | 750 | One Month |
| 2 | Repair work of ADJ Quarter No-22 & 24 at Judge Colony, Kanke Road, Ranchi | 1093200 | 21900 | 2500 | One Month |
| 3 | Renovation work of ADJ Quarter No-21 at Judge Colony, Kanke Road Ranchi | 862100 | 17300 | 1250 | One Month |
| 4 | Renovation of Staff Quarter and Guard Room in Campus of Old Chief Engineer Office at Deputy Para Road, Ranchi | 1399600 | 28000 | 2500 | Two Months |
| 5 | Renovation of DC Office Room No-201, 202,203, 2024 and Chamber in Collectorate Building Block (A) at Kutchary Ranchi | 1384200 | 27700 | 2500 | Two Months |
| 6 | Renovation of B type Quarter No-49/56, 56 Set at Doranda Ranchi | 396500 | 8000 | 750 | One Month |
| 7 | Renovation of B type Quarter No-91/124 at Doranda Ranchi | 380050 | 7700 | 750 | One Month |
| 8 | Renovation of B type Quarter No-15/24 at New Police Line, Kanke Road, Ranchi | 399200 | 8000 | 750 | One Month |
| 9 | Renovation of office's Flat Quarter No-18/28 Occupied by Shri Mahindra Kumar Pandey, Asst. Registrar, Near Nepal House, Ranchi | 1424450 | 28500 | 2500 | Two Months |
| 10 | Renovation of B type Quarter No-111/124, 124 Set at Doranda Ranchi | 506600 | 10200 | 1250 | One Month |
| 11 | Renovation of D type Officer's Flat Quarter No-13/18, 18 Set (Change of Occupancy) at Doranda Ranchi | 757900 | 15200 | 1250 | One Month |
| 12 | Renovation of B type No-17/56 Set at Doranda Ranchi | 396300 | 8000 | 750 | One Month |
| 13 | Renovation of A type Quarter No-A/10, 48 Set at Near Seth Sita Ram School, Doranda, Ranchi (High Court Pool) | 291450 | 5900 | 750 | One Month |
| 14 | Renovation of A type Quarter No-1 and 2 (2 Units) at Audrey House, Rajbhawan Pool Ranchi | 490500 | 9900 | 750 | One Month |
| 15 | Renovation of C type Quarter No-9/18 Set at Secretariat Colony, Hinoo Ranchi | 452400 | 9100 | 750 | One Month |

नोट :– निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्ल संख्या–1, राँची।

PR 354365 (Building) 25-26 (D)

# साहिबगंज उत्तर वाहिनी गंगा में हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** झारखंड के साहिबगंज जिला राज्य का एकमात्र जिला है, जहां गंगा नदी है। गंगा दशहरा के अवसर पर साहिबगंज से प्रवाहित होने वाले उत्तर वाहिनी गंगा में गुरुवार को हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। गंगा दशहरा के अवसर पर गंगा स्नान करने और उत्तर वाहिनी गंगा में स्नान करने का विशेष महत्व है। इस कारण अहले सुबह से ही उत्तर वाहिनी गंगा घाट, मुक्तेश्वर गंगा घाट, ओझा टोली गंगा घाट, शकुंतला सहाय गंगा घाट, चानन गंगा घाट, सकरीगली समदा घाट, महादेवगंज ग्रम घाट, एवं राजमहल के सूर्य देव घाट, गुदारा घाट, संगत घाट, कालीघाट, बजरंग घाट, महाजन टोली घाट, कन्हैया स्थान घाट व नौगच्छी गंगा घाट में भक्तों की भीड़ उमड़ी।



इन इलाकों से आ रहे भक्त इस दौरान साहिबगंज मुख्यालय व नौ प्रखंड सहित आसपास ग्रामीण क्षेत्र के अलावे संथाल परगना के विभिन्न इलाके दुमका, गोड्डा, लिट्टीपाड़ा, आमड़ापाड़ा, काठीकुंड, गोपीकांदर, बोआरीजोर, बोरियों, बरहरवा, बरहेट, सुंदर पहाड़ी, नीनीहाट सहित अन्य इलाके से आए श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान एवं गंगा में पूजन किया। आज गंगा तट पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा है। लोग गंगा स्नान और गंगा पूजन के बाद स्थानीय मंदिरों में भी पूजा अर्चना कर रहे हैं। इधर, पूजन सामग्री और फलों की भी खूब बिक्री हो रही है। हालांकि, गंगा दशहरा के कारण इलाके में अत्यधिक वाहनों के प्रवेश होने की वजह से शहर में यातायात व्यवस्था अस्त-व्यस्त हो गयी है।

**गंगा दशहरा पर फल दान का विशेष महत्व**

गंगा दशहरा पर गंगा स्नान एवं गंगा पूजन के बाद मां गंगा को फल दान करने का विशेष महत्व है। पौराणिक मान्यता के अनुसार श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान के उपरांत आम फल और केला को विशेष रूप से मां गंगा को दान किया। गंगा दशहरा पर स्नान के उपरांत दान करने से जहां पापों से मुक्ति मिलती है। वहीं, मां गंगा अपने आशीर्वाद से आर्थिक मजबूती भी प्रदान करती हैं। इसलिए श्रद्धालुओं ने फल दान किया।

**मन्नतें पूरी होने पर कराया मुंडन संस्कार**

गंगा तट पर पूजा करती महिलायें मां गंगा से किये गये मन्नत पूरी होने पर श्रद्धालुओं ने अपने बच्चों का मुंडन संस्कार गंगा तट पर करवाया। गंगा दशहरा के अवसर पर गंगा तट पर मां गंगा के पूजन के बाद बच्चों का मुंडन संस्कार कराया गया। इस दौरान गंगा तट पर ही श्री सत्यनारायण भगवान की पूजा भी की गयी और व्रत कथा सुना गया।

## एक नजर

### गांव में पैर पसार रहा है मलेरिया बुखार : विभाग सतर्क

**बरहरवा :** प्रखंड के कालू पंचायत में जानलेवा मलेरिया का बुखार फिर से पांव पसारने लगा है। मलेरिया के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंच कर गांव में सर्वे किया। इस दौरान स्वास्थ्य टीम ने मलेरिया मास सर्वे एवं घर-घर फीवर सर्वे करते हुए सभी बुखार पीड़ित रोगियों को मलेरिया जाँच किया। मलेरिया जांच लगभग 20 लोगों का किया गया। जांच किए गए सभी मरीजों का जांच रिपोर्ट नेगेटिव पाए गए। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बरहरवा के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दीपक कुमार ने बताया कि कालू पंचायत के सिरासीन गांव में मलेरिया के मरीज पाएं गये थे। इस पर हमारी टीम त्वरित कार्रवाई करते हुए जांच को पहुंचे ताकि बढ़ते प्रकोप को रोका जा सके। वहीं हमारी टीम ने गांव के सभी घर में जाकर बारी बारी से सभी की जांच किया। मौके पर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दीपक कुमार, एमपीडब्ल्यू जयदेव साहा, जीएनएम आयशा परवीन, सहिया रोजिना बीवी सहित अन्य मौजूद थे।

### सीमेंट लोड ट्रक के चपेट में आने से एक युवक गंभीर रूप से घायल

**बरहरवा :** कोटालपोखर थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़ासोनाकड़ गाँव के समीप सीमेंट लोड ट्रक डब्लूबी 35/1813 के चपेट में आ जाने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार पाकुड़ जिले के हिरणपुर थाना क्षेत्र के बड़तल्ला खुदुटाड़ के निवासी तबरेज अंसारी उम्र 20 वर्ष पिता मुमताज अंसारी कोटालपोखर किसी कार्य से जा रहा था। तभी विपरीत दिशा से आ रही सीमेंट लोड ट्रक के चपेट में आ गया। जिससे वह बुरी तरीके से घायल हो गया। आनन-फानन में उसे इलाज के लिए स्थानीय चिकित्सकों के पास ले जाया गया। जहाँ चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज करने के बाद बेहतर इलाज के लिए बाहर रेफर कर दिया। परिवार जनों ने घायल के बेहतर ईलाज के लिए भागलपुर ले गए।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर हो समाज महासभा ने चलाया सफाई अभियान

**पश्चिम सिंहभूम :** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आदिवासी हो समाज युवा महासभा और महिला महासभा के संयुक्त तत्वाधान में शहर में व्यापक सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व युवा महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष इपिल सामड ने किया। सफाई कार्य की शुरूआत कला एवं संस्कृति भवन परिसर से की गई, जो आईटीआई कैंपस, डीसी ऑफिस मेन गेट, राजू डाबा, फॉरेस्ट ट्रेनिंग स्कूल, वाईल्ड जिंजर, नेहरू चौक और मयूर होटल के आसपास तक चला। इस दौरान रास्ते में पड़े कूड़े-कचरे, प्लास्टिक और कागजों को एकत्र कर साफ किया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण को स्वच्छ और स्वस्थ रखना, गंदगी से फैलने वाली बीमारियों से बचाव और स्थानीय लोगों को जागरूक करना था। लोगों को बताया गया कि प्लास्टिक प्रदूषण, जैव विविधता की हानि और जलवायु परिवर्तन जैसी समस्याएं सीधे हमारे जीवन पर असर डाल रही हैं। स्वच्छता और कचरा प्रबंधन से ही इन खतरों से बचा जा सकता है। इस मौके पर महिला महासभा की अध्यक्ष अंजु सामड, युवा महासभा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सुरेंद्र पुरती, जिलाध्यक्ष शेरसिंह बिरुवा, सचिव ओएबन हेम्ब्रम, सदर अनुमंडल सचिव अशीष तिरिया, जगन्नाथपुर पूर्व अनुमंडल सचिव सिकंदर तिरिया, रेंगो सामड, सुरेश पिंगुवा, दुद्दूगर पिंगुवा, थॉमस बिरुवा, टाटाराम सामड, पवन विश्वजीत बिरुवा, योगेश्वर पिंगुवा, प्रमिला बिरुवा, जामदार हेम्ब्रम, यशमति सिंकू, एरिक बिरुवा सहित कई सदस्य उपस्थित रहे। अभियान के अंत में प्रतिभागियों ने संकल्प लिया कि समाज और पर्यावरण की रक्षा के लिए ऐसे अभियान भविष्य में भी जारी रहेंगे।

## भाजपा जिला कार्यालय भवन निर्माण का बाबूलाल मरांडी ने किया शिलान्यास



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** भाजपा जिला कार्यालय के नए भवन निर्माण का शिलान्यास व भूमि पूजन गुरुवार को किया गया। शहर के पुरानी साहिबगंज स्थित जिला कार्यालय में नया भवन सर्वसुविधा युक्त बनना है। इसके लिए गुरुवार को भूमि पूजन कराया गया। मौके पर प्रमुख अतिथि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, विशिष्ट अतिथि कर्मवीर सिंह, विरंची नारायण, बाल मुकुंद सहाय, राजमहल के पूर्व विधायक अनंत ओझा आदि उपस्थित थे। पूजन कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष उज्ज्वल मंडल सपत्नीक बैठे। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने निर्माण कार्य का शिलान्यास नींव में ईंट जोड़कर व शिलान्यास पट का अनावरण कर व नारियल फोड़ कर किया। नया भवन बनने का काम जल्द प्रारंभ हो जाएगा। इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करते हुए संगठन पर चर्चा किया। मौके पर महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष गरिमा साह, रणधीर सिंह, बजरंगी प्रसाद यादव, पंकज चौधरी, संजय पटेल, बमबम मंडल, कमल भगत, कुसुमाकर तिवारी, पवन सिंह, राजीव चौधरी, कृष्णा महतो, धर्मेंद्र कुमार, गौतम पंडित, कुंदन पासवान, अमर सिंह, आदि उपस्थित थे।

## पोकलेन व हाइवा आगजनी कांड में पुलिस ने दो आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** मिजाचौकी थाना कक्ष में बृहस्पतिवार को सदर एसडीपीओ साहिबगंज किशोर कुमार तिर्की ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि 04 जून 2025 को समय 20:10 बजे पुलिस अधीक्षक साहेबगंज अमित कुमार सिंह को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि मिजाचौकी थाना कांड संख्या-34/25, दिनांक-02 जून 2025 में संलिप्त दो अपराधकर्मी हथियार सहित मिजाचौकी थाना क्षेत्र ग्राम-बडा लक्ष्मी स्थित तालु मुर्मु उर्फ खलासी के घर से गडरा भगैया होते हुए ललमटिया की ओर गिरोह के मुखिया सुर्या हाँसदा से मिलने जाने वाला है। उक्त सूचना पर पुलिस अधीक्षक साहेबगंज के द्वारा



अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, साहेबगंज के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए इस कांड में संलिप्त दो अपराधी विमल हाँसदा, उम्र 19 वर्षीय, पिता- स्व० दुर्गा हाँसदा, साकिन- धनकुण्डा, थाना- ललमटिया, जिला- गोड्डा एवं बेटका टुडू, उम्र 21 वर्षीय, पिता- साहेब टुडू, साकिन- बडा उदाली, थाना- बरहेट, जिला- साहेबगंज को ग्राम- गडरा पंचायत सचिवालय के पास सड़क से गिरफ्तार किया गया। उक्त अपराधी विमल हाँसदा के पास से एक देशी कट्टा लोडेड अवस्था में व बेटका टुडू के पास से एक जिन्दा गोली और एक स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल, मोबाइल 02, टॉर्च एक, डिटॉल लिक्विड एक, कॉटन बैंडेज 02, बरामद किया गया है।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान का शुभारंभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वन प्रमंडल, साहिबगंज के तत्वाधान में गंगा विहार पार्क के समीप एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान की शुरूआत ज़िला दंडाधिकारी-सह-डीसी हेमंत सती एवं वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रबल गर्ग के द्वारा संयुक्त रूप से वृक्षारोपण कर की गई। कार्यक्रम में डीसी हेमंत सती ने अपने संबोधन में कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस मनाने का उद्देश्य आमजन को पर्यावरण के प्रति सजग एवं जागरूक बनाना है। उन्होंने कहा कि मानव द्वारा प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन से मौसम चक्र में व्यापक असंतुलन उत्पन्न हुआ है, जिसके कारण चक्रवात, सूखा, बाढ़ जैसी आपदाएं लगातार देखने को



मिल रही हैं। डीसी ने अपील करते हुए कहा कि हर नागरिक को अपने स्तर से कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए, जिससे पर्यावरण संतुलन बना रहे एवं आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि वृक्षारोपण मात्र एक दिन की गतिविधि न होकर, इसे जीवनशैली का हिस्सा बनाया जाना चाहिए। इस अवसर पर अपर समाहर्ता गौतम भगत, परियोजना निदेशक संजय कुमार दास, अनुमंडल पदाधिकारी अमर जॉन आईन्द, कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का, जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष, जिला शिक्षा पदाधिकारी दुर्गानंद झा, एवं जिला योजना पदाधिकारी अनुप कुमार सहित अन्य पदाधिकारियों द्वारा भी बरगद, पीपल एवं अन्य छायादार पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण हेतु जागरूकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान वृक्षारोपण किया गया। मौके पर उपस्थित पदाधिकारियों एवं आमजन को पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने एवं नियमित पौधारोपण की आवश्यकता पर विस्तृत जानकारी दी गई।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर अदाणी फाउंडेशन ने किया पौधारोपण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**गोड्डा :** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गुरुवार को अदाणी फाउंडेशन की ओर से पावर प्लांट के निकटवर्ती गांवों के सरकारी विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों में पर्यावरण संरक्षण को लेकर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस वर्ष का वैश्विक थीम #प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करना है। सबसे पहले स्कूली छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण और सिंगल यूज प्लास्टिक के बहिष्कार को लेकर जागरुकता रैली निकाली। उसके बाद कुल 12 स्कूल परिसरों और आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 200 से अधिक पौधे लगाए गए। इस कार्यक्रम में 500 से अधिक छात्रों, शिक्षक-कर्मचारियों, ग्रामीणों और स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों ने भाग लिया। पौधारोपण कार्यक्रम में हिस्सा लेने आए शिक्षकों और ग्रामीण प्रतिनिधियों को प्लास्टिक के विकल्प के रूप में जूट बैग





वितरित किए गए, ताकि समुदाय में प्लास्टिक के दुष्प्रभावों को लेकर चेतना फैलाई जा सके। इसमें मोतिया निवासी बीरबल सिंह, अनिल झा, बासुदेव चौधरी, डुमरिया से मुनचुन झा, ललन किशोर झा, ध्रुव नंदन झा, पंटवा से मधु देवी, हेमलता देवी, बेबी देवी, बबिता देवी, मनोहर साह, बक्सरा गांव के मणि शंकर मंडल, संतोष रामदास, श्रीकांत साह, प्रानधन साह, गंगटा से सोनालाल सोरेन, फुलचन सोरेन, फुलमनी मुर्मू, तालको मुर्मू, कनक लता सोरेन, कोड़ीबहियार के दिलीप सिंह, अवधेश यादव सहित अन्य गणमान्य लोगों ने पौधारोपण कर पर्यावरण सुरक्षा का संकल्प लिया।

# गोपीनाथपुर गांव में फ्लैग मार्च कर सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था संधारण का लिया जायजा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** ज़िले में बकरीद पर्व को लेकर उपायुक्त मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी के द्वारा पाकुड़ प्रखंड स्थित गोपीनाथपुर गांव में फ्लैग मार्च कर सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था संधारण का लिया जायजा। उपायुक्त ने प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था को दुरुस्त रखें। उपायुक्त ने कहा कि जिला नियंत्रण कक्ष के मोबाइल नंबर 9262998612 पर किसी प्रकार की सूचना दी जा सकती है। उपायुक्त ने कहा कि कहीं से भी किसी भी प्रकार का न्यूज मिलता है तो उसे शेयर करने से बचें, अफवाहों को आप वेरीफाई जरूर कर लें। साथ ही उन्होंने समस्त जिलावासियों से सौहार्दपूर्ण एवं



शांतिपूर्ण वातावरण में त्यौहार मनाने की अपील करते हुए विधि व्यवस्था संधारण में सहयोग का अपील किया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि बकरीद त्योहार के मद्देनजर जिले में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक ने आपसी भाईचारे को कायम रखते हुए शांतिपूर्ण माहौल में बकरीद मनाने की अपील की। सोशल मीडिया पर ऐसा कोई आपत्तिजनक पोस्ट नहीं करना है, जिससे किसी की आस्था को ठेस पहुंचे। इसपर सभी लोगों को ध्यान देना चाहिए। अगर ऐसा करते हुए पाया गया तो पुलिस प्रशासन इस पर सख्त कानूनी कार्रवाई करेगी। सभी लोगों को किसी भी तरह के अफवाह से बचना चाहिए। अगर किसी भी तरह की ऐसी सूचना प्राप्त होती है तो तुरंत पुलिस प्रशासन को इसकी सूचना दें।

**अंतरराज्यीय चेकपोस्ट चांदपुर का निरीक्षण कर विधि व्यवस्था का भी लिया जायजा**

उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए अंतरराज्यीय चेकपोस्ट चांदपुर का निरीक्षण किया। उन्होंने चेकपोस्ट पर तैनात दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों को जिले में प्रवेश करने वाले प्रत्येक व्यक्ति की जांच करने हेतु निर्देश दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### आपसी विवाद में पुत्र ने पिता की लाठी डंडे से मार कर हत्या



**साहिबगंज :** मिर्जाचौकी थाना क्षेत्र के बसहा पंचायत अंतर्गत नगरभीड्डा पहाड़िया गांव में पुत्र ने अपने पिता को मामूली विवाद में बुरी तरह मार कर मौत का घाट उतारा दिया। मिली जानकारी के अनुसार कतगु पहाड़िया उम्र 65 वर्षीय, पिता स्वर्ग कामारे पहाड़िया, ग्राम नगरभीड्डा, के बीते रात्रि 11 बजे बुधवार को पिता और पुत्र में आपसी विवाद होते-होते बात मारपीट तक पहुंच गया। पुत्र असना पहाड़िया 25 वर्षीय ने अपने पिता कतगु पहाड़िया को गुस्से में आकर लाठी डंडे से कमर और पंजराठी में मार कर बुरी तरह घायल कर दिया, जिससे जख्मी बुजुर्ग पिता कुछ देर के बाद मौके पर ही दम तोड़ दिया। जहां परिजनों ने घटना की सूचना मिर्जाचौकी थाना पुलिस को दिया। घटना की सूचना मिलते ही मिर्जाचौकी पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज भेज दिया गया। वहाँ डॉक्टर ने शव का पोस्टमार्टम किया, उसके उपरांत पुलिस ने शव को परिजनों को सौंप दिया है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### किराना दुकान में लगी आग, लाखों का सामान जलकर खाक



**साहिबगंज/राजमहल :** थाना क्षेत्र अंतर्गत जामनगर में गुरुवार को सुबह एक किराना दुकान में अचानक आग लग जाने से लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार फूल कुमार साहा जामनगर बाजार स्थित अपने दुकान सुबह खोलकर झाड़ू पोछा, पूजा अर्चना करने के बाद दुकान के बाहर बैठा हुआ था। इसी दौरान अचानक किसी तरह से आग लग गया पता नहीं चला और देखते ही देखते आग विकराल रूप लेकर पूरे दुकान को अपने चपेट में ले लिया। आग इतनी तेज थी की धू-धू कर जलकर पूरा सामान राख हो गया। हालांकि आसपास के लोगों के द्वारा चांपानल, मोटर पंप, कुआं आदि अन्य माध्यम से आग बुझाने की कोशिश किया गया। लेकिन तब तक सारा सामान जल चुका था। मिली जानकारी के अनुसार इधर ग्रामीणों के द्वारा आग लगते ही अग्निशमन विभाग को सूचना दे दी गई थी। लेकिन जब तक दमकल पहुंची तब तक सारा सामान जलकर राख हो चुका था। ग्रामीणों ने दमकल को वापस भेज दिया। पीड़ित फूल कुमार साहा ने बताया कि शॉर्ट सर्किट से आग लगी है। दुकान में फ्रिज, मोबाइल, कॉल ड्रिंक, नगदी, राशन का सामान आदि लगभग 5 से 6 लाख रुपए का सामान जलकर राख हो गया है। दुकान ही एकमात्र सहारा था जिससे पूरे परिवार का भरण पोषण होता था। अब यह जल जाने के बाद सड़क पर आ गए हैं। उन्होंने मुआवजे की प्रशासन से मांग की गुहार लगाई है।

### रामनगर हटिया की जमीन को अतिक्रमण मुक्त करने आए बरहरवा सीईओ बेरिंग लॉट गए





**बरहरवा :** अंचल अंतर्गत रामनगर हटिया वाली आनाबादी जमीन को अतिक्रमण मुक्त करने आए अंचल अधिकारी बरहरवा को गुरुवार को बेरिंग लौटना पड़ा। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रामनगर हटिया वाले लगभग 17 बीघा आनाबादी जमीन पर कुछ रैयत अवैध तरीके से कब्जा जमाए बैठा है एवं उक्त जमीन पर प्रत्येक शनिवार एवं मंगलवार को हटिया लगाकर अवैध रूप से वसूली करता है। इस आनाबादी खाता वाली जमीन को कुछ रैयतों ने जमा पर अंचल के पूर्व हल्का कर्मचारी निरंजन रजक एवं पूर्व अंचल अधिकारी के द्वारा म्यूटेशन कर दिए जाने का आरोप है। आनाबादी जमीन को अनाधिकृत रूप से बेच दिए जाने को लेकर रामनगर के कुछ रैयतों ने आला अधिकारी को सूचित किया था, इसके बाद प्रशासन हरकत में आई एवं अब उक्त भूमि को अतिक्रमित मुक्त करने की प्रक्रिया चल रही है। सूत्र बताते हैं कि अतिक्रमित भूमि का सीमांकन एवं पैमाइश नहीं होने से प्रशासन को कार्रवाई करने में विलंब हो रही है। कुछ लोगों ने यह भी बताया कि अनुमंडल पदाधिकारी राजमहल सदानंद महतो भी रामनगर पहुंचकर अंचल अधिकारी बरहरवा को कई प्रकार के दिशा निर्देश दिए हैं, तथा रैयतों को नोटिस जारी करने को कहा है, जो जमीन पर आना अधिकृत रूप से कब्ज जमाई बैठा है बताया जाता है कि रैयतों को नोटिस जारी करने के बावजूद भी अगर जमीन खाली नहीं करेगा तो वैसे स्थिति में प्रशासन उनके खिलाफ आगे की कार्रवाई करने को बाध होगी। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए जब अंचल अधिकारी बरहरवा से संपर्क किया गया तो उनसे संपर्क नहीं हो पाने के कारण यहां पर उसका पक्ष नहीं रखा जा सका।

### योग भवन में बड़ी चोरीः सुबह योग करने पहुंचे पदाधिकारी ने देखा ताले टूटे



**साहेबगंज :** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत धोबी झरना स्थित योग भवन में बुधवार सुबह एक बड़ी चोरी की घटना सामने आई है। यह वारदात तब उजागर हुई जब प्रतिदिन की तरह आज सुबह 5:30 बजे प्रखंड कृषि पदाधिकारी राजीव पाण्डेय अपने सहयोगी के साथ योग करने पहुँचे। उन्होंने देखा कि योग भवन की चारदीवारी का एक कोना झुका हुआ है और मुख्य गेट भीतर से बंद था। जब उन्होंने भीतर झाँक कर देखा तो सामने की ग्रील का ताला टूटा हुआ मिला। तुरंत इस घटना की सूचना आस-पास के लोगों और संगठन के अध्यक्ष दीपक कुमार सहित अन्य सदस्यों को दी गई। अध्यक्ष के आने पर सबने मिलकर भीतर का निरीक्षण किया, जहाँ से कई कीमती सामान गायब पाए गए। चोरी हुए सामानों में प्रमुख रूप से एक एलईडी टीवी, इनवर्टर, बैटरी, पानी की मोटर, बीपी मशीन, वजन मशीन, दीवार घड़ी, हैलोजन लाइट, साउंड बॉक्स, नकद राशि से भरी दान पेटी, पीतल के पूजा बर्तन, इंडक्शन चूल्हा, सिलेंडर सहित कुल मिलाकर लगभग 71,200 मूल्य के समान शामिल हैं। पीड़ित पाण्डेय ने थानाप्रभारी, जिरवाबाड़ी को लिखित आवेदन देकर इस घटना की त्वरित जांच एवं योग भवन क्षेत्र में रात्रि गश्त बढ़ाने की माँग की है। उन्होंने बताया कि अक्सर कुछ असामाजिक तत्व योग भवन परिसर में देर रात शराब पीने व असामाजिक गतिविधियों में संलिप्त रहते हैं, जिससे इस प्रकार की घटनाओं की आशंका बनी रहती है।

# जेएसपी पतरातू में विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिंदल स्टील एंड पावर (जेएसपी) पतरातू में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता फैलाने हेतु विविध कार्यक्रमों का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत जिंदल क्लब से सेक्टर-2 तक निकाली गई जागरूकता रैली से हुई, जिसमें कर्मचारियों, अधिकारियों तथा स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। रैली के उपरांत प्लांट परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जेएसपी पतरातू के प्लांट प्रमुख के. बी. सिंह ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा, पर्यावरण की रक्षा हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। प्लास्टिक प्रदूषण से होने वाले दुष्परिणामों को रोकने हेतु हमें सजग रहना होगा। प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम पांच पौधे अवश्य लगाने चाहिए और उनकी उचित देखभाल करनी चाहिए। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र से सांसद एवं जेएसपी चेयरमैन नवीन जिंदल का विशेष संदेश भी पढ़कर सुनाया गया, जिसमें उन्होंने कहा, बढ़ते वैश्विक तापमान और जलवायु परिवर्तन के संकट को देखते हुए पर्यावरण की रक्षा आज की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गई है। प्रत्येक नागरिक को पर्यावरण संरक्षण में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। दिनभर प्लांट व कॉलोनी क्षेत्र में पर्यावरण जागरूकता से संबंधित विविध गतिविधियाँ आयोजित की गईं। चित्रकला प्रतियोगिता, स्वच्छता अभियान, पौधारोपण एवं जागरूकता सत्रों के माध्यम से कर्मचारियों व उनके परिवारजनों को पर्यावरण संरक्षण का महत्व समझाया गया। कार्यक्रम का संचालन ईएमडी विभाग के प्रमुख अभय कुमार ने किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक संतोष कुमार, मानव संसाधन प्रमुख सतीश कुमार, आर.डी. शर्मा, रूपेश कुमार, जयंत गोखले, सुभाष शरण, संतोष गुप्ता सहित बड़ी संख्या में अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर डीएवी कोडरमा में कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**कोडरमा :** डीएवी पब्लिक स्कूल झुमरी तिलैया, कोडरमा में विश्व पर्यावरण दिवस बड़े उत्साह और जोश के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों के द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य हमारे समाज को पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशील बनाना है। इस पावन अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक एवं छात्रों ने विद्यालय परिसर को हरा –भरा रखने एवं पर्यावरण को सुरक्षित एवं संरक्षित रखने के लिए वृक्षा – रोपण किया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र शिवम, सचिन, प्रिंस, अभिमन्यु, ध्रुव, रुद्र, बादल एवं यशवर्धन ने कार्यक्रम बढ़–चढ़कर भाग लिया और अपने हाथों से पौधे लगाए। कुछ कार्यक्रमों का आयोजन ऑनलाइन भी किया गया जिसमें विद्यालय के छात्र आदर्श कश्यप, अक्षत बक्शी, श्रेष्ठा मेहता, समृद्धि कपूर, स्वर्ण आराध्या, यशिका, नंदिनी, तान्या सिन्हा, अरिजीत विश्वास, कीर्ति राज, केसर मंडल ने पर्यावरण बचाओ पर सुंदर –सुंदर एवं आकर्षित पोस्टर बनाए। दृष्णा कश्यप एवं कुमुद सिंह ने पर्यावरण संरक्षण पर आधारित एक प्रेरणादायी कविता सुनाई। विद्यालय के बच्चों ने अपने घर के आस–पास के खाली जगह को साफ कर पौधे लगाए तथा आस –पास लोगों को भी पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया। इस प्रकार विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों ने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया।

## कौणिडिनिया फाउंडेशन ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मैराथन का किया आयोजन

**कोडरमा :** आश्रम रोड स्थित कौणिडनिया पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष सह रिटायर्ड आईपीएस ऑफिसर राजीव रंजन सिंह के पहल पर विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मैराथन का आयोजन किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य कोडरमा जिला खासकर झुमरी तिलैया में गिरता जल स्तर को बचाने के लिए पर्यावरण के प्रति लोगों में जागरूकता लाना है। यह मैराथन रामेश्वरम होटल झुमरी तिलैया से प्रारंभ होकर कौडिणिया पब्लिक स्कूल में संपन्न हुआ। इस मैराथन में करीब 200 से अधिक लड़के लड़कियों तथा शहर के कई गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर कौण्डिनिया फाउंडेशन के अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह, कोडरमा के डीएसपी रतीभान सिंह, एमसी के सदस्य तथा रिटायर्ड बैंक ऑफिसर सुजीत अम्बशटा ,केटीपीएस कोडरमा के जनरल मैनेजर मनोज ठाकुर, जाने माने समाजसेवी अरुण मिश्रा, रानी कालरा, आरएसएस के सदस्य दिलीप सिंह , वीरेंद्र प्रताप सिंह तथा शहर के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे । मैराथन के प्रारंभ होने से पूर्व उपस्थित सभी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह ने पर्यावरण के महत्व और उसके संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि आज विश्व में पर्यावरण के संरक्षण के महत्व के प्रति लोगों में खासकर युवा पीढ़ियो में जागरूकता लाना अत्यंत आवश्यक हो गया है।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**कोडरमा :** डोमचांच प्रखंड अंतर्गत जानपुर पंचायत भवन में हैंड इन हैंड इंडिया के तत्वाधान में विश्व पर्यावरण दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व मुखिया मेघलाल सिंह, उप मुखिया रामदेव कुमार पंडित, हैंड इन हैंड इंडिया के उप परियोजना प्रबंधक तुलसी कुमार साव, सुजीत कुमार आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मुखिया मेघलाल सिंह ने कहा कि जल, जंगल, जमीन को सुरक्षित रखना हम सब की जिम्मेवारी है। उन्होंने कहा कि मानव अनुकूल पर्यावरण बनाए रखने के लिए पेड़–पौधे, नदी– नाला, पहाड़ का संरक्षण आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हर खुशी के अवसर पर एक पौधा लगाए तथा उन्हें संरक्षित करने का प्राण ले। वहीं उप मुखिया रामदेव कुमार पंडित ने कहा कि आज सिंगल युज प्लास्टिक हमारे पर्यावरण के लिए अभिशाप बनते जा रहा है इसलिए प्लास्टिक का उपयोग न करें तथा उसके जगह पर कपड़े से निर्मित थैली, पेपर बैग इत्यादि का उपयोग करें। उन्होंने पर्यावरण सुरक्षा जीवन रक्षा का नारा दिया। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप परियोजना प्रबंधक तुलसी कुमार साव ने कहा कि बढ़ते रासायनिक खाद एवं प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन पर्यावरण के लिए खतरा बन गया है। हमें अपने प्राकृतिक संसाधनों के साथ अच्छा व्यवहार करने की जरूरत है। कार्यक्रम के दौरान लोगों को हैंड इन हैंड इंडिया के द्वारा फलदर वृक्ष भी उपलब्ध कराए गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में हैंड इन हैंड इंडिया के डीजीएम रवि रंजन, साबिर अंसारी, बसंत कुमार, सविता कुमारी आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम में दर्जनों महिलाएं बच्चे एवं युवाओं की भागीदारी रही।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर बीआर इंटरनेशनल स्कूल में पौधारोपण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**चाराडीह :** बी. आर. इंटरनेशनल स्कूल, चाराडीह के प्रांगण में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वन स्टूडेंट वन प्लांट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी का अहसास कराना था। कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा 10वीं के सभी छात्र–छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी करते हुए स्कूल परिसर में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाये। विद्यालय के निदेशक ओपी राय ने हर छात्र को एक पौधा सौंपा, जिसकी देखरेख की जिम्मेदारी स्वयं उसी छात्र को दी गई, ताकि पौधारोपण केवल एक प्रतीकात्मक कार्य न बनकर एक दीर्घकालिक प्रतिबद्धता का रूप ले सके। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक ओपी राय प्राचार्या राखी शर्मा प्रशासक सुनील कुमार, शिक्षक कमलेश कुमार राय एवं अन्य शिक्षक विशेष र उपस्थित रहे। उनके साथ–साथ विद्यालय के वर्ग दशम के सभी छात्र अन्य शिक्षकगण एवं गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी प्रेरणादायी बना दिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या राखी कुमारी शर्मा ने अपने संबोधन में कहा, श्पर्यावरण की रक्षा करना केवल सरकार या संगठनों की ही नहीं, बल्कि हम सभी की व्यक्तिगत जिम्मेदारी है। यदि आज हम एक पौधा लगाते हैं, तो वह आने वाले समय में हमारे लिए जीवनदायिनी छांव और स्वच्छ वायु का स्रोत बनेगा। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित अतिथियों एवं छात्रों ने यह संकल्प लिया कि वे न केवल पौधे लगाएंगे, बल्कि उसकी नियमित देखरेख भी करेंगे।

## एक नजर

### कोडरमा जिला का पहला सरकारी कॉलेज में नामांकन शुरू

**कोडरमा :** लंबे समय से क्षेत्रवासियों कर रहे थे इंतजार अब अपने क्षेत्र में ही विद्यार्थी पढ़ेंगे कोडरमा जिला अंतर्गत चंदवारा प्रखंड में अवस्थित डिग्री कॉलेज बरही हजारीबाग में नामांकन की प्रक्रिया चांसलर पोर्टल के द्वारा कर दी गई है इस कॉलेज में 2024 में 250 से अधिक छात्रों का नामांकित है। इस सत्र 2025 के लिए नामांकन की प्रक्रिया चांसलर पोर्टल द्वारा होगी जो विनोवा भावे विश्वविद्यालय की अंगीभूत इकाई है। इसके पहले कोडरमा में एक महाविद्यालय था जेजे कॉलेज जिसमें छात्रों को आने–जाने असुविधा एवं पढ़ाई करने के लिए काफी असुविधा पड़ती थी अब कोडरमा जिले वासियों के लिए राहत मिलेगी कोडरमा जिला का पहला सरकारी कॉलेज एवं विनोवा भावे विश्वविद्यालय का पहला सरकारी बीएससी आईटी कॉलेज है। इस कॉलेज में ग्रेजुएशन बी.ए, बी.कॉम हॉर्स और कॉमर्स की पढ़ाई शुरू हो गई है।

### जिला स्तरीय संविधान बचाओ रैली कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**कोडरमा :** कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे के निर्देश एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता सांसद राहुल गांधी की आवान पर तथा झारखंड कांग्रेस प्रभारी के. राजू झारखंड सह प्रभारी सिरिबेला प्रसाद निर्देश पर दिन गुरुवार को शहर के झुमरी तिलैया स्थित होटल शिव वाटिका में जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान एवं जिला अध्यक्ष भागीरथ पासवान के अध्यक्षता में जिला स्तरीय संविधान बचाओ कार्यक्रम आयोजित की गई। जिला कांग्रेस कमेटी कमेटी की और से स्थानीय लोक कलाकारों द्वारा झारखंड की लोक संस्कृति पर लोकगीत गाकर एवं ढोल नगाड़ा बजाकर व फूल माला एवं अंग वस्त्र देकर कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरूआत संविधान रचियता भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र कार्यक्रम पुष्प अर्पित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय, प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर झारखंड को सेवा आयोग के अध्यक्ष सह कोडरमा संविधान बचाओ पर्यवेक्षक राजीव रंजन प्रसाद मौजूद थे।

### कोडरमा में भाजपा जिला कार्यालय का शिलान्यास सात को

**कोडरमा :** भारतीय जनता पार्टी कोडरमा जिला के नए कार्यालय भवन का शिलान्यास समारोह आगामी 7 जून 2025, दिन शनिवार को प्रातः 10 :00 बजे लखीबगी स्थित कजरिया शोरूम के सामने, युवराज होटल के पास आयोजित किया जाएगा। इस ऐतिहासिक अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय बाबूलाल मरांडी जी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मबीर सिंह जी एवं कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि कोडरमा सांसद सह भारत सरकार की महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी जी, कोडरमा विधायक नीरा यादव जी सम्मिलित होगीं। साथ ही पूर्व सांसद,, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष रविन्द्र राय, हजारीबाग सांसद मनीष जयसवाल जी, प्रदेश कोषाध्यक्ष दीपक बंका जी, बरही विधायक मनोज यादव जी, बरकट्ठा विधायक अमित यादव , बोकारो के पूर्व विधायक विरंची नारायण जी भी सम्मिलित होंगे। भाजपा कोडरमा जिला अध्यक्ष अनूप जोशी ने बताया कि यह जिला कार्यालय भाजपा कार्यकर्ताओं और आम जनमानस के लिए एक सशक्त संगठनात्मक केंद्र के रूप में कार्य करेगा।

## बकरीद को लेकर भदानीनगर ओपी में शांति समिति की हुई बैठक


प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**भुरकुंडा :** बकरीद पर्व को लेकर क्षेत्र में शांति, सौहार्द और सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गुरूवार को बासल थाना में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता पतरातु अंचलाधिकारी मनोज कुमार चौरसिया ने किया। बैठक में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, बुद्धिजीवियों और समाजसेवियों ने भी भाग लिया। बैठक में पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने, भीड़भाड़ वाले इलाकों में अतिरिक्त निगरानी रखने तथा संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। मौके पर बासल थाना प्रभारी कैलाश कुमार ने सभी समुदायों से आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि प्रशासन की ओर से हर संभव व्यवस्था की जाएगी ताकि पर्व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो सके। उन्होंने कहा कि सभी पर्व-त्योहार आपसी भाईचारगी और प्रेम का संदेश देता है। हमसबों को सारे त्योहार आपसी भाईचारे के साथ सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनाना चाहिए। बैठक में थाना प्रभारी कैलाश कुमार, एएसआई लालदेव महतो, दिवाकर मुंडा, बलकुदरा मुखिया विजय मुंडा, भूषण उरांव, भोला मुंडा, राजेंद्र ठाकुर, असमुदीन अंसारी, शमशुल हक, प्रेम कुमार महतो, आशीष कुमार शर्मा, राजु कुमार मुंडा, मिलन कुमार साहू, आदित्य नारायण साव, राजेश प्रसाद, जागेश कुमार महतो, तुलसी राम, सयुम अंसारी, राजा राम प्रसाद, गुड्डू अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।

## परेशान पति ने पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

# मारपीट, दहेज व रंगदारी मांगने का पत्नी पर लगाया आरोप

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**कोडरमा :** मेरी धर्मपत्नी सविता देवी का दूसरे से शादी करवा कर रंगदारी मांगने को लेकर पुलिस अधीक्षक एवं थाना प्रभारी जयनगर को सौंपा ज्ञापन। 2016 में शादी हुई, कुछ दिन तक पति-पत्नी का रिश्ता ठीक रहा बीच में असामाजिक तत्व के लोग मेरी पत्नी को बहका कर न्यायालय के शरण में भेज दिया।

व्यवहार न्यायालय कोडरमा में मेरी धर्मपत्नी मुझ पर ही मारपीट गाली गलौज दहेज मांग एवं रंगदारी मांगने का लगाये गंभीर आरोप। मामला कोडरमा व्यवहार न्यायालय में लंबित फिर भी बिना तलाक का मेरी पत्नी ने किया शादी। सात फेरे सात वचन निभाने का कसम खाने वाले पत्नी ने पति को दिया धोखा, पति के दिल पर क्या बितता होगा। पति इंसाफ का गुहार लगाने के लिए दर-दर भटकने लगा.साथ जिएंगे साथ मरेंगे का वचन कहां गया? आखिर पति का हाल क्या होगा? पत्नी ने रचाई दूसरी शादी,मामला तूल पकड़ता हुआ। सुलहनामा के नाम पर पत्नी ने पति से नगद एक लाख ऐंठा,मानसिक एवं आर्थिक प्रताड़ना से पति काफी परेशान।

जब मैं परिवार का भरण पोषण के लिए घर से बाहर गया तो पत्नी मेरे माता-पिता के साथ मारपीट करने लगी। मेरी पत्नी मुझे कोडरमा जेल का हवा खिलाई अब बचा क्या, इंसाफ नहीं मिला तो आत्महत्या कर लूंगा।

# बचपन स्कूल बच्चों के विकास के लिए बेहतर : मनोज यादव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चंदवारा :** पिपराडीह स्टेशन रोड स्थित बचपन प्ले स्कूल का उद्घाटन बरही विधानसभा क्षेत्र के विधायक मनोज कुमार यादव व बांझेडीह पावर प्लांट के हेड ऑफ प्रोजेक्ट मनोज कुमार ठाकुर द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके पूर्व विद्यालय पहुंचने पर अतिथियों का स्वागत विद्यालय के डायरेक्टर धीरज कुमार व जितेंद्र पांडेय द्वारा किया गया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि इस क्षेत्र में बचपन प्ले स्कूल का होना बहुत ही गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि बचपन स्कूल में बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ उनके सर्वांगीण विकास के लिए तरह-तरह के एक्टिविटीज कराई जाती है। उन्होंने कहा कि बचपन से ही अगर बच्चों को सही माहौल मिले तो उनके अंदर छुपी प्रतिभा बाहर निकल कर सामने आती है। वहीं पावर प्लांट के प्रोजेक्ट हेड मनोज कुमार ठाकुर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बचपन प्ले स्कूल के खुलने से ग्रामीण बच्चों को भी बेहतर शिक्षा ग्रहण करने का माहौल मिलेगा और यह बच्चे भविष्य में बेहतर कार्य करने में सक्षम होंगे। डायरेक्टर धीरज कुमार ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को कम लागत में बेहतर शिक्षा मुहैया कराने के उद्देश्य से बचपन प्ले स्कूल का संचालन चंदवारा में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह विद्यालय चंदवारा प्रखंड के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम के दौरान दिल्ली बचपन टीम से आई नीरू बाला ने बताई कि पूरे देश में 1250 से अधिक बचपन प्ले स्कूल सफलतापूर्वक संचालित की जा रही है। उन्होंने कहा कि आज शिक्षा जगत में बचपन प्ले स्कूल का नाम अग्रणी पंक्तियों में शामिल है। कार्यक्रम के दौरान छोटी-छोटी बच्चियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित अतिथियों का मनमोहन लिया। मौके पर प्रिंसिपल अमिता सिन्हा, शिक्षिका निधि बरनवाल, चिंकी कुमारी, पुष्पांजलि मेहता ने विद्यालय विद्यालय में दी जारी सुविधाओं तथा विभिन्न एक्टिविटीज के बारे में अतिथियों के समक्ष प्रस्तुत की। मौके पर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि प्रवीण कुमार उर्फ बंटी मोदी, विधायक प्रतिनिधि लक्ष्मण प्रसाद यादव, कोडरमा सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार साव, पूर्व प्रमुख लीलावती देवी, महेंद्र यादव, उप प्रमुख प्रतिनिधि विजेंद्र यादव, पिपराडीह मुखिया कल्याणी देवी, मास्टर ट्रेनर सुजीत नायक, बिनोद राम, महेंद्र कुशवाहा, समाजसेवी अरशद खान, हुसैन अली, अशोक सिंह, रामेश्वर यादव, द्वारिका प्रसाद राणा, नंदकिशोर सोनी, महेंद्र दास, अजीत कोहिनूर उदयचंद्र किशोर, खूबलाल साव, शंकर साव, मनोज दास, सुरेश यादव, लखन शर्मा, चंदा देवी, नेहा भारती, निक्की भारती सहित कई लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी के सह प्रमुख योगाचार्या को किया गया सम्मानित



**कोडरमा :** विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी मातृशक्ति सात दिवसीय शोर्य वर्ग प्रशिक्षण लातेहार में चल रही है झारखंड प्रांत के विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी के सह प्रमुख योगाचार्या सुषमा सुमन को सम्मानित किया गया अंग वस्त्र और प्रतीक चिन्ह देकरऔर सम्मानित में संबोधित करते हुए बोले कि सुषमा सुमन बेटियों और बहनों लोग के लिए बहुत अच्छा काम कर रही है। सभी बेटियों और बहनों लोग को सशक्त भी बना रही है आत्म निर्भर भी बना रही है कोडरमा जिला में बहुत उत्कृष्ट कार्य कर रही है। सुषमा सुमन ने बताई की यह देश ऋषियों मुनियों और संस्कारवान का देश है इस देश में माटी बेटी रोटी का सम्मान शुरू से मिलते आ रही है। सुषमा सुमन ने बताई की यह सम्मान कोडरमा जिला के वासियों का आशीर्वाद और प्यार का सम्मान है और आगे कोडरमा जिला में बेटियों लोग को बढ़ाने के लिए मेहनत किया जाएगा ,जय श्री राम।

### बकरीद पर्व के मद्देनजर पुलिस ने मॉक ड्रिल का किया आयोजन



**कोडरमा:** आगामी बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराए जाने के उद्देश्य से, पुलिस अधीक्षक महोदय, कोडरमा के निदेर्शानुसार पुलिस केंद्र, कोडरमा में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य त्योहार के दौरान उत्पन्न हो सकने वाली किसी भी प्रकार की आपात स्थिति से निपटने के लिए पुलिस बल, क्यूआरटी, दंगा नियंत्रण बल तथा मेडिकल यूनिट के द्वारा अपने कौशल का प्रदर्शन किया। इस अभ्यास के माध्यम से पुलिस बल को विभिन्न परिदृश्यों जैसे भीड़ नियंत्रण, संदिग्ध वस्तु की पहचान एवं निष्क्रियकरण, त्वरित प्रतिक्रिया, और सामूहिक हिंसा जैसी स्थितियों से निपटने का व्यावहारिक अनुभव कराया गया।

### सूचना अधिकार मंच के सचिव ने कोडरमा नगर पंचायत की कार्यशैली पर उठाया सवाल



**कोडरमा :** सूचना अधिकार मंच सचिव आरके बसंत ने कोडरमा नगर पंचायत की कार्यशैली पर सवाल खड़ा किया है, एक तरफ नगर पंचायत द्वारा अनावश्यक कार्यों में खर्च करने की लंबी फेहरिस्त है। वहीं हनुमान मंदिर निकट पुल के दोनों छोर पर नाली नहीं बनाने के कारण कचरा भर जाता है जिससे बारिश में सड़क पर पानी जमा रहता है एवं इससे सड़क भी टूट जाती है। नाली बनाने को लेकर कई बार आवाज उठाने पर भी ध्यान नहीं दिया गया। पूर्व में पुल की कई बार सफाई की जा चुकी है पर नाली बनवाकर स्लैब नहीं लगाने से घर का सारा कचरा नाली में फेंका जाता है। पंजाब होटल के बगल में भी नाली नहीं बनाने के कारण कई बार गाड़ियां गड्ढे में गिरी है और इसी नाली होकर जल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा दो पाइप ले जाया गया है। जो पानी को निकलने में रुकावट है। गृहस्वामी द्वारा 3 वर्ष पूर्व नाली बनाकर इसे ढक दिया गया जिसे नगर पंचायत द्वारा जेसीबी से ध्वस्त कर कचरा फैला दिया गया। जिसके कारण बाइक एवं कार का रास्ता भी अवरुद्ध हो गया है। कोडरमा नगर पंचायत की जनता असुविधाओं से त्रस्त है फिर भी होल्डिंग टैक्स का जवाब बनाया जाता है जो अतिशयोक्ति है। बसंत ने इस प्रकरण से उपायुक्त एवं प्रशासक को अवगत कराते हुए अविलंब कचरा हटाने एवं नाली निर्माण की मांग की है।

### कैलाश राय विद्यालय में पौधरोपण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**कोडरमा :** कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर झुमरी तिलैया में पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत अपने विद्यालय के परिसर में विद्यालय के अध्यक्ष नारायण सिंह सचिव अनुराग सिंह, कोषाध्यक्ष नवल कुमार, प्रभारी मनोज कुमार सिंह एवं विद्यालय के अन्य आचार्यों के द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम को संपन्न किया गया। वृक्षारोपण के पश्चात विद्यालय के अध्यक्ष नारायण सिंह ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन के आधार हैं और इनके बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। मौके पर उपस्थित सचिव अनुराग सिंह ने कहा कि बढ़ती जनसंख्या के कारण वन क्षेत्र में कमी आ रही है। अतः हम सबों का यह दायित्व ही नहीं अपितु उत्तरदायित्व है कि अधिकाधिक संख्या में वृक्षारोपण करें और पर्यावरणीय संतुलन को बनाए रखने में अपना हाथ बढ़ाएं। इस अवसर पर प्रभारी मनोज कुमार सिंह ने कहा कि वृक्ष हमारे प्राणाधार हैं। इस दिन को सदैव स्मरणीय बनाए रखने के लिए मां के नाम पर प्रदीप कुमार, वीरेंद्र प्रसाद, नीरज कुमार, दीपक कुमार विश्वकर्मा, सोनी कुमारी, सान्वी कुमारी एवं दीपक कुमार के द्वारा वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सबों का योगदान सराहनीय रहा।

### रामगढ़ के पंजाब रेजीमेंट सेंटर में अग्नि वीरों का हुआ पासिंग आउट परेड

**रामगढ़ :** वीओ – रामगढ़ जिले के पंजाब रेजिमेंटल सेंटर में आज पांचवें बैच के 622 अग्नि वीरों का पासिंग आउट परेड संपन्न हुआ। 31 सप्ताह के कठिन शारीरिक और मानसिक प्रशिक्षण के बाद ये सभी रिक्रूटर्स आज ऐतिहासिक गौरवशाली पासिंग आउट परेड में शामिल हुए। इस पासिंग आउट परेड की समीक्षा पंजाब रेजीमेंट सेंटर के कमांडेंट ब्रिगेडियर साजेश बाबू पीजी के द्वारा किया गया। प्रशिक्षण के दौरान अपने क्षेत्र में अव्वल आने वाले तीन अग्नि वीरों को केंद्र के प्रमुख कमांडेंट ब्रिगेडियर साजेश बाबू पीजी के द्वारा मेडल लगाकर सम्मानित किया गया। इस आयोजन में देश के कोने–कोने से पहुंचे अग्नि वीरों के परिजन के साथ सेना के ऑफिसर्स और प्रशिक्षक मुख्य रूप से मौजूद रहे। इस समारोह में अग्नि वीरों ने संविधान और राष्ट्र के प्रति निष्ठा, राष्ट्रीय सुरक्षा, वर्दी का सम्मान और भारतीय सेना की सबसे समृद्ध परंपराओं को बनाए रखने की शपथ ली। इस क्रम में पीआरसी प्रमुख कमांडेंट ब्रिगेडियर साजेश बाबू पीजी ने सम्मान और प्रशंसा प्रतीक के रूप में सभी माता–पिता को पारंपरिक श्गौरव पदकश् प्रदान किया जिन्होंने स्वेच्छा से अपने बच्चों को देश की सेवा करने की अनुमति देकर प्रेरित किया।

# किडनी-लिवर के लिए फायदेमंद है किशमिश का पानी

हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक किशमिश ही नहीं, किशमिश का पानी भी आपकी सेहत के लिए वरदान साबित हो सकता है। अगर आप हर रोज किशमिश का पानी पीते हैं, तो आपके पूरे शरीर पर ढेर सारे पॉजिटिव असर पड़ सकते हैं। सेहत से जुड़ी कई समस्याओं का शिकार बनने से बचने के लिए भी आप औषधीय गुणों से भरपूर इस ड्रिंक को पीना शुरू कर सकते हैं।

## किडनी-लिवर के लिए फायदेमंद



आपकी जानकारी के लिए बता दें कि किशमिश का पानी आपकी किडनी के फंक्शन को सुधारने में मदद करता है। इसके अलावा इस ड्राई फ्रूट का पानी लिवर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में भी कारगर साबित हो सकता है। हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक बॉडी को डिटॉक्स करने के लिए ये एक अच्छा ऑप्शन साबित हो सकता है।

## मजबूत बनाए दिल की सेहत

अगर आप हाई ब्लड प्रेशर की समस्या पर काबू पाना चाहते हैं, तो किशमिश का पानी पीना शुरू कर दीजिए। किशमिश का पानी पीने से आप अपने दिल की सेहत को मजबूत बनाकर दिल से जुड़ी गंभीर और जानलेवा बीमारियों के खतरे को कम कर सकते हैं। इसके अलावा फाइबर रिच किशमिश का पानी आपकी गट हेल्थ के लिए भी काफी ज्यादा फायदेमंद साबित हो सकता है।

## हड्डियों के लिए फायदेमंद

क्या आप जोड़ों के दर्द की समस्या से छुटकारा पाकर अपनी हड्डियों को मजबूत बनाना चाहते हैं? अगर हां, तो आपको किशमिश के पानी को अपने डेली डाइट प्लान में शामिल कर लेना चाहिए। इसके अलावा एनीमिया से बचने के लिए भी किशमिश का पानी पीने की सलाह दी जाती है। बेहतर परिणाम हासिल करने के लिए सही मात्रा में और सही तरीके से किशमिश का पानी पीना बेहद जरूरी है।

# विटामिन बी12 की अधिकता से हो सकते हैं ये रोग

विटामिन बी12 की कमी की वजह से सेहत पर पड़ने वाले नेगेटिव असर के बारे में ज्यादातर लोग जानते होंगे। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इस विटामिन की अधिकता की वजह से भी आपकी सेहत पर कुछ साइड इफेक्ट्स पड़ सकते हैं? कुल मिलाकर किसी भी चीज की कमी या फिर अति सेहत पर भारी पड़ सकती है। यही वजह है कि आपको किसी भी पोषक तत्व को संतुलित मात्रा में ही अपने डाइट प्लान में शामिल करना चाहिए।



## सिर में दर्द/चक्कर

अगर आपके शरीर में विटामिन बी12 की ज्यादा मात्रा चली जाए, तो आपको मतली, सिर में दर्द या फिर चक्कर की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। अगर आप इस तरह की समस्याओं से बचना चाहते हैं तो आपको विटामिन बी12 का इंजेक्शन लेने से पहले डॉक्टर से कंसल्ट जरूर करना चाहिए।

## हार्ट हेल्थ पर पड़ सकता है असर

आपकी जानकारी के लिए बता दें कि विटामिन बी12 की अधिकता आपकी हार्ट हेल्थ पर भारी पड़ सकती है। इस विटामिन की अधिकता की वजह से आपके दिल की धड़कन बढ़ सकती है। इसके अलावा अगर आप किडनी से जुड़ी किसी बीमारी से जूझ रहे हैं, तो आपको विटामिन बी12 सप्लीमेंट लेने से बचना चाहिए।

## त्वचा के लिए हानिकारक

हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक विटामिन बी12 की अधिकता, आपके शरीर के साथ-साथ आपकी त्वचा पर भी बुरा असर डाल सकती है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि इस विटामिन की अधिकता की वजह से आपको मुंहासों, खुजली और रैश जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। अगर आपके शरीर में इस विटामिन की अधिकता है, तो आपको अपने डाइट प्लान में विटामिन बी12 से भरपूर खाने-पीने की चीजों को शामिल करने से बचना चाहिए।

# फंगल इंफेक्शन किस विटामिन की कमी से होता है?

क्या आपको भी बार-बार फंगल इंफेक्शन की समस्या से जूझना पड़ता है? अगर हां, तो हो सकता है कि आपके शरीर में किसी जरूरी पोषक तत्व की कमी पैदा हो गई हो। अगर किसी विटामिन की कमी के कारण आपको फंगल इंफेक्शन हो रहा है, तो आपको जल्द से जल्द इस विटामिन डेफिशिएंसी को दूर करने की कोशिश में जुट जाना चाहिए। आइए फंगल इंफेक्शन का कारण बनने वाले इस जरूरी पोषक तत्व के बारे में जानकारी हासिल करते हैं।

## विटामिन डी की कमी

विटामिन डी की कमी न केवल आपकी सेहत को बल्कि आपकी त्वचा को भी बुरी तरह से प्रभावित कर सकती है। अगर आपके शरीर में विटामिन डी की कमी पैदा हो गई है, तो आपको बार-बार फंगल इंफेक्शन हो सकता है। इसके अलावा इस जरूरी पोषक तत्व की कमी कैंडिड संक्रमण के खतरे को भी बढ़ा सकती है।

## विटामिन सी की कमी

विटामिन डी के अलावा विटामिन सी की कमी भी आपकी त्वचा की सेहत के लिए नुकसानदायक साबित हो सकती है। विटामिन सी की कमी की वजह से आपके इम्यून सिस्टम पर भी बुरा असर पड़ता है जिसकी वजह से आपके फंगल इंफेक्शन को ठीक होने में भी ज्यादा समय लग सकता है।

## दूर करें डेफिशिएंसी

विटामिन डी और विटामिन सी की कमी को दूर करने के लिए आपको अपने डाइट प्लान में थोड़े-बहुत बदलाव करने की जरूरत है। विटामिन डी की कमी को दूर करने के लिए गाय का दूध, मशरूम, अंडे की जर्दी का सेवन किया जा सकता है। विटामिन सी रिच संतरा, किवी, ब्रोकली, टमाटर और शिमला मिर्च का सेवन कर आप इस विटामिन की कमी को दूर कर सकते हैं। बेहतर परिणाम हासिल करने के लिए खाने-पीने की इन चीजों को सही मात्रा में और सही तरीके से कंज्यूम करना बेहद जरूरी है।





# सुबह वॉक करने से पहले इन ज़रूरी बातों का रखें खास ध्यान

**सुबह के समय वॉक करने से दिनभर ताजगी का अनुभव होता है। सुबह की वॉक सिर्फ शारीरिक सेहत ही नहीं बल्कि मानसिक सेहत के लिहाज़ से भी बेहद फायदेमंद है। इसलिए अपने आप को फिट और ऊर्जा से भरपूर रखने के लिए लोग सुबह के समय वॉक करना पसंद करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं सुबह की वॉक से पहले आपको इन कुछ जरूरी बातों का ख़ास ख्याल रखना चाहिए। अगर आप सुबह वॉक से पहले इन बातों का ध्यान नहीं रखेंगे तो फायदे की जगह आपके स्वास्थ्य को नुकसान हो सकता है।**

## वॉक से पहले पानी ज़रूर पिएं

जब आप उठते हैं तो आपके शरीर में पहले से ही पानी की कमी हो रही होती है। आप 6-8 घंटे तक एक घूंट भी पानी पिए बिना रह चुके होते हैं। इसलिए, बिना पानी पिए टहलने के लिए निकलना खतरनाक हो सकता है। अगर आपके शरीर में पहले से ही तरल पदार्थ की कमी है, तो पसीने की कमी से तेजी से डिहाइड्रेशन हो सकता है जिससे मांसपेशियों में ऐंठन, सिरदर्द और थकान हो सकती है। इसलिए सुबह उठते ही एक या दो गिलास पानी पिएँ।

## खाली पेट वॉक करने न जाएँ

कई लोगों को लगता है कि खाली पेट वॉक करने से वजन तेजी से कम होगा। जबकि ऐसा नहीं है, अगर आप भूखे पेट वॉक करने जाते हैं तो चक्कर या सिरदर्द महसूस हो सकता है। कम रक्त शर्करा के कारण कमजोरी, मतली या टहलने के दौरान बेहोशी भी महसूस हो सकती है। ऐसे में वॉक से पहले पूरा नाश्ता करने की जरूरत नहीं है। लेकिन कुछ हल्का फुल्का खाना ठीक रहेगा। जैसे एक केला, मुट्ठी भर भीगे हुए बादाम, टोस्ट का आधा टुकड़ा या एक छोटी सी फ्रूट स्मूदी।

## वार्म-अप ज़रूर करें

वॉक से पहले एक छोटा सा स्ट्रेच रूटीन आपके हेल्दी और फिट शरीर के लिए बेहद ज़रूरी होता है। इसलिए, भले ही आप सुबह के समय सिर्फ़ 30 मिनट ही वॉक क्यों न चल रहे हों। कम से कम 3-5 मिनट का वार्म-अप जरूर करें। वार्म अप में आप एड़ियों को घुमाएँ, हल्के से पैर के अंगूठे को छूएँ, कंधे को हिलाएँ और गर्दन को घुमाएँ।

## वॉक से पहले कैफीन का इस्तेमाल ज़्यादा न करें

वॉक से पहले कई लोग एक गर्म कप चाय या कॉफ़ी पीना पसंद करते हैं। लेकिन वॉक से पहले कैफीन का सेवन करना नुकसानदायक हो सकता है। कुछ लोगों के लिए, खाली पेट कैफीन वॉक के दौरान एसिडिटी या पेट खराब होने का कारण बन सकता है। अगर, आप ऐसे व्यक्ति हैं जो चाय या कॉफ़ी के बिना काम नहीं कर सकते, तो वॉक के बाद इसे पीने की कोशिश करें। इस तरह, पाचन क्रिया सक्रिय रहेगी, आप फिर से हाइड्रेट होंगे।

# शरीर को कमजोर बना सकती है प्रोटीन की कमी

अगर आपके शरीर में किसी भी पोषक तत्व की कमी पैदा हो जाए, तो सेहत से जुड़ी कई समस्याएं आपके शरीर पर हमला बोल सकती हैं। यही वजह है कि हेल्थ एक्सपर्ट्स अक्सर हेल्दी और बैलेंस्ड डाइट प्लान को फॉलो करने की सलाह देते हैं। प्रोटीन शरीर के लिए एक जरूरी तत्व है। आइए इस तत्व की कमी की वजह से शरीर में दिखाई देने वाले कुछ लक्षणों के बारे में जानते हैं।

थकान और कमजोरी

प्रोटीन की वजह से आप एनर्जेटिक महसूस करते हैं। अगर आपको हर समय थकान और कमजोरी महसूस होती रहती है, तो हो सकता है कि आपके शरीर में प्रोटीन की कमी पैदा हो गई हो। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि मसल पेन भी इसी पोषक तत्व की कमी का संकेत साबित हो सकता है।




ज्यादा भूख लगना

प्रोटीन की कमी की वजह से आपको ज्यादा भूख लग सकती है या फिर खाने के बाद भी पेट खाली लग सकता है। अगर आपके शरीर में प्रोटीन की कमी पैदा हो गई है, तो आपके घाव भी धीरे-धीरे भर पाएंगे। प्रोटीन की कमी की वजह से आपको सडन वेट लॉस का सामना करना पड़ सकता है। इसके अलावा अगर आपकी इम्यूनिटी कमजोर हो गई है और आप बार-बार बीमार पड़ जाते हैं, तो ये लक्षण भी प्रोटीन की कमी की तरफ इशारा कर सकता है।

गौर करने वाली बात - प्रोटीन की कमी न केवल आपके शरीर पर बल्कि आपकी त्वचा और आपके बालों पर भी नेगेटिव असर डाल सकती है। क्या आपकी त्वचा रूखी, फटी या फिर खुरदुरी हो गई है? अगर हां, तो हो सकता है कि आपके शरीर में प्रोटीन की कमी पैदा हो गई हो। बाल झड़ना या फिर नाखून टूट जाना भी इस पोषक तत्व की कमी का संकेत हो सकता है।

# हाई यूरिक एसिड से जूझ रहे हैं, तो खाली पेट कर लीजिए इन चीजों का सेवन

## जोड़ों के दर्द से मिल जाएगी राहत

क्या आप जानते हैं कि जब आपके शरीर में यूरिक एसिड की मात्रा बढ़ जाती है, तो आपको जोड़ों में असहनीय दर्द और सूजन हो सकती है? यूरिक एसिड को कंट्रोल करने के लिए आपको अपने खान-पान पर खास ध्यान देने की जरूरत है। अगर आप खाली पेट सही मात्रा में पोषक तत्वों से भरपूर कुछ चीजों का सेवन करते हैं, तो आपको हाई यूरिक एसिड की समस्या से छुटकारा मिल सकता है।

## फायदेमंद साबित होगा आंवला

दादी-नानी के जमाने से आंवला को सेहत के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद माना जाता रहा है। यूरिक एसिड के स्तर पर काबू पाने के लिए आप आंवला को अपने डेली डाइट प्लान में शामिल कर लेना चाहिए। हर रोज सुबह खाली पेट एक आंवला खाएं या फिर गुनगुने पानी के साथ आंवला पाउडर को मिक्स कर कंज्यूम कर लें।

## पी सकते हैं नींबू का पानी

हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक हाई यूरिक एसिड की समस्या से छुटकारा पाने के लिए आप नींबू पानी का सेवन भी कर सकते हैं। विटामिन सी रिच नींबू पानी यूरिक एसिड को न्यूट्रल करने में कारगर साबित हो सकता है। सुबह-सुबह खाली पेट एक गिलास गुनगुने पानी में हाफ नींबू निचोड़कर पी जाएं और खुद-ब-खुद पॉजिटिव असर महसूस करें। अगर आप चाहें तो औषधीय गुणों से भरपूर इस ड्रिंक में पोषक तत्वों वाले शहद को भी मिक्स कर सकते हैं।

## अलसी के बीज फायदेमंद

क्या आप जानते हैं कि अलसी के बीज में पाए जाने वाले तत्व यूरिक एसिड की समस्या को दूर करने में कारगर साबित हो सकते हैं? एक स्पून अलसी के बीज को रात भर पानी में भिगोएं और फिर अगली सुबह पानी के साथ कंज्यूम कर लें। बेहतर परिणाम हासिल करने के लिए खाली पेट अलसी के बीज खाएं।



नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** ( *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**

# मेरा और क्रिकेट का सफर यहीं तक... अक्षर पटेल ने लिया संन्यास?



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2025 के समापन के ठीक बाद एक वीडियो ने सोशल मीडिया पर सनसनी मचा दी है। जिसमें बताया जा रहा है कि, दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल ने संन्यास ले लिया। अक्षर पटेल का कहना है कि उन्होंने क्रिकेट को अलविदा कहने का निर्णय ले लिया है। वायरल वीडियो में अक्षर कहते दिख रहे हैं कि उनका और क्रिकेट का सफर सिर्फ यहीं तक था।

बता दें कि, इस वीडियो में अक्षर पटेल ने रिटायरमेंट स्पीच देते हुए कहा कि, बहुत अहम अनाउंसमेंट, मेरे लिए ये घोषणा करना आसान नहीं है। क्रिकेट ने मुझे सब दिया है मेरी पहचान और आपका प्यार लेकिन हर एक सफर का एक अंत होता है। शायद मेरा और क्रिकेट का सफर यहीं तक का था।

**जानें क्या है सच?**

बता दें कि, अक्षर पटेल भारत के बेहतरीन ऑलराउंडर खिलाड़ियों में से एक हैं। इंस्टाग्राम पर ह्हह्हह्हह्ह2025 नाम से एक यूजर ने वीडियो शेयर किया है। जिसमें अक्षर पटेल का वीडियो दिखा रहा है। इस वीडियो में अक्षर पटेल अपने रिटायरमेंट का ऐलान करते हुए दिख रहे हैं।

हालांकि, इस वीडियो को फेक बताया जा रहा है। साथ ही कहा जा रहा है कि ये वीडियो ह्व जनरेटेड है। वहीं अक्षर पटेल के ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट से इस तरह का कोई भी वीडियो या बात नहीं कही गई है।

# डब्ल्यू.पी.एल और प्रदेश लीग ने दिखा दिया कि महिला क्रिकेट से राजस्व मिल सकता है : स्मृति मंधाना




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अनुभवी बल्लेबाज स्मृति मंधाना का मानना है कि WPL और विभिन्न प्रादेशिक लीग ने साबित कर दिया है कि देश में महिला क्रिकेट सुरक्षित हाथों में है और आर्थिक रूप से मजबूत भी। मंधाना पहली महिला महाराष्ट्र प्रीमियर लीग में रत्नागिरी जेट्स की कप्तान होंगी।

उन्होंने टीम द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा, 'महिला क्रिकेट को इस तरह का मंच मिलना अद्भुत है। प्रदेश संघों और WPL ने भी इसमें काफी मदद की है। इससे साबित होता है कि महिला क्रिकेट राजस्व बना सकता है जो बहुत अच्छी बात है।' उन्होंने कहा, 'लोग अब महिला क्रिकेट में पैसे लगाने को तैयार हैं।'

मंधाना ने कहा, 'खेल जितना पेशेवर होगा, उतना ही बेहतर होगा खासकर जमीनी स्तर के क्रिकेटरों के लिए। भारत में इस समय महिला क्रिकेट में निवेश आ रहा है जिससे खिलाड़ियों को निखारने में मदद मिल रही है। हमारे करियर में हमें काफी देर से फिटनेस और इन चीजों के महत्व के बारे में पता चला था।' उन्होंने कहा, 'लेकिन मुझे यकीन है कि क्लब और बाकी पहल से इन खिलाड़ियों को इसकी बेहतर जानकारी होगी और वे अच्छी तैयारी से आएंगे।'

# बाहर से शांत पाटीदार के भीतर सफलता के लिए ज्वालामुखी जैसी आग है - कोच अमय खुरासिया



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को इंडियन प्रीमियर लीग में पहली बार खिताब दिलाने वाले कप्तान रजत पाटीदार की तारीफ करते हुए जूनियर दिनों के उनके कोच अमय खुरासिया ने कहा कि संकल्प को पूरा करने की उनकी मजबूत इच्छाशक्ति उन्हें खास बनाती है। भारतीय टीम के पूर्व खिलाड़ी खुरासिया लंबे समय तक इंदौर में मध्य प्रदेश क्रिकेट संघ (एमपीसीए) के अकादमी के मुख्य कोच रहे हैं और उनके मार्गदर्शन में पाटीदार ने अपनी बल्लेबाजी और नेतृत्व कौशल में काफी सुधार किया है।

खुरासिया ने पाटीदार को मजबूत इच्छाशक्ति वाली खिलाड़ी करार देते हुए कहा कि वह बाहर से बेहद सौम्य और शांत दिखते है लेकिन उनके अंदर सफलता के लिए ज्वालामुखी जैसे आग है। बायें हाथ के पूर्व बल्लेबाज ने कहा, 'धैर्य और सही समय पर सही फैसला लेना सफल व्यक्ति के दो बड़े गुण होते है और पाटीदार इन दोनों कसौटी पर पूरी तरह से खरे उतरते हैं।'

पाटीदार ने अपनी कप्तानी कौशल से प्रभावित करने के साथ इस सत्र में 15 मैचों में दो अर्धशतक की मदद से 312 रन बनाये। उन्होंने आईपीएल में 42 मैचों में एक शतक और नौ अर्धशतक की मदद से 1111 रन बनाए हैं। पाटीदार इस फ्रेंचाइजी से चोटिल खिलाड़ी के विकल्प के तौर पर जुड़े थे लेकिन 2022 सत्र में लखनऊ सुपरजायंट्स के खिलाफ शतकीय पारी खेलकर उन्होंने टीम में जगह पक्की की। आरसीबी ने जब उन्हें इस सत्र से पहले कप्तान बनाने का फैसला किया तो कइयों को हैरानी हुई थी लेकिन यह 'मास्टरस्ट्रोक' साबित हुआ। पाटीदार ने 13 मैचों की टीम की अगुवाई की जिसमें से 10 में जीत दर्ज की। टीम ने इस दौरान खिताब उठाने के साथ पहली बार चेन्नई सुपर किंग्स को उसके घर में मात दी। आरसीबी ने जब पाटीदार को कप्तान बनाया तभी खुरासिया को लगा गया था कि यह टीम इस सत्र में कुछ खास करेगी।

# भारत के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए इंग्लैंड टीम का ऐलान, ओवरटन की वापसी, एटकिंसन बाहर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ 20 जून से लीड्स में शुरू होने वाले पहले टेस्ट के लिए टीम की घोषणा कर दी है। तेज गेंदबाज ऑलराउंडर जेमी ओवरटन को वापस बुलाया गया है। उनके अलावा जैकब बेथेल, क्रिस वोक्स और ब्रायडन कार्स सभी पिछले महीने ट्रेंट ब्रिज में आयोजित जिम्बाब्वे टेस्ट से चूकने के बाद टीम में वापस आ गए हैं।



जून 2022 में हेडिंग्ले में न्यूजीलैंड के खिलाफ पदार्पण करने के बाद पहली बार ओवरटन ने टेस्ट सेट-अप में आश्चर्यजनक वापसी की और 97 रन की मैच विजयी पारी खेली। 31 वर्षीय ओवरटन को 29 मई को वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे के दौरान दाहिने हाथ की छोटी उंगली में फ्रैक्चर हो गया था। लेकिन इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने कहा कि इंग्लैंड की मेडिकल टीम द्वारा ओवरटन का रोजाना आकलन और समीक्षा की जा रही है। ऑलराउंडर का चयन तेज गेंदबाज गस एटकिंसन के चयन के लिए अनुपलब्ध होने के कारण भी संभव हुआ, जो जिम्बाब्वे के खिलाफ हालिया टेस्ट के दौरान लगी दाहिनी हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण चयन के लिए उपलब्ध नहीं थे।


मार्क वुड और ओली स्टोन घुटने की चोटों के कारण श्रृंखला से बाहर हैं और जोफ्रा आर्चर अंगूठे की समस्या से जूझ रहे हैं, एटकिंसन की चोट का मतलब है कि इंग्लैंड भारत के खिलाफ श्रृंखला के अपने पहले मैच में कमजोर तेज गेंदबाजी आक्रमण के साथ उतरेगा। बेथेल के वापस आने का मतलब है कि इंग्लैंड को यह तय करने की जरूरत है कि वे जैक क्रॉली और ओली पोप को बरकरार रखते हैं या नहीं, जिन्होंने जिम्बाब्वे के खिलाफ शतक बनाए थे।

सैम कुक को जिम्बाब्वे के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने के बाद बरकरार रखा गया है, हालांकि क्रिस वोक्स और जोश टंग के पहली पसंद के तेज गेंदबाज होने की अधिक संभावना है। वोक्स और टंग दोनों पहले टेस्ट की तैयारी के लिए इस सप्ताह नॉर्थम्प्टन में भारत ए के खिलाफ दूसरे रेड-बॉल गेम में इंग्लैंड लायंस के लिए भी खेलेंगे। हेडिंग्ले में पहला टेस्ट खेले जाने के बाद भारत और इंग्लैंड एजबेस्टन, लॉर्ड्स और ओल्ड ट्रैफर्ड में टेस्ट खेलेंगे, जिसके बाद ओवल में श्रृंखला समाप्त होगी।

**भारत के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए इंग्लैंड की टीम**

बेन स्टोक्स (कप्तान), शोएब बशीर, जैकब बेथेल, हैरी ब्रूक, ब्रायडन कार्स, सैम कुक, जैक क्रॉली, बेन डकेट, जेमी ओवरटन, ओली पोप, जो रूट, जेमी स्मिथ (विकेट कीपर), जोश टंग और क्रिस वोक्स।

# टी20 मुंबई लीग में सूर्यकुमार की आक्रामक बल्लेबाजी, 27 गेंदों में अर्धशतक लगाया



मुम्बई। आईपीएल में शानदार प्रदर्शन के बाद आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने यहां खेली जा रही टी20 मुंबई लीग में शानदार प्रदर्शन किया है। सूर्यकुमार ने टूर्नामेंट में ट्रायम्फ्स नाइट्स एमएनई टीम की कप्तानी करऐ हुए ईगल थाणे स्ट्राइकर्स के खिलाफ आक्रामक पारी खेली। सूर्या ने केवल 27 गेंदों में ही अर्धशतक लगा दिया हालांकि वह अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाये। ट्रायम्फ्स के लिए राहत कि बात ये रही की सूर्यकुमार का आईपीएल से शुरु हुआ फार्म बना हुआ है। ऐसे में विरोधी टीम के गेंदबाजों को उनके आउट होने पर राहत मिली। सूर्यकुमार ने ट्रायम्फ्स नाइट्स की ओर से 27 गेंदों में 8 चौके और 1 छक्के की सहायता से 50 रन बनाये। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 185.19 का था। इससे उनकी टीम ने 179 रन ही बना सकी और 180 रनों का जीत का लक्ष्य ईगल थाणे स्ट्राइकर्स को दिया। स्ट्राइकर्स ने अंतिम ओवर की दूसरी गेंद पर 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया। आईपीएल 2025 की बात करें तो सूर्यकुमार ने 16 मैचों की 16 पारियों में कुल 717 रन बनाए थे। उनका औसत इस सत्र में 65.18 का रहा। वहीं, स्ट्राइक रेट 167.92 का था। सूर्या ने इस सत्र में सबसे अधिक 69 चौके और 38 छक्के लगाये हैं।

# क्रुणाल चार बार आईपीएल खिताब जीतने वाले खिलाड़ियों की सूची में शामिल

मुम्बई। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को पंजाब किंग्स के खिलाफ मिली खिताबी जीत में स्पिनर क्रुणाल पांड्या की अहम भूमिका रही। क्रुणाल ने 4 ओवरों में ही 17 रन देकर दो अहम विकेट लेकर मैच पलट दिया था। क्रुणाल पांड्या ने प्रभसिमरन सिंह 26 और जोश इंगलिस 39 को आउट किया जो आरसीबी के लिए खतरनाक साबित हो सकते थे। आरसीबी की जीत के साथ ही क्रुणाल चार बार आईपीएल खिताब जीतने वाले खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए हैं। क्रुणाल के अलावा रवींद्र जडेजा और लसिथ मलिंगा भी चार-चार बार आईपीएल खिताब विजेता टीम का हिस्सा रहे हैं। वहीं आईपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा बार आईपीएल खिताब जीतने के मामले में रोहित शर्मा और अंबाती रायडू शीर्ष पर हैं। इन दोनों ही खिलाड़ियों ने छह-छह बार ट्रॉफी जीती हैं। वहीं इस सूची में दूसरे स्थान पर महेंद्र सिंह धोनी, कीरोन पोलार्ड और हार्दिक पांड्या जिन्होंने पांच-पांच बार आईपीएल खिताब जीता है। आरसीबी ने पंजाब के खिलाफ खिताबी मुकाबले में 190 रन बनाये। उसकी ओर से विराट कोहली ने सबसे अधिक 43 रन बनाये। वहीं पंजाब की ओर से अर्शदीप सिंह और काइल जैमीसन ने तीन-तीन विकेट लिए जबकि अजमतुल्लाह जजई, विजयकुमार वैशाख और युजवेंद्र चहल ने एक-एक विकेट लिया। वहीं लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब की टीम निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 184 रन ही बना पायी। आरसीबी के लिए शशांक सिंह ने 30 गेंदों में छह छक्कों और तीन चौकों के साथ नाबाद 61 रन बनाये पर वह अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाये।



# विराट से बल्ला पाकर खुश नजर आये रजत




नई दिल्ली (ईएमएस)। आईपीएल में पहली बार खिताब जीतने से अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली बेहद खुश नजर आये। विराट की खुशी का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उन्होंने अपनी टीम के कप्तान रजत पाटीदार को एक बल्ला उपहार में दिया। इसका एक वीडियो भी आया है इसमें जिसमें इन दोनों की दोस्ती और एकदूसरे के प्रति सम्मान और प्यार झलकता है। यह वीडियो रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के ड्रेसिंग रूम का है। इसमें रजत अपने किटबैग के पास अकेले बैठे हुए हैं। वहीं दूसरे छोर पर कुछ साथी खिलाड़ी हैं। टीम में लंबे समय तक रहे दक्षिण अफ्रीका के स्टार बल्लेबाज एबी डिविलियर्स भी वहीं थे। इस दौरान विराट वहां घूमते हुए अपने कप्तान की तारीफ करते हैं। विराट इसके बाद अपने किटबैग के पास आते हैं। वे एक बल्ला उठाते हैं और अपना स्टांस लेते हैं। रजत ये देखते हुए अंदाजा लगाने लगे कि क्या होने वाला है। वह समझ जाते हैं कि शायद उन्हें बल्ला मिल सकता है। तब वे कहते हैं कि जिससे खेलते हैं वो वाला। इसपर विराट वह बल्ला रजत की ओर उछाल देते हैं। वहीं रजत भी इसे वैसे ही प्यार से पकड़ते हैं।

# सात्विक-चिराग क्वार्टर फाइनल में, सिंधू इंडोनेशिया ओपन में हारीं

**जकार्ता (एजेंसी)।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी ने यहां इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई जबकि दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू महिला एकल के दूसरे दौर में हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गईं। वर्ष 2023 के चैंपियन सात्विक और चिराग ने दबाव में शानदार जज्बा दिखाते हुए रासमुस गेम्के और फ्रेड्रिक सोगार्ड की डेनमार्क की दुनिया की 16वें नंबर की जोड़ी को 68 मिनट में 16-21, 21-18, 22-20 से हराया।

पिछले हफ्ते सिंगापुर ओपन सुपर 750 के सेमीफाइनल में पहुंचे सात्विक और चिराग के रूप में प्रतियोगिता में अब भारत की एकमात्र चुनौती बची है। सात्विक और चिराग की दुनिया की पूर्व नंबर एक जोड़ी अगले दौर में मैन वेई चोंग और काई वुन टी की मलेशिया की सातवीं वरीय जोड़ी से भिड़ेगी। सात्विक ने कहा, 'आज के दिन ऐसा लगा जैसे हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाए। यह रणनीति गलत होने के बारे में नहीं था, हम बस अंक गंवा रहे थे। हमने लगभग 15 से 20 अंक अपनी गलतियों से गवांए। वे अंक नहीं जीते - हमने उन्हें सौंप दिए।'

सात्विक ने कहा, 'पहले गेम में स्कोर 15-15 था और फिर अचानक यह 21-15 पर आ गया। मुझे लगा कि हम पर्याप्त रूप से एकाग्र नहीं थे। लेकिन फिर भी हमें भरोसा



कायम रखा और एक समय में एक अंक लेते रहे।' कोच हमें कहते रहे, 'शांत रहो, अगर तुम हार भी गए तो कोई बात नहीं, बस आराम से खेलो।' इसलिए हमने शांत और संयमित रहने की कोशिश की, बस अपना खेल खेला और देखा कि चीजें कैसे होती हैं।'

इससे पहले निर्णायक गेम में हार के साथ सिंधू को दुनिया की आठवें नंबर की खिलाड़ी थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा। निर्णायक गेम में एक समय 15-11 से आगे चल रहीं सिंधू को 78 मिनट चले मुकाबले में अंततः 22-20, 10-21, 18-21 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम के लिए यह निराशाजनक दिन रहा जब सतीश करुणाकरन और आद्या वरियथ की मिश्रित युगल जोड़ी के अलावा गायत्री गोपीचंद और त्रीशा जॉली की महिला युगल जोड़ी भी हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गई।

सतीश और आद्या को देचापोल पुआवारानुक्रो और सुपिसारा पेइवसाम्प्रान की थाईलैंड की छठी वरीय जोड़ी के खिलाफ सिर्फ 25 मिनट में 7-21, 12-21 से हार झेलनी पड़ी। गायत्री और त्रीशा को कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद युकी फुकुशिमा और मायु मात्सुमोतो की जापान की जोड़ी के खिलाफ 46 मिनट में 13-21, 22-24 से शिकस्त मिली।

सिंधू ने कहा, 'मुझे लगता है कि मुझे इसे जीत में बदलना चाहिए था। मैं तीसरे गेम में 16-13 से आगे थी लेकिन मुझे लगता है कि वहां से भी खेल थोड़ा तेज था इसलिए मुझे और अधिक नियंत्रण बनाना पड़ा। वहां से उसने बढ़त बना ली और मुझे लगता है कि मैंने स्कोर 18-18 से बराबर कर दिया। उस समय कोई भी जीत सकता था।' उन्होंने कहा, 'लेकिन कुल मिलाकर मैं अपने प्रदर्शन से खुश हूं। अगर मैं आज इसे जीत में बदल पाती तो यह बहुत अच्छा होता। लेकिन हां, इस मैच और इस टूर्नामेंट से बहुत कुछ सीखने को मिला।'

सिंधू ने पहले गेम में में 10-16 से पिछड़ने के बावजूद इसे जीता लेकिन दूसरा गेम आसानी से गंवा दिया। निर्णायक गेम में भी भारतीय खिलाड़ी 15-11 से आगे थी लेकिन इसके बाद उन्होंने लगातार गलतियां की जिसका खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ा। चोचुवोंग ने इसका फायदा उठाया और लगातार पांच अंक के साथ मुकाबले में अपनी पकड़ मजबूत की और फिर मैच जीत लिया।

# एंडी फ्लावर का दावा- केकेआर ने बर्बाद किया वेंकटेश अय्यर का करियर



खेल डैस्क। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के मुख्य कोच एंडी फ्लावर ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के सबसे महंगे खिलाड़ी वेंकटेश अय्यर को लेकर सनसनीखेज बयान दिया है। 3 जून को आरसीबी ने आईपीएल 2025 के फाइनल में पंजाब किंग्स को हराकर 18 साल के लंबे इंतजार के बाद अपनी पहली आईपीएल ट्रॉफी जीती। उनका सबसे महंगा खिलाड़ी ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड था, जिन्हें 12.50 करोड़ रुपए में खरीदा गया। आरसीबी ने भारतीय प्रतिभाओं पर ध्यान केंद्रित किया और श्रेयस अय्यर, ऋषभ पंत, केएल राहुल जैसे बड़े नामों के लिए ज्यादा कोशिश नहीं की। उनकी यह रणनीति शानदार साबित हुई, क्योंकि उन्होंने 17 सीजन बाद पहला खिताब जीता। खिताब जीतने के बाद, एंडी फ्लावर ने चौंकाने वाला खुलासा किया। उन्होंने बताया कि आरसीबी नीलामी में वेंकटेश अय्यर के लिए 23.50 करोड़ रुपये खर्च करने को तैयार थी, लेकिन केकेआर ने उन्हें 23.75 करोड़ रुपये में रिटेन कर लिया। दुर्भाग्यवश, अय्यर केकेआर के लिए इस भारी कीमत को सही नहीं ठहरा सके। उन्होंने 11 मैचों में केवल 142 रन बनाए, 20.29 की औसत और 139.22 की स्ट्राइक रेट के साथ। फ्लावर ने दावा किया कि अगर वेंकटेश आरसीबी का हिस्सा होते, तो उनका सीजन शानदार होता। उन्होंने अहमदाबाद में फाइनल के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि हमने वेंकटेश को बहुत ऊंचा आंका था; इसलिए हमने उनके लिए इतना बड़ा दांव लगाया। हमारी टीम में मजबूत भारतीय कोर चाहिए था। हम युवा और रोमांचक क्रिकेटरों के साथ-साथ टॉप ऑर्डर में एक बाएं हाथ के बल्लेबाज चाहते थे। हमें वह नहीं मिला। मुझे लगता है कि अगर वह हमारे लिए खेलते, तो उनका सीजन बहुत शानदार होता।

# रोनाल्डो के गोल से जर्मनी को 2-1 से हराकर नेशंस लीग के फाइनल में पहुंची पुर्तगाल

म्यूनिख। स्टार स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के शानदार गोल से पुर्तगाल ने यूईएफए नेशंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जर्मनी को 2-1 से हराकर बाहर कर दिया। खराब मौसम के कारण ये मुकाबला 10 मिनट देर से शुरु हुआ। जर्मनी ने शुरुआत से ही हमले शुरु कर दिये। लियोन गोरेटजका के अलावा निक वोल्टमेड ने भी गोल करने के लिए मूव बनाये पर सफल नहीं हुए। फ्लोरियन विर्ट्ज ने 48वें मिनट पर मैच का पहला गोल दागकर जर्मनी को 1-0 से लीड में ला दिया। वहीं रोनाल्डो की पुर्तगाल ने भी वापसी करते हुए हमले किये और जर्मन की रक्षा पंक्ति की पोल खो दी। वहीं पुर्तगाल के फासिस्को कॉन्सेइकाओ ने 63वें मिनट में एक गोल कर मुकाबला 1-1 से बराबरी पर ला दिया। जर्मनी की टीम को यहां से दबाव में आ गयी। मेंडेस के पास पर रोनाल्डो ने गोल कर टीम की बढ़त 2-1 कर दी। इसी के साथ रोनाल्डो 40 साल और 119 दिन की उम्र में जर्मनी के खिलाफ गोल करने वाले सबसे अधिक उम्र के खिलाड़ी बन गए। जर्मनी अब रविवार को तीसरे स्थान के लिए प्लेऑफ में उतरेगी, जबकि पुर्तगाल फाइनल में उतरेगी।

# बिहार का 14 साल का सितारा : वैभव ने किया आईपीएल 2026 का दमदार वादा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मात्र 14 साल की उम्र में बिहार के युवा क्रिकेट सनसनी वैभव सूर्यवंशी ने अपने पहले आईपीएल सीजन में धमाल मचा दिया। राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते हुए वैभव ने अपनी नन्ही उम्र में बेखौफ बल्लेबाजी और अद्भुत परिपक्वता से सबको हैरान कर दिया। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने अप्रैल 2025 में जयपुर में गुजरात टाइटंस के खिलाफ 35 गेंदों में 101 रनों की तूफानी पारी खेलकर सुर्खियां बटोरीं। उनकी इस पारी में 7 चौके और 11 छक्के शामिल थे। यह भारतीय खिलाड़ी द्वारा आईपीएल इतिहास का सबसे तेज शतक और कुल मिलाकर दूसरा सबसे तेज शतक था।

इस उपलब्धि ने उन्हें 14 साल और 32 दिन की उम्र में टी20 क्रिकेट में शतक बनाने वाला सबसे युवा पुरुष खिलाड़ी बना दिया। हालांकि राजस्थान रॉयल्स का सीजन निराशाजनक रहा, लेकिन वैभव की विस्फोटक बल्लेबाजी ने सभी का ध्यान खींचा। उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए उन्हें आईपीएल 2025 के फाइनल समारोह में 'सुपर स्ट्राइकर ऑफ द सीजन' पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

वैभव ने भविष्य की योजनाओं पर बात करते हुए कहा कि वह अपने पहले सीजन से सीख लेते हुए अपनी गलतियों को सुधारना चाहते हैं और 2026 के आईपीएल में और बेहतर प्रदर्शन करना चाहते हैं। आईपीएल की आधिकारिक वेबसाइट पर साझा किए गए एक वीडियो में वैभव ने कहा कि आईपीएल में खेलना हर किसी का सपना होता है। मुझे पहले सीजन से बहुत कुछ सकारात्मक मिला और मैंने यह भी सीखा कि अगले सीजन में टीम के लिए मैं क्या बेहतर कर सकता हूं। अगले साल मैं अपनी गलतियों पर काम करूंगा और टीम के लिए और बेहतर प्रदर्शन करूंगा। वैभव ने अपने पहले सीजन की समीक्षा करते हुए कहा कि मेरी सीख यह है कि मुझे इस बार से दोगुना बेहतर करना है ताकि अगले साल मेरी टीम फाइनल में खेले। मैं इस बात पर ध्यान दूंगा कि मैं अपनी टीम के लिए कितना योगदान दे सकता हूं। शानदार आईपीएल डेब्यू के बाद, वैभव को इंग्लैंड दौरे के लिए भारत की अंडर-19 टीम में चुना गया है, जिसकी कप्तानी आयुष माहात्रे करेंगे। वैभव ने कहा कि यह एक नया टूर्नामेंट है। मैं पहली बार यूके जा रहा हूं, यह एक नया अनुभव होगा। आयुष माहात्रे, जो इस बार चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेले, हमारे कप्तान हैं। तैयारी अच्छी चल रही है, और हम ट्रॉफी के साथ लौटने की कोशिश करेंगे। वैभव ने आईपीएल 2025 में 7 मैचों में एक अर्धशतक और एक शतक की मदद से 36 की औसत और 206.55 की स्ट्राइक रेट से 252 रन बनाए।



# ज्वेरेव को हराकर फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे जोकोविच

पेरिस। सर्बियाई टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच ने फ्रेंच ओपन में जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 4-6, 6-3, 6-2, 6-4 से हराकर रिकॉर्ड 51वें ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल में प्रवेश किया है। नोवाक जोकोविच ने जीत के बाद उत्साहित होकर कहा, दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक ज्वेरेव को सबसे बड़े मंच पर हराना वह चीज है, जिसके लिए मैं निश्चित रूप से मेहनत करता हूं और मैं अभी भी इस उम्र में रोजाना अभ्यास करता हूं। अब जोकोविच का मुकाबला सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त जैनिक सिनर से होगा। अगर जोकोविच जीत जाते हैं। वहीं दूसरे सेमीफाइनल में नंबर 2 सीड कार्लोस अल्काराज लोरेंजो मुसेट्टी को हरा देते हैं, तो ये एक ऐसा रिकार्ड बन सकता है, जो पहले कभी नहीं किया। एटीपी रैंकिंग के इतिहास में किसी भी व्यक्ति ने ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट जीतने के लिए शीर्ष 3 रैंक वाले खिलाड़ियों को नहीं हराया है। जोकोविच जिनेवा में अपना 100वां टूर-लेवल खिताब जीतने के बाद यहां पहुंचे हैं। सर्बियाई खिलाड़ी 2023 यूएस ओपन के बाद से अपने पहले बड़े खिताब की तलाश में हैं।

